CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :25°C
न्यूनतम : 11°C

मुजफ्फरनगर, मंगलवार 18 नवम्बर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 307 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 26 जमादिउल उला 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



पश्चिम बंगाल राजभवन में लाइव तलाशी अभियान का आदेश पेज 2




शुभमन गिल को मिली अस्पताल से छुट्टी खेल टाइम्स




जोहरान ममदानी से डा. उमर तक वैश्विक मुस्लिम के दो चेहरे सम्पादकीय



न्यूयॉर्क शहर के मेयर ममदानी और ट्रम्प की मुलाकात जल्द! पेज 12

# पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को फांसी की सजा

ढाका, वार्ता

**बांग्लादेशी कोर्ट ने छात्रों की हत्याओं का दोषी माना, बाकी मामलों में उम्रकैद की सजा सुनाई**

**भारत व बांग्लादेश के बीच प्रत्यर्पण संधि के मुताबिक भारत पूर्व पीएम को हमारे हवाले करे: मो.यूनुस**

**पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमान खान को भी हत्याओं का दोषी माना और फांसी की सजा सुनाई**



**बांग्लादेश की** पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को सोमवार को मौत की सजा सुनाई गई है। उन्हें ढाका की इंटरनेशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल (आईसीटी) ने हत्या के लिए उकसाने और हत्या का आदेश देने के लिए मौत की सजा दी।

बाकी मामलों में उन्हें उम्रकैद की सजा सुनाई। आईसीटी ने उन्हें 5 मामलों में आरोपी बनाया था। ट्रिब्यूनल ने शेख हसीना को जुलाई 2024 के छात्र आंदोलन के दौरान हुई हत्याओं का मास्टरमाइंड बताया। वहीं दूसरे आरोपी पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमान खान को भी हत्याओं का दोषी माना और फांसी की सजा सुनाई। सजा का ऐलान होते ही कोर्ट रूम में मौजूद लोगों ने तालियां बजाई। तीसरे आरोपी पूर्व आईजीपी अब्दुल्ला अल-ममून को 5 साल जेल की सजा सुनाई गई। ममून हिरासत में हैं और सरकारी गवाह बन चुके हैं। कोर्ट ने हसीना और असदुज्जमान कमाल की प्रॉपर्टी जब्त करने का आदेश दिया है। फैसले के बाद बांग्लादेश के अंतरिम पीएम मोहम्मद यूनुस ने भारत से हसीना को डिपॉर्ट करने की मांग की है। 5 अगस्त 2024 को तख्तापलट के बाद शेख हसीना और पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमान ने देश छोड़ दिया था। दोनों नेता पिछले 15 महीने से भारत में रह रहे हैं। बांग्लादेश के पीएम ऑफिस ने बयान जारी कर कहा कि भारत और बांग्लादेश के बीच जो प्रत्यर्पण संधि है, उसके मुताबिक यह भारत की जिम्मेदारी बनती है कि वह पूर्व बांग्लादेशी पीएम को हमारे हवाले करे। हसीना को मौत की सजा सुनाने वाले इंटरनेशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल की स्थापना उन्होंने ही की थी। इसे 2010 में बनाया गया था।

# दो पैन कार्ड मामले में आजम खां व बेटे अब्दुल्ला को सात साल की सजा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**एमपी-एमएलए कोर्ट ने दोनों को रामपुर की जेल में भेजा**



**रामपुर।** आजम खां और उनके बेटे अब्दुल्ला को एक और बड़ा झटका लग गया है, जिन्हें रामपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने 7 साल की कैद का फैसला सुनाया है। दोनों को न्यायिक हिरासत में लिया गया है।

सपा के पूर्व विधायक और मोहम्मद आजम खां के बेटे अब्दुल्ला आजम के दो पैन कार्ड मामले में अदालत ने सोमवार की दोपहर बाद अपना फैसला सुना दिया है। एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट ने आजम खां और अब्दुल्ला दोनों को दोषी करार देते हुए सात साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। कोर्ट का फैसला आते ही आजम खां-अब्दुल्ला को न्यायिक हिरासत में ले -**शेष पृष्ठ दो पर**

## संक्षिप्त समाचार

### मुंद्रा बंदरगाह पर पांच करोड़ मूल्य के पटाखे और अन्य सामान जब्त

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय के राजस्व खुफिया निदेशालय ने चीन से तस्करी के जरिये भारत लाए जा रहे 30 हजार पटाखों के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। निदेशालय ने पटाखों का अवैध आयात रोकने के लिए 'फायर ट्रेल' ऑपरेशन चलाया हुआ है। इसके साथ ही निदेशालय ने इस तरह के माल की तस्करी पर नजर रखने के लिए ऑपरेशन चलाया हुआ है, जिसके तहत चीनी पटाखों की तस्करी के एक और गंभीर प्रयास का भंडाफोड़ किया है। आधिकारिक सूचना के अनुसार ऑपरेशन के दौरान प्राधिकरण के अधिकारियों ने मुंद्रा बंदरगाह पर चीन से आ रहा एक 40 फीट लंबा कंटेनर पकड़ा है जिसके बारे में बताया गया है कि उसमें 'गिलास सेट और 'फूलदान' रखे थे, लेकिन जांच पड़ताल के दौरान गिलास के ऊपरी हिस्से के पीछे 30,000 पटाखे छिपा कर रखे गए थे। प्राधिकरण ने पिछले महीने भी मुंबई और तूतीकोरिन में चीनी पटाखों के अवैध आयात के प्रयासों को विफल कर दिया था।

### अनिल अंबानी दूसरी बार ईडी ऑफिस नहीं पहुंचे

**नई दिल्ली।** रिलायंस समूह के अध्यक्ष अनिल अंबानी सोमवार को दूसरी बार प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश नहीं हुए। विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) मामले में 14 नवम्बर को भी वे गवाही के लिए नहीं पहुंचे थे। तब उन्होंने कहा था कि वे वर्चुअल गवाही या रिकॉर्डेड वीडियो से गवाही देने के लिए तैयार हैं। हालांकि ईडी ने अंबानी का प्रस्ताव मंजूर नहीं किया है। यह स्पष्ट नहीं है कि एजेंसी अब तीसरा समन जारी करेगी या नहीं।

### साजिश के तहत हो रहा एसआईआर का काम : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चुनाव आयोग एक साजिश के तहत पूरे देश में मतदाता सूची पुनरीक्षण करवा रहे हैं और फिर इसे उपकरण की तरह इस्तेमाल कर इसके जरिए 'वोट चोरी' का काम करवाया जा रहा है। कांग्रेस ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया पेज एक्स पर एक पोस्ट में सोमवार को कहा कि चुनाव आयोग और प्रधानमंत्री एक साजिश के तहत पूरे देश में मतदाता सूची पुनरीक्षण का काम कराने में लगे हुए हैं।

# मदीना जा रहे 45 भारतीयों की मौत

**मृतकों में से 18 एक ही परिवार से, उमरा के लिए जाती बस के टैंकर से टकराने पर हुआ भीषण हादसा**

**मृतकों में 18 महिलाएं, 17 पुरुष और 10 बच्चे शामिल, हादसे में सिर्फ एक यात्री जिंदा बचा**

**भारतीय दूतावास ने हेल्पलाइन नंबर किया जारी, ओवैसी ने शवों को भारत लाने की अपील की**

रियाद, वार्ता





**सऊदी अरब** में सोमवार देर रात एक सड़क हादसे में 45 भारतीयों की मौत हो गई। मक्का से मदीना जाते समय इनकी बस डीजल टैंकर से टकरा गई और उसमें आग लग गई। मृतकों में 18 महिलाएं, 17 पुरुष और 10 बच्चे शामिल हैं।

हादसे में सिर्फ एक शख्स जिंदा बचा है। उसकी पहचान मोहम्मद अब्दुल शोएब (24 साल) के रूप में हुई है। शोएब ड्राइवर के पास बैठा था। हादसे के बाद उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया। एक सरकारी अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। मारे गए लोगों में से 18 एक ही परिवार के थे। इनमें 9 बच्चे और 9 बड़े शामिल थे। यह परिवार हैदराबाद का रहने वाला था और शनिवार को भारत लौटने वाला था। मृतकों में ज्यादातर हैदराबाद के बताए जा रहे हैं। हादसा मदीना से लगभग 25 किलोमीटर दूर मुहरास के पास भारतीय समयानुसार रात लगभग 1:30 बजे हुआ। उस समय कई यात्री सो रहे थे। उन्हें बचने का कोई मौका नहीं मिला। हैदराबाद पुलिस के मुताबिक 9 नवम्बर को 54 लोग हैदराबाद से सऊदी गए थे। वे 23 नवम्बर को वापस आने वाले थे। इनमें से 4 लोग रविवार को कार से अलग से -**शेष पृष्ठ दो पर**

### हादसे में मारे गए 12 लोगों की हुई पहचान

हादसे में मारे गए लोगों में से 12 भारतीय पीड़ितों की पहचान हो पाई है, उनमें अब्दुल मोहम्मद, मोहम्मद मौलाना, सोहेल मोहम्मद, मस्तान मोहम्मद, परवीन बेगम, जकिया बेगम, शौकत बेगम, फरहीन बेगम, जहीन बेगम, मोहम्मद मंजूर, मोहम्मद अली, गौसिया बेगम शामिल हैं। जेद्दा में भारतीय दूतावास ने हेल्पलाइन नम्बर जारी किया है। दूतावास ने कहा कि सऊदी अरब के मदीना के निकट भारतीय उमरा यात्रियों के साथ हुई दुखद बस दुर्घटना को देखते हुए जेद्दा स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास में कंट्रोल रूम बनाया, हेल्पलाइन का संपर्क विवरण 8002440003 है। घटना के बाद तेलंगाना सरकार ने सचिवालय में कंट्रोल रूम बनाया है, ताकि परिजन अपने परिजनों के बारे में जानकारी ले सकें। परिवारजन इन नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं- 79979-59754 और 99129-19545।

### पीएम मोदी ने दुर्घटना पर जताया दुख

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को सऊदी बस दुर्घटना पर दुख जताया। एक पोस्ट में मोदी ने कहा कि रियाद में वाणिज्य दूतावास हर संभव मदद दे रहे हैं। प्रधानमंत्री ने एक्स पर कहा कि मदीना में भारतीय नागरिकों के साथ हुई दुर्घटना से मुझे गहरा दुख हुआ है। मेरी संवेदनाएं उन परिवारों के साथ हैं, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। हमारे अधिकारी सऊदी अरब के अधिकारियों के साथ संपर्क में हैं। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सऊदी अरब में हुए हादसे पर दुख जताया।

# सेना प्रमुख की पाक को चेतावनी



**उपेन्द्र द्विवेदी ने कहा: सेना को पता है बैरंग चिट्ठी का जवाब किसे देना है**

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर में सेना ने केवल ट्रेलर दिखाया था और अगर पाकिस्तान आतंकवाद को बढ़ावा देना जारी रखता है, तो सेना ने उसे यह सिखाने के लिए पूरी तैयारी कर रखी है कि जिम्मेदार देश को अपने पड़ोसियों के साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए तथा सेना को यह भी पता है कि बैरंग चिट्ठी का जवाब किसे देना है।

जनरल द्विवेदी ने सोमवार को यहां चाणक्य रक्षा संवाद के उद्घाटन कार्यक्रम में सवालों के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर को केवल ट्रेलर करार देते हुए कहा कि यदि दोबारा कोई दुस्साहस किया जाता है, तो सेना इस बार पाकिस्तान को यह सबक सिखाने के लिए तैयार है कि पड़ोसी के साथ किस तरह का व्यवहार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं कहना चाहूंगा कि फिल्म शुरू भी नहीं हुई। सिर्फ ट्रेलर दिखाया गया। और ट्रेलर के बाद ट्रेलर 88 घंटों में खत्म हो गया। तो, भविष्य कैसा होगा? हम इसके लिए पूरी तरह तैयार हैं। और अगर कोई हमें पाकिस्तान में ऐसा मौका देता है, तो हम उसे पूरी शिक्षा देना चाहेंगे कि एक जिम्मेदार देश को अपने पड़ोसियों के साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए। सेना प्रमुख ने कहा कि आतंकवादी या उनके आका हमारे लिए एक समान हैं। उन्होंने कहा कि सेना अब बैरंग चिट्ठी का जवाब देने के लिए भी तैयार है। उन्होंने कहा कि जो कोई भी आतंकवाद को बढ़ावा देता है, हमें उसका जवाब देना चाहिए।

# दिल्ली ब्लास्ट: आमिर ने उमर को सुरक्षित ठिकाने दिए




**आईडी बनाने में मदद की, जूता बम इस्तेमाल का शक**

**जांच में खतरनाक टीएटीपी विस्फोटक मिला**

**नई दिल्ली।** दिल्ली ब्लास्ट के आतंकी डा. उमर के साथी आमिर राशिद अली ने ही उमर को सेफ हाउस (सुरक्षित ठिकाना) उपलब्ध कराया था। साथ ही आईडी बनाने में भी मदद की थी।

सोमवार को नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने स्पेशल एनआईए कोर्ट में आरोपी की कस्टडी पाने के लिए ये दलील दीं। रविवार को दिल्ली से गिरफ्तार आमिर को सोमवार को कोर्ट में पेश किया गया था। पूरी सुनवाई बंद कमरे में हुई। यहां केवल मामले से जुड़े अधिकारी और वकील मौजूद रहे। एनआईए ने लंबी हिरासत की डिमांड की थी। दिल्ली ब्लास्ट में उपयोग कार आमिर के ही नाम है। वहीं, इस ब्लास्ट में सुरक्षा एजेंसियों को शू बम (जूता बम) के इस्तेमाल का शक है। सूत्रों के मुताबिक जांच एजेंसियों को विस्फोट वाली कार से एक जूता मिला है। इसकी जांच में अमोनियम नाइट्रेट और टीएटीपी के ट्रेस मिले, जिन्हें शुरुआती सुराग माना जा रहा है। टीएटीपी एक बेहद खतरनाक और सेंसेटिव विस्फोटक माना जाता है, जिसे आतंकी अक्सर इस्तेमाल करते हैं। यह मामूली झटके, रगड़ या थोड़ी सी गर्मी से भी फट सकता है। इसी वजह से इसे आतंकी दुनिया में शैतान की मां कहा जाता है। कार चला रहा डा. उमर नबी एक आत्मघाती हमलावर (सुसाइड बॉम्बर) था। यह पहली बार है, जब किसी सुरक्षा एजेंसी ने ऑफिशियल तौर पर इसकी पुष्टि की है। इससे यह तय हो गया है कि ब्लास्ट सुसाइड अटैक ही था। 10 नवम्बर को दिल्ली धमाके में 13 लोगों की मौत हुई थी, 24 से ज्यादा लोग जख्मी हैं।

# अमेरिका ने भारत के चाय, काफी व मसालों से 50 प्रतिशत टैरिफ हटाया

**यूएस में खाने-पीने की चीजें महंगी होने से बैकफुट पर आए ट्रम्प**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अमेरिका ने भारत के काफी, चाय, मसाले, ट्रॉपिकल फ्रूट्स और फ्रूट जूस जैसे प्रोडक्ट्स पर लगे 50 प्रतिशत रेसिप्रोकेल टैरिफ को वापस ले लिया है। इससे करीब एक अरब डॉलर (9,000 करोड़) के कृषि निर्यात को बड़ी राहत मिलेगी।

ये छूट व्हाइट हाउस के एक्जीक्यूटिव ऑर्डर से जारी और लागू हो गई है। अमेरिका ने रूसी तेल खरीदने के कारण भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया था। अमेरिका में खाने-पीने की चीजों के दाम लगातार बढ़ने के कारण ट्रम्प प्रशासन बैकफुट पर आ गया। वर्ष 2025 में भारत का अमेरिका को एग्री एक्सपोर्ट 2.5 अरब डॉलर (22 हजार करोड रुपये) का था, जिसमें से 9 हजार करोड़ का एक्सपोर्ट अब टैक्स -फ्री हो गया है। ये जानकारी कामर्स मिनिस्ट्री ने दी है। डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ फारेन ट्रेड ने कहा कि इससे इंडियन एक्सपोर्टर्स को लेवल प्लेइंग फील्ड मिलेगी। भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील अब लगभग अंतिम चरण में है। भारत के वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने बताया कि अमेरिका की भारतीय बाजार में पहुंच की मांग, 25 प्रतिशत रेसिप्रोकल टैरिफ और कच्चे तेल पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत ड्यूटी जैसे मुद्दों पर सहमति लगभग बन चुकी है। उन्होंने कहा हम जल्द ही इसे फाइनल करेंगे। दोनों देशों के बीच ट्रेड डील पर इस साल फरवरी से बातचीत चल रही है। अमेरिका ने उन प्रोडक्ट्स पर टैरिफ हटाया है, जिनका प्रोडक्शन वहां कम है। कामर्स मिनिस्ट्री के मुताबिक, मसाले की एक्सपोर्ट वैल्यू 358.66 मिलियन डॉलर (करीब 3,200 करोड़) है, जो अब टैक्स-फ्री। इसी तरह, 50 प्रोसेस्ड फूड आइटम्स की 491.31 मिलियन डॉलर (करीब 4,345 करोड़) और चाय-काफी की 82.54 मिलियन डॉलर ( 731 करोड़) के एक्सपोर्ट को राहत मिली है। फ्रूट्स और नट्स के 48 प्रोडक्ट्स की 54.58 मिलियन डॉलर (484 करोड़), कुछ एसेंशियल आयल्स, 26 वेजिटेबल्स और खाने वाले जड़, साथ ही कुछ बीफ और बोवाइन प्रोडक्ट्स पर भी छूट मिली है।

# केरल में SIR पर तत्काल रोक की मांग पर सुप्रीम कोर्ट में याचिका

शाह टाइम्स ब्यूरो

**तर्क: यह प्रक्रिया राज्य में चल रही 'स्थानीय निकाय' चुनाव प्रक्रिया के समानांतर नहीं चल सकती**

**यह मनमाना, कानूनी रूप से अनुचित और अवास्तविक समय सीमा पर आधारित है**



**नई दिल्ली।** इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) ने केरल में चल रहे मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर तत्काल रोक लगाने की मांग करते हुए उच्चतम न्यायालय में एक रिट याचिका दायर की है।

याचिका में तर्क दिया गया है कि यह प्रक्रिया राज्य में चल रही 'स्थानीय निकाय' चुनाव प्रक्रिया के समानांतर नहीं चल सकती। याचिका में चुनाव आयोग (ईसी) द्वारा 27 अक्टूबर को जारी की गई अधिसूचना को चुनौती दी गई है, जिसने एसआईआर प्रक्रिया शुरू की थी। याचिका में तर्क दिया गया है कि यह मनमाना, कानूनी रूप से अनुचित और अवास्तविक समय सीमा पर आधारित है। यह याचिका आईयूएमएल महासचिव पीके कुन्हालीकुट्टी के माध्यम से दायर की गई है। वरिष्ठ अधिवक्ता हारिस बीरन द्वारा अधिवक्ता आर एस. जेना के माध्यम से दायर की गई इस याचिका का निपटारा किया गया है। याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि राज्य चुनाव आयोग ने पहले ही नौ और 11 दिसम्बर को दो चरणों में स्थानीय निकाय चुनावों की घोषणा कर दी थी, जबकि एसआईआर के तहत मसौदा रोल चार दिसम्बर को प्रकाशन के लिए निर्धारित था। याचिका के मुताबिक सक्रिय चुनावी गतिविधियों के दौरान एसआईआर का संचालन करना कथित रूप से स्थापित चुनावी प्रथा का उल्लंघन करता है। दलील में कहा गया है कि अधिनियम व्यक्तिगत निर्धारण के बिना वैध मतदाता सूची में प्रविष्टियों को बड़े पैमाने पर हटाने या बेअसर करने को अधिकृत नहीं करता है। आईयूएमएल के अनुसार एसआईआर प्रक्रिया से बड़े पैमाने पर मतदाताओं के नाम हट सकते हैं। आवेदन में कहा गया है कि कई बीएलओ सुबह सात बजे से रात आठ बजे तक काम करते हैं जिसमें सप्ताहांत भी शामिल हैं और उन्होंने शिकायत की है कि 30 दिन की समयसीमा के भीतर सत्यापन कार्य पूरा करना मानवीय रूप से असंभव है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रतिबंधित कफ सिरप मामले में 26 फर्मों के लाइसेंस निरस्त की तैयारी

**वाराणसी।** वाराणसी में इन दिनों कोडीन युक्त प्रतिबंधित सिरप के मामले को लेकर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीमें लगातार फर्मों के रिकॉर्ड खंगाल रही हैं। इस प्रकरण के मास्टरमाइंड प्रहलाद घाट निवासी शुभम जायसवाल की तलाश में पुलिस की टीम लगी हुई है। उसके पिता भोला प्रसाद समेत 28 लोगों पर कोतवाली में मुकदमा भी दर्ज किया गया है। अब प्रतिबंधित सिरप की खरीद-बिक्री के मामले में 26 फर्मों के लाइसेंस निरस्त करने की तैयारी चल रही है। औषधि निरीक्षक जुबान अली की तहरीर पर 28 लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है।

### लूडो बेटिंग के नाम पर लाखों की ठगी का पर्दाफाश

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश में आजमगढ़ की साइबर क्राइम पर नजर रखने वाली पुलिस टीम ने ऑनलाइन गेमिंग और लूडो बेटिंग के नाम पर लोगों को ठगने के आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से कई बैंकों की पासबुक, चेक बुक समेत कई उपकरण और मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस ने बताया कि साइबर अपराध नियंत्रण अभियान के क्रम में साइबर क्राइम थाना ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। प्रतिबिम्ब पोर्टल पर ऑनलाइन गेमिग और बेटिग के नाम पर ठगी की शिकायतें प्राप्त होने ही अपर पुलिस अधीक्षक (नोडल साइबर) विवेक त्रिपाठी एवं क्षेत्रधिकारी सदर/सहायक नोडल साइबर श्रीमती आस्था जायसवाल के पर्यवेक्षण में टीम ने जांच शुरू कर दी।

### पिछले 11 वर्षों में हुए देश के चहुंमुखी विकास की यात्रा जारी रहेगी

# लकीर के फकीर नहीं बन सकते: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ मुख्यमंत्री बोले पीएम मोदी ने देश के अंदर डिजिटल इंडिया मिशन को आगे बढ़ाया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि मौजूदा सरकार लकीर की फकीर नहीं बन सकती। पिछले 11 वर्षों में देश के चहुंमुखी विकास को दुनिया ने देखा है और यह विकास यात्र आगे भी जारी रहेगी। बाबू बनारसी दास विश्व. विद्यालय (बीबीडी) के दीक्षांत समारोह में छात्र छात्रओं को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि हम लकीर के फकीर नहीं बन सकते हैं।

आपने भारत की विकास यात्र को 11 वर्ष में देखा है और यह आगे भी जारी रहेगा। योगी ने कहा कि आज आप देखते होंगे कि स्पोर्ट्स लोगों के दिनचर्या का हिस्सा बनता जा रहा है, अखिलेश दास यूनियन कैबिनेट में जब थे, उस समय मुझे भी सांसद के रूप में देश की संसद में रहने का अवसर प्राप्त हुआ था। उन्होंने कहा कि हम लकीर के फकीर नहीं बन सकते है, आपने भारत की विकास यात्र को 11 वर्षों में देखा है, मोदी ने देश के अंदर डिजिटल इंडिया मिशन को आगे बढ़ाया।

योगी ने कहा कि अपने उन विभूतियों के प्रति जिनके नाम पर विश्वविद्यालय स्थापित है उनके प्रति कृतज्ञता और श्रद्धा का भाव हो। भारत की प्राचीन परपंरा में जब कोई स्नातक गुरुकुल से अपनी शिक्षा पूरी करके निकलता था, तो शिक्षक द्वारा सन्देश दिया जाता था कि ष्जीवन में सत्य बोलना और धर्म का आचरण करना। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के अंदर हमारी 56 फीसदी आबादी वर्कफोर्स है। प्रधानमंत्री ने 2020 में भारत को नेशनल एजुकेशन पालिसी दी। स्केल को स्किल से जोड़ने के लिए कारगर तरीके अपनाए गए। आपने देखा होगा रोबोटिक में भारत ने एक लंबी छलांग लगाई है। हमें भी प्रयास करने होंगे। सीवर के मैनहोल की सफाई करते हुए, जिसमें सफाईकर्मी अपना दम तोड़ देता है, हम तकनीक का उपयोग कर सकते है और मानव क्षति को कम कर सकते हैं।

### मां ने लगाई मासूम के जीवन की गुहार, योगी ने तत्काल कराई इलाज की व्यवस्था

**लखनऊ।** सोमवार की सुबह एक मां के जीवन में उम्मीद की किरण लेकर आया, जब वह 'जनता दर्शन' में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलीं। उन्होंने अपनी आर्थिक स्थिति का जिक्र करते हुए सात माह के मासूम की बीमारी के इलाज के लिए आर्थिक सहयोग का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने महिला की बात सुनी और तत्काल उन्हें एंबुलेंस से केजीएमयू भिजवाया। योगी के निर्देश पर हृदय संबंधी बीमारी से जूझ रहे बच्चे का इलाज शुरू हो गया। वहीं 'जनता दर्शन' में प्रदेश भर से 60 से अधिक फरियादी आए, मुख्यमंत्री ने सभी के पास पहुंचकर उनकी शिकायतें सुनीं और अधिकारियों को समय से निराकरण का निर्देश दिया। लखनऊ के राजेंद्र नगर, ऐशबाग की रहने वाली एक महिला सोमवार सुबह मुख्यमंत्री आवास में लगाए गए 'जनता दर्शन' में पहुंचीं। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बताया कि उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। वे किराए के मकान में रहकर अत्यंत सीमित संसाधन में जीवनयापन कर रही हैं। उनके सात माह के मासूम को हृदय से संबंधित बीमारी है। उसके इलाज के लिए आर्थिक सहायता कर दी जाए। मुख्यमंत्री ने उस बच्चे को दुलारा-पुचकारा और महिला को आश्वस्त किया कि आप बेफिक्र रहिए, सरकार मदद करेगी। इसके बाद मुख्यमंत्री ने उस बच्चे को तत्काल एंबुलेंस से केजीएमयू भिजवाया और वहां कुलपति को निर्देशित किया कि बच्चे के उपचार की तत्काल व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री के आदेश के उपरांत वहां मासूम का इलाज प्रारंभ हो गया है।

# शराब खरीद व्यवस्था को पारदर्शी बनाने की कवायद तेज

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ आबकारी एवं मद्यनिषेध राज्यमंत्री ने यूपी एक्साईज सिटिजेन एप का शुभारंभ किया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के आबकारी एवं मद्यनिषेध राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने सोमवार को गन्ना संस्थान स्थित सभागार में 'यूपी एक्साईज सिटिजेन एप' का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर अग्रवाल ने कहा कि आबकारी विभाग देशी शराब की दुकानों, कम्पोजिट दुकानों, माडल शॉप, प्रीमियम रिटेल वेन्ड्स एवं बार अनुज्ञापनों से मानक मदिरा/बीयर आदि की बिक्री कराए जाने हेतु दृसंकल्पित है। उन्होंने कहा कि इसी क्रम में मदिरा/बीयर उपभोक्ताओं के प्रति पूर्ण पारदर्शिता प्रदर्शित करते हुए सर्वसुलभ 'यूपी एक्साईज सिटिजेन एप' तैयार किया गया है। यह एप गूगल प्ले स्टोर एवं ऐप्पल एप स्टोर पर उपलब्ध है। एप को किसी भी नागरिक/उपभोक्ता द्वारा अपने मोबाइल पर डाउनलोड किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि एप के माध्यम से किसी भी मदिरा की दुकान से विक्रीत मदिरा की बोतल/एसेप्टिक ब्रिक पैक/कैन आदि पर चस्पा एक्साइज एढेसिव लेबिल पर छपे क्यूआर कोड को स्कैन कर संबंधित मदिरा की बोतल से संबंधित समस्त आवश्यक सूचनाएं देखी जा सकती हैं। बोतल के लेबिल पर छपे विवरणों तथा संबंधित फुटकर दुकान के विवरणों से इनका सत्यापन किया जा सकता है। आबकारी मंत्री ने कहा कि क्यूआर कोड स्कैन करते ही मोबाइल स्क्रीन पर ब्राण्ड का नाम व भरी हुई मदिरा की तीव्रता प्रदर्शित होने लगेगी, जिसमें बीयर, वाइन, एलएबी, व्हिस्की, वोदका, रम, जिन, देशी शराब, यूपीएमएल शामिल होंगी। उन्होंने कहा कि एप के माध्यम से पैकिंग टाइप (ग्लास बोतल/पेट बोतल/एसेप्टिक ब्रिक पैक) टेट्रा पैक)/कैन आदि को देखा जा सकता है।

# सौर ऊर्जा क्रांति की ओर यूपी, पीएम सूर्य घर योजना ने बदली तस्वीर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पिछड़े और ग्रामीण इलाकों में पीएम सूर्य घर योजना नई उम्मीद बनकर उभरी है। सौर ऊर्जा आधारित इस योजना ने किसानों, छोटे व्यापारियों और आम नागरिकों के जीवन में आर्थिक राहत पहुंचाई है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने इस योजना के क्रियान्वयन में तेजी दिखाई है और राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष प्रदर्शन करने वाले राज्यों में जगह बनाई है। अधिकृत आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में अब तक दो लाख 75 हजार 936 घरों पर रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं। इससे उपभोक्ताओं को मुफ्त बिजली का लाभ मिल रहा है और ऊर्जा निर्भरता में उल्लेखनीय कमी आई है। स्थापना के मामले में यूपी गुजरात और महाराष्ट्र के बाद तीसरे स्थान पर है, जबकि कुल आवेदनों में प्रदेश दूसरे स्थान पर है। इस योजना का सबसे बड़ा प्रभाव छोटे व्यवसायों पर दिखाई दे रहा है। बिजली कटौती से पहले जहां वेल्डिंग, आटा चक्की, किराना स्टोर, नाई की दुकान और मोबाइल रिपेयर जैसी इकाइयां प्रभावित होती थीं, वहीं अब सौर ऊर्जा से इनके संचालन में रुकावट नहीं होती। लगातार बिजली उपलब्ध होने से इन व्यवसायों की आय स्थिर हुई है और रोजगार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है।

# बिहार में राजग की बंपर जीत उप्र में मचाएगी हलचल

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ सबसे पहले प. बंगाल और तमिलनाडु के चुनावों में सुनाई देगी बिहार के नतीजों की गूंज

**लखनऊ।** बिहार विस चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की ऐतिहासिक जीत का राजनीतिक असर अब उत्तर प्रदेश में भी महसूस किया जाने लगा है। दोनों राज्यों की जातिगत संरचना में समानताओं के चलते यह जीत प्रदेश की राजनीति में नई हलचल पैदा कर सकती है।

भाजपा के एक पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बिहार में गैर-यादव पिछड़ों (ओबीसी), अति पिछड़ों के राजग के साथ एकजुट होने से उत्तर प्रदेश में भी गठबंधन के मनोबल को बढ़त मिलेगी। हालांकि उत्तर प्रदेश में चुनावी मुकाबला अभी डेढ़ वर्ष दूर है, लेकिन बिहार के नतीजों की गूंज सबसे पहले पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु के आगामी चुनावों में सुनाई देगी। बिहार के नतीजों पर पहली प्रतिक्रिया देते हुए सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने विपक्ष की हार के लिए मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को जिम्मेदार ठहराया था। उन्होंने दावा किया कि एसआईआर के जरिए सियासी साजिश की गई, लेकिन चेतावनी दी कि पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और यूपी में अब यह 'चाल' सफल नहीं होगी। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी पीपीटीवी मॉडल के जरिए भाजपा की 'साजिशों पर नजर रखेगी'। इस बीच राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि बिहार के नतीजों से यूपी की जमीन पर कोई बड़ा बदलाव भले न दिखे, पर भाजपा की उम्मीदें जरूर बढ़ी हैं। खासकर तब जब 2024 लोकसभा चुनाव में यूपी में भाजपा की सीटें 64 से घटकर 36 हुई थीं। कुछ विश्लेषक यह भी कहते हैं कि बिहार के नतीजे अखिलेश यादव को कांग्रेस के साथ गठबंधन पर पुनर्विचार करने के लिए मजबूर कर सकते हैं। राजनीतिक विशेषज्ञ के मुताबिक दोनों राज्यों में नेतृत्वकारी चेहरों बिहार के नीतीश कुमार और उत्तर प्रदेश के योगी आदित्यनाथ की लोकप्रियता राजग को मजबूत आधार देती है। नीतीश कुमार की 'सुशासन बाबू' छवि और महिलाओं में उनकी पकड़ को योगी आदित्यनाथ की सख्त कानून-व्यवस्था वाली छवि के समान माना जा रहा है। 2022 के यूपी चुनाव में भी योगी सरकार पर एंटी-इन्कम्बेंसी का असर नहीं दिखा था। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बिहार चुनाव ने यह भी संकेत दिया कि बेहतर तालमेल और गठबंधन की मजबूती भाजपा, जेडीयू, एलजेपी (राम विलास) और आरएलएम कैसे भारी बहुमत दिला सकती है। इसी तर्ज पर यूपी में राजग के घटक भाजपा, अपना दल (एस), रालोद, निषाद पार्टी और सुभासपा यदि 2027 में संयुक्त रणनीति के साथ उतरते हैं, तो इसका उन्हें भारी लाभ मिल सकता है। दूसरी ओर, विपक्षी खेमे में चिंता की लकीरें गहरी हैं। अगर अखिलेश यूपी चुनाव में कांग्रेस का साथ छोड़ते हैं, तो अल्पसंख्यक मतों में आंशिक बिखराव का खतरा पैदा होगा। हालाकि इसकी संभावना नहीं के बराबर है, क्योंकि उन्होंने कहा है कि वह कांग्रेस का साथ नहीं छोड़ेंगे। गौरतलब है कि 2024 लोकसभा चुनाव में इन्हीं गठबंधनों की वजह से यूपी में परिणाम उलटफेर वाले रहे जहां एनडीए 36 सीटों पर सिमट गया, वहीं इंडिया ब्लॉक 43 सीटों के साथ रिकॉर्ड बना गया। इसी जीत से विपक्ष को नया हौसला मिला है और वह 2027 के चुनाव को सीधी लड़ाई में तब्दील करने की रणनीति बना रहा है।



सेंसेक्स 84478.67
निफ्टी 25879.15



सोना रु. 127000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 159000
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में लगातार छठे दिन तेजी

मुंबई, वार्ता

घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को लगातार छठे दिन तेजी रही और प्रमुख सूचकांक दूसरे उच्चतम स्तर पर पहुंच गए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 388.17 अंक (0.46 प्रतिशत) की बढ़त से साथ 84,950.95 अंक पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 103.40 अंक यानी 26,013.45 अंक पर बंद हुआ। यह दोनों सूचकांकों का दूसरा उच्चतम स्तर है।



गत 29 अक्टूबर को सेंसेक्स 84,997.13 अंक और निफ्टी-50 सूचकांक 26,053.90 अंक के अब तक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ था। मजबूत निवेश धारणा के कारण शेयर बाजारों में आज शुरू से ही तेजी रही। मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली का जोर रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.84 फीसदी और स्मॉलकैप-100 सूचक.ांक 0.52 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। एनएसई में सभी सेक्टरों के सूचकांक हरे निशान में बंद हुए। बैंकिंग के साथ ऑटो, वित्त, रियलिटी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, तेल एवं गैस, आईटी और फार्मा समूहों के शेयरों में ज्यादा तेजी रही। एनएसई में कुल 3,253 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें 1,651 के शेयरों में मजबूती दर्ज की गई, जबकि 1,523 के शेयर लाल निशान में रहे। वहीं 79 अन्य कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित बंद हुए। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 20 के शयरों में तेजी और अन्य 10 में गिरावट देखी गई। इटरनल का शेयर सबसे अधिक 1.94 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। सबसे बड़ी यात्री वाहन निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी में 1.34 प्रतिशत, कोटक महिंद्रा बैंक में 1.26, महिद्रा एंड महिंद्रा में 1.11 और सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टेक महिंद्रा में 1.06 प्रतिशत की तेजी रही। टाइटन, एलएंडटी, एचडीएफसी बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, पावर ग्रिड, बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, भारती एयरटेल, सनफार्मा, भारतीय स्टेट बैंक और एक्सिस बैंक में भी उछाल देखा गया। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स का शेयर सबसे अधिक 4.83 प्रतिशत की गिरावट रही। अल्ट्राटेक सीमेंट, एशियन पेंट्स, बीईएल, टाटा स्टील, अडानी पोर्ट्स, आईटीसी और टीसीएस के शेयरों पर भी दबाव रहा। वैश्विक स्तर पर बाजारों में गिरावट देखी गई। हांगकांग का हैंगसेंग 0.71 फीसदी, चीन का शंघाई कंपोजिट 0.46 और जापान का निक्केई 0.10 प्रतिशत गिरकर बंद हुआ। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.36 फीसदी और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.05 प्रतिशत नीचे थे।

### कर संग्रह का लक्ष्य हासिल करने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के अध्यक्ष रवि अग्रवाल ने सोमवार को उम्मीद जताई कि मौजूदा वित्त वर्ष में प्रत्यक्ष कर संग्रह का लक्ष्य हासिल कर लिया जाएगा। अग्रवाल ने यहां भारत मंडपम में भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले के दौरान सीबीडीटी के करदाता अलाउंज का उद्घाटन करने के बाद संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि चालू वित्त वर्ष में 1 अप्रैल से 10 नवम्बर तक प्रत्यक्ष कर संग्रह में 6.99 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। हम लक्ष्य हासिल करने की दिशा में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिन करदाताओं और व्यक्तियों के लिए ऑडिट किया हुआ रिटर्न भरने की आवश्यकता है, उनके लिए अंतिम तिथि 10 दिसम्बर है। उम्मीद है कि इस तारीख तक स्थिति और स्पष्ट हो जाएगी और विभाग लक्ष्य हासिल करने में सफल रहेगा। आयकर रिफंड में हो रही देरी के बारे में पूछे जाने पर अग्रवाल ने कहा कि जैसे-जैसे प्रक्रिया आगे बढ़ रही है लोगों को उनका रिफंड दिया जा रहा है। सीबीडीटी का प्रयास है कि पहले ही सारी चीज स्पष्ट कर ली जाए।

# एयर इंडिया चीन के लिए एक फरवरी से शुरू करेगी उड़ान

**नई दिल्ली।** टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया अगले साल फरवरी से चीन के शंघाई के लिए उड़ान शुरू करेगी। एयर इंडिया ने सोमवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि वह 1 फरवरी 2026 से दिल्ली से शंघाई के लिए उड़ान शुरू करेगी। यह सेवा सप्ताह में चार दिन मंगलवार, गुरुवार, शुक्रवार और रविवार को उपलब्ध होगी। दिल्ली से विमान दोपहर 12 बजे उड़ान भरेगा और स्थानीय समय के अनुसार रात 8:20 बजे शंघाई पहुंचेगी।



वापसी की उड़ान शंघाई से रात 10 बजे (स्थानीय समय के अनुसार) उड़ान भरकर अगले दिन तड़के 3:15 बजे दिल्ली उतरेगी। इसके अलावा मुंबई और शंघाई के बीच भी अगले साल उड़ान शुरू करने की उसकी योजना है। हालांकि इसके लिए अभी नियामकीय मंजूरियों का इतंजार है। मार्च 2020 के बाद इस साल अक्टूबर में भारत और चीन के बीच सीधी उड़ानें शुरू हुई हैं। उस समय कोविड-19 के प्रसार को रोकने के लिए सरकार ने चीन से आने वाली और चीन को जाने वाली सभी उड़ानों पर रोक लगा दी थी। एयर इंडिया के नेटवर्क में शामिल होने वाला शंघाई 48वां अंतर्राष्ट्रीय शहर होगा। इस मार्ग पर एयरलाइंस बोइंग 787.8 विमान का संचालन करेगी। इसमें बिजनेस श्रेणी के 18 फ्लैट बेड और इकोनॉमी श्रेणी में 238 सीटें होंगी। एयर इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक कैम्पबेल विलसन ने कहा कि दिल्ली और शंघाई के बीच उड़ानें दो महान राष्ट्रों, पुरातन सभ्यताओं और आधुनिक अर्थव्यवस्था के केंद्रों के बीच सेतु का काम करेंगी।

### राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार विजेताओं को किया जाएगा सम्मानित

**नई दिल्ली।** मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रलय के अंतर्गत पशुपालन और डेयरी विभाग ने पशुधन और डेयरी क्षेत्र के सर्वोच्च सम्मान राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार (एनजीआरए) 2025 के विजेताओं की घोषणा यहां सोमवार को की।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**दो पैन कार्ड....**

लिया गया। फैसला आने के बाद कचहरी परिसर में कार्यकर्ताओं का जमावड़ा लग गया और आज़म खां को सजा सुनाए जाने के बाद उनके चेहरों पर मायूसी छा गई है। बताते चलें कि शहर विधायक आकाश सक्सेना ने मोहम्मद आजम खां और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम के खिलाफ़ फर्जी पैन कार्ड बनवाने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई थी। इस दौरान शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि मैं कुछ ज्यादा नहीं कहूंगा बस इतना ही कह सकता हूं कि आज़म खां को मिटाने के लिए पूरी ताक़त का इस्तेमाल किया जा रहा है और याद रहे ज़ुल्म फ़िर ज़ुल्म है बढ़ता है, तो मिट जाता है। फिलहाल दोनों को रामपुर की जेल में भेज दिया गया है।

**मदीना जा ....**

मदीना गए थे। वहीं 4 लोग मक्का में रुक गए थे। दुर्घटना वाली बस में 46 लोग सवार थे। हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने सऊदी अरब में भारतीय उमरा यात्रियों की बस दुर्घटना पर दुख जताया है। ओवैसी ने बताया कि उन्होंने हैदराबाद की दो ट्रैवल एजेंसियों से संपर्क किया है और यात्रियों की जानकारी रियाद स्थित भारतीय दूतावास के साथ साझा की है। उन्होंने रियाद में भारतीय दूतावास के डिप्टी चीफ ऑफ मिशन (डीसीएम) अबू मैथन जॉर्ज से भी बात की। जॉर्ज ने उन्हें बताया कि स्थानीय अधिकारियों से जानकारी जुटाई जा रही है और जल्द ही अपडेट दिया जाएगा। ओवैसी ने कहा कि मैं केंद्र सरकार से, खासकर विदेश मंत्री जयशंकर से अपील करता हूं कि शवों को जल्द ले जल्द भारत लाया जाए और घायलों को जरूरी चिकित्सा मुहैया कराई जाए। तेलंगाना सरकार ने कहा है कि वह रियाद में भारतीय दूतावास के संपर्क में है। राज्य सरकार की ओर से मारे गए लोगों को 5-5 लाख रुपये के मुआवजे का ऐलान किया गया है। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने दिल्ली में मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे दूतावास से नजदीकी तालमेल बनाकर पीड़ितों की पहचान और अन्य औपचारिकताओं में मदद करें।

# पश्चिम बंगाल राजभवन में लाइव तलाशी अभियान का आदेश

कोलकाता, वार्ता

■ यह कदम भाजपा द्वारा अपराधियों को हथियार बांटने के विस्फोटक आरोप के बाद उठाया

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने राज्य में सत्तारुढ़ तृणमूल कांग्रेस के आरोपों के बीच अपने बाहरी दौरे को बीच में ही छोड़कर सोमवार को यहां राजभवन आए और वह पूरे राजभवन परिसर में अभूतपूर्व संयुक्त तलाश अभियान का स्वयं नेतृत्व करेंगे।

राजभवन के आधिकारिक एक्स हैंडल पर की गई घोषणा के अनुसार राज्यपाल ने पूरे राजभवन भवन और उसके परिसर की कई सुरक्षा तथा आपातकालीन प्रतिक्रिया इकाइयों द्वारा गहन तलाशी लिए जाने के निर्देश दिए हैं। यह कदम तृणमूल कांग्रेस सांसद कल्याण बनर्जी की ओर से राजभवन पर 'भारतीय जनता पार्टी अपराधियों' को हथियार बांटने के विस्फोटक आरोप के बाद बढ़ते तनाव के बीच उठाया गया है। राजभवन की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि तलाश अभियान को सुगम बनाने के लिए आज राजभवन को पूरी तरह से खाली करा दिया जाएगा, जिसका सीधा प्रसारण किया जाएगा। मीडिया और नागरिक समाज के सदस्यों को भी परिसर में इस अभ्यास को देखने के लिए आमंत्रित किया गया है। राज्यपाल भवन की एक दुर्लभ, पूर्ण सुरक्षा जांच के रूप में वर्णित संयुक्त तलाशी अभियान, कोलकाता पुलिस, राजभवन पुलिस चौकी, सीआरपीएफ, बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड की टीमों द्वारा चलाया जाएगा, जबकि आपदा प्रबंधन तथा नागरिक सुरक्षा विभाग भी अग्निशमन अभ्यास करके इसमें भाग लेंगे। यह नाटकीय घटनाक्रम श्री बोस और श्री बनर्जी के बीच बढ़ते टकराव के बाद सामने आया है। दरअसल शनिवार को मतदाता सूची के चल रहे विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) के श्री बोस के बचाव पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बनर्जी ने आरोप लगाया कि राजभवन भाजपा के 'अपराधियों' को पनाह दे रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि वह (श्री बोस) अपराधियों को वहां रख रहे हैं, उन्हें बंदूकें और बम दे रहे हैं और उन्हें तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर हमला करने के लिए कह रहे हैं। बनर्जी ने राज्यपाल पर 'दिल्ली में अपने राजनीतिक आक.ाओं के गढ़े हुए भाषणों को दोहराने' का आरोप लगाते हुए चेतावनी दी कि जब भी राज्यपाल 'झूठे बयान' देंगे, तृणमूल कांग्रेस पूरे राज्य में उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराएगी। अपने आरोपों को दोहराते हुए उन्होंने कहा कि जब तक यह भाजपा का सेवक राज्यपाल बना रहेगा, पश्चिम बंगाल में कुछ भी अच्छा नहीं होगा।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त



प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# सोशल मीडिया पर छोड़ा दर्द, फिर मौत ने लिया जकड़

■ मरने से पहले वीडियो में अपना दर्द सुना गया वसीम शेख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** नई आबादी खतौली निवासी वसीम शेख की संदिग्ध मौत ने अब एक बड़ा मोड़ ले लिया है। मरने से ठीक पहले सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में वसीम ने अपनी पत्नी और ससुराल पक्ष पर मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना के गंभीर आरोप लगाए थे। परिजनों का कहना है 'हमारे बेटे की हत्या हुई है, उसे मरने पर मजबूर किया गया।

सूत्रों के मुताबिक, 21 अक्टूबर को दिल्ली के लोनी क्षेत्र से वसीम का शव बरामद हुआ था। करीब छह महीने पहले वसीम अपनी पत्नी के साथ अंकुर विहार, लोनी में रहने लगा था, जहां पारिवारिक कलह लगातार बढ़ता गया। परिजन कई बार यह शिकायत उठा चुके थे कि ससुराल पक्ष उसे प्रताड़ित करता है। घटना से तीन दिन पहले वसीम का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ, जिसमें वह कहता दिखा हमेरी पत्नी, सास और साले ने मुझे बहुत परेशान किया है अब और सहन नहीं होगा मेरे बच्चों को न्याय मिले। वीडियो सामने आते ही परिजनों ने यह सवाल उठाया कि वसीम ने आत्महत्या नहीं की, बल्कि यह एक सोची-समझी साजिश के तहत की गई हत्या है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं पुलिस अधिकारियों को ज्ञापन देकर कड़ी कार्रवाई की मांग की थी। मामला मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी दर्ज हुआ।लगातार दबाव के बाद लोनी थाना पुलिस ने वसीम की पत्नी सोनिया, सास रहीसा, साला शाहनवाज और साली बेबी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### पोस्टमार्टम के लिए आज कब्र से निकाला जाएगा वसीम का शव

मंगलवार को लोनी पुलिस टीम खतौली पहुंचकर शव को कब्र से निकाल पोस्टमार्टम कराएगी, ताकि मौत की असली वजह सामने आ सके। परिवार अभी भी सदमे में है और दोषियों को कठोर सजा दिलाने की मांग कर रहा है। उनका कहना था कि यह न आत्महत्या है न हादसा उसकी हत्या की गई है।

# सर्वखाप पंचायत में नई दिशा देने का लिया संकल्प

## महापंचायत में जम्मू कश्मीर के डिप्टी सीएम सुरेन्द्र सिंह, मंत्री कपिल देव, संजीव बालियान, भारतेन्दु हुए शमिल





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहपुर।** क्षेत्र के ऐतिहासिक गांव सोरम में आयोजित सर्व समाज सर्वखाप के सातवें सम्मेलन के दूसरे दिन सोमवार को जम्मू-कश्मीर के उपमुख्यमंत्री चौधरी सुरेंद्र सिंह हेलीकॉप्टर द्वारा सोरम पहुंचे। हेलीपैड पर भाकियू प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत तथा सर्वखाप मंत्री चौधरी सुभाष बालियान ने उन्हें शाल ओढ़ाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। हेलीपैड से उनका काफिला सीधे सर्वखाप मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक सोरम चौपाल पहुंचा, जहां पुलिस टीम ने डिप्टी सीएम को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। चौपाल भ्रमण के दौरान सोरम के बुजुर्ग चौधरी राजपाल सिंह ने उन्हें चौपाल के गौरवशाली इतिहास से अवगत कराया।

इसके बाद चौधरी सोहन्द्र सिंह के मकान पर ग्रामीण परंपरा के अनुसार डिप्टी सीएम ने हुक्का का घूंट मारकर उसे पिया। पंचायत स्थल पर मौजूद दर्जनों खाप चौधरीयों ने उन्हें पगड़ी बांधकर तथा चौपाल का चित्र भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही मंच पर मौजूद सभी खाप प्रतिनिधियों को भी पगड़ी और छायाचित्र देकर सम्मानित किया गया। पंजाब से पहुंचे खाप चौधरी ने अपनी परंपरा के अनुसार चौधरी राकेश टिकैत को तलवार भेंट कर सम्मानित किया। सभा को संबोधित करते हुए डिप्टी सीएम चौधरी सुरेंद्र सिंह ने कहा कि सर्वखाप सम्मेलन में आकर वे स्वयं को गौरवशाली और ऊर्जा से परिपूर्ण महसूस कर रहे हैं। उन्होंने टिकैत बंधुओं का आभार जताते हुए कहा कि सर्वखाप की एकता, इतिहास और सामाजिक मर्यादा पूरे देश के लिए प्रेरणा है। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री कपिल अग्रवाल को भी वैश्य समाज के



चौधरी के रूप में पगड़ी पहनाकर व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

पूर्व मंत्री योगराज सिंह और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान को भी मंच पर पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जय सिंह अहलावत, चौधरी राजपाल सिंह काद्यान, चौधरी युद्धवीर सिंह, चौधरी भूप सिंह दलाल, चौधरी भुंडू चार, चौधरी कपूर सिंह, चौधरी सुरेंद्र गुर्जर, अतुल प्रधान सहित अनेक खाप चौधरीयों और सामाजिक नेताओं ने सभा को संबोधित किया। सोमवार को पंचायत स्थल पर हजारों की भीड़ उमड़ी रही। सोरम सहित दर्जनों गांवों के भंडारों में खीर, रसगुल्ला, जलेबी समेत अनेक व्यंजनों के स्टॉल लगाए गए, जिनका लोगों ने भरपूर आनंद लिया। वहीं, खुफिया विभाग व पुलिस बल ने सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद बनाए रखा।

### मंसूरपुर हादसे में दो लोगों की मौत

**मुजफ्फरनगर।** मंसूरपुर थाना क्षेत्र में अलग-अलग दुर्घटनाओं में दो लोगों की जान चली गई। एक घटना में जडौदा के किसान का बेटा ट्रैक्टर से उछलकर नीचे गिरा जहां पहिया चढ जाने से उसकीमौत हो गई। वहीं दूसरी और मंसूरपुर के मिल कॉलौनी के युवक को कार ने कुचल दिया जिससे उसकी जान चली गई। घटना के बाद मृतक के परिजनो में कोहराम मच गया। पुलिस ने दोनो के शव को पीएम के लिए भेज दिया।

मंसूरपुर थाना क्षेत्र के निवासी 25 वर्षीय अमित कुमार पुत्र विजय रविवार की रात गांव के ही एक किसान की ट्रैक्टर पर बैठकर अपने घर जा रहा था जैसे ही वह गांव के मार्ग परपहुंचा तो अचानक ट्रैक्टर का पहिया गड्डे में घिरा और अमित उछलकर नीचे गिर गया। जिससे ट्रैक्टर का पहिया उसके ऊपर चढ़ गया और वह गंभीर रूप से घयल कर दिया। घायल को स्थानीय अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया। अमित दो भाई थे और वह अविवाहिता था जिसके चलते पूरे परिवार में कोहराम मचा हुआ है। वहीं दूसरी और मसूंरपुर क्षेत्र की मिल कॉलौनी निवासी 26 वर्षीय ललित कुमार पुत्र तिरथ पाल बीती रात किसी काम से मुख्य मार्ग पर आया था।

इसी बीच अचानक तेज गति से आई कार ने उसको कुचल डाला जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की छानबीन की। तिरथ पाल की मौत के बाद परिवार में शोक छा गया है।

# सड़क हादसे में घायल बाइक सवार की हालत चिंताजनक

■ भोकरहेडी बसेडा मार्ग पर हुई दुर्घटना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** रविवार की देर शाम भोकरहेडी-बसेड़ा मार्ग पर ट्रक व छोटा हाथी वाहन की भिड़ंत हो गयी थी जिसमे छोटा हाथी चालक की मौत हो गयी थी। वहीं अचानक चपेट मे आकर बाईक सवार बीरसैन गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसका उपचार मेरठ सुभारती मेडिकल कॉलेज में चल रहा है जहां उसकी हालत चिंताजनक बताई गयी है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव रहमतपुर निवासी बीरसैन बस चालक है। रविवार की शाम वह मोरना के पास बस ड्यूटी करने के उपरांत बाईक द्वारा गांव गांव लौट रहा था। की जैसे ही वह भोकरहेड़ी-बसेड़ा मार्ग पर पहुंचा वैसे ही उसके सामने ट्रक छोटा हाथी व ट्रक की आमने सामने की भिड़ंत हो गयी। जहां तेज़ टककर से छोटा हाथी चालक की मौके पर ही मौत हो गयी थी। जिसके शव को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया था मृतक की पहचान राजीव पुत्र जतन निवासी खेड़ाजट थाना मंगलोर जिला हरिद्वार के रूप मे हुई थी। वहीं चपेट मे आकर बीरसैन भी गंभीर से घायल हो गया था।प्राप्त जानकारी के अनुसार बीरसैन को मेरठ सुभारती मेडिकल में रैफर कर दिया गया था जहां उसकी हालत चिंता जनक बताई गयी है।

# मुठभेड़ में घायल चोर व तीन साथी गिरफ्तार

■ सोने चांदी के जेवर व एक लाख से अधिक की नगदी बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** बुढ़ाना पुलिस ने तीन घरों में चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए मुठभेड के दौरान एक घायल बदमाश और उसके तीन साथियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर चोरी किया गया सामान और घटना में प्रयुक्त हथियार भी बरामद करने का दावा किया है। पुलिस लाइन के सभागार कक्ष में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान एसपी देहात आदित्य बंसल और सीओ बुढ़ाना ने संयुक्त रूप से पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि 24 अक्टूबर को



विक्की उर्फ विक्रम कुमार पुत्र करन निवासी कुरर्थल थाना बुढ़ाना ने पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था कि बदमाशों ने उसके घर में चोरी की वारदात कर पडौसी के घर में भी चोरी की घटना की है। पुलिस ने इस मामले का मुकदमा दर्ज कर लिया था। उन्होने पत्रकारों को यह भी जानकारी दी कि बुढ़ाना पुलिस ने सूचना के आधार पर जंगल स्थित हुसैनाबाद बनवाडा मार्ग पर पुलिस ने चार संदिग्ध व्यक्तियों को रोका इस बीच पुलिस व बदमाशों के बीच मुठभेड शुरू हो गई। उन्होने जानकारी दी कि पुलिस की गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया जबकि पुलिस किसी तरह बच गई। पुलिस ने एक घायल बदमाश व उसके तीन साथियों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से सोने चांदी के जेवर, एक लाख से अधिक की नगदी व अवैध असलाह भी बरामद किया। पकडे गए बदमाशों के नाम एसपी देहात ने बताया कि मुनीत व विनेश पुत्रगण राजेश निवासी भोकरहेडी, चुटकी उर्फ छुटकी पुत्र बालेन्द्र निवासी योगेन्द्र नगर व रितिक पुत्र मंगेशपाल उर्फ मांगेशा उर्फ गंडासा निवासी छछरौली थाना भोपा है।

# बाला साहेब के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** हिंदू हृदय सम्राट शिवसेना प्रमुख स्वर्गीय बालासाहेब ठाकरे की 13वीं पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए, इस अवसर पर शिवसेना के वेस्ट यूपी प्रमुख ललित मोहन शर्मा ने पिछले काफ़ी समय से प्रदेश शिवसेना के उपप्रमुख पद पर रहे प्रमोद अग्रवाल की पश्चिम प्रदेश कार्यकारिणी मे उप प्रमुख पद पर घोषणा की, आज क्रांतिसेना/शिवसेना कार्यालय पर पार्टी पदाधिकारीयों ने शिवसेना के स्वर्गीय प्रमुख आदरणीय बालासाहेब ठाकरे के विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदुत्व के महानायक बालासाहेब ठाकरे ने आजीवन हिंदुत्व की मजबूती के लिए जो प्रयास किये थे।

आज भी उनकी विचारधारा पर देश भर के करोडो नौजवान उनकी



नीतियों का अनुसरण कर रहे हैं उन्होंने कहा के बाला साहब ठाकरे एकमात्र ऐसे व्यक्ति थे जिन्होंने हिंदुत्व की एकता और मजबूती के लिए सत्ता से अलग हटकर शिवसेना को एक पहचान दी उन्होंने अपने सभी शिव सैनिकों को सामाजिक कार्यों मे 80 फ़ीसदी और और राजनीतिक कार्यों में 20 फ़ीसदी के अनुपात में कार्य करने के निर्देश दिए थे। आज भी शिव सैनिक उनकी नीतियों पर चलकर जनता के हितो और उनके अधिकारों के लिए आवाज उठाते हैं।

# नक्शा 23 को लेकर किसानों ने सौंपा ज्ञापन

■ चकबंदी विभाग पर लगाए गंभीर आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** चकबंदी विभाग चरथावल द्वारा जारी किएगए नक्शा 23 में कथित रूप से गडबड और किसानों की आपत्तियां को नजर अंदाज करने को लेकर आक्रोशित किसानों ने किसान मजदूर संगठन के नेतृत्व में कचहरी परिसर स्थित कलेक्ट्रेट में धरना दिया। किसानों ने विभाग पर गम्भीर आरोप लगाए उन्होने कहा कि संबंधित विभाग ने गलत नक्शा जारी किया है। और अब विभाग झूठे आश्वासन दे रहा है।

युवा जिलाध्यक्ष बिल्लू राणा के नेतृत्व में किसानों ने कचहरी परिसर स्थित कलेक्ट्रेट में धरना देते हुए जिलाधिकारी के नाम एक ज्ञापन दिया है। उन्होने कहा कि आठ नवंबर को एक ज्ञापन दिया गया था ज्ञापन के बाद एसओसी चकबंदी ने दो दिन में समाधान करने का आवश्वासन दिया था इसके बाद किसानों को भरोसाथा कि उन्हे न्याय मिलेगा, लेकिन बारह नवंबर को एसओसी, बीडीसी व सीओ चकबंदी से उन्होने मुलाकात की।जिसमें दो दिन का समय मांगा गया, लेकिन किसानों ने दो दिन के बजाए संबंधित विभाग के अधिकारियोंको चार दिन का समय दिया था, लेकिन इसके बाद भी विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई। धरने पर बैठे किसानों ने बताया कि 25 अक्टूबर 2025 को वितरित किए गए नक्शा 23 में रकबेमें कमी गलत कीमत और कई अन्य कमियों को लेकर बड़ी संख्या में आपत्तियां दर्ज की थी, लेकिन चकबंदी विभाग ने उन कमियों को दूर किए बिना ही नक्शा वितरित कर दिया। दिए गए ज्ञापन में विभाग पर कई अन्य गंभीर आरोप भी लगाए गए। उन्होने कहा कि कुछ किसानो से मिलीभगत कर उनके नक्शे ठीक कर दिए गए, जबकि 90 प्रतिशत किसान अभी भी परेशान है। धरने पर बैठे ग्रामीणो ने इस मामले में जांच की मांग की है और मोजूदा नक्शा 23 को निरस्त करने की भी मांग की, कहा गया कि नया नक्शा जारी किया जाए।

इस दौरान ग्रामीणों ने उक्त ज्ञापन की प्रतिलिपि पीएम और केन्द्रीय कृषि मंत्री और चकबंदी विभाग को भेजी है।



मुजफ्फरनगर: कलेक्ट्रेट परिसर में अपनी मांगों को लेकर धरना देते किसान।

# मजदूर के बेटे ने क्षेत्रीय पटवारी पर लगाए आरोप

■ वायरल वीडियो में सीएम से लगाई न्याय गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बघरा।** तितावी क्षेत्र के गांव खेडी दूधाहेडी के ग्रामीण कमल प्रजापति ने क्षेत्रीय पटवारी लेखपाल पर गंभीर आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री को एक पत्र लिखा है। इस संबंध में एक वीडियो भी वायरल हो रही है। जिसमें पीड़ित मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार लगा रहा है। वीडियो वायरल में कमल प्रजापति का आरोपहै कि लेखपाल पटवारी बंसल कुमार ने उसके बिना किसी नोटिस व चेतावनी के व्हाट्सएप कॉल के माध्यम से बीस हजार रूपये की रिश्वत मांगी है। कमल का आरोप है कि रिश्वत न देने पर उसको बुल्डोजर चलाने की भी चेतावनी दी है। पीड़ित का आरोप है कि वह पैसे देने की स्थिति में नहीं है और ऐसे में प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा व्हाट्सएप कॉल पर पैसे मांगना ठीक नहीं है। कमल प्रजापति ने कहा कि इस मामले में प्रशासनिक अधिकारी लेखपाल की जांच करे और इस संबंध में उसके खिलाफ कार्यवाही भी की जाए। शिकायत कर्ता ने अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है।

## छात्र उज्जवल राणा आत्महत्या प्रकरण

# एसएफआई ने यूनिवर्सिटी कुलपति को भेजा पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने मां शाकुंभरी बिव. विद्यालय सहारनपुर के कुलपति को छात्र उज्जवल राणा आत्महत्या प्रकरण के मद्देनजर आज सोमवार के दिन 05 सुत्रीय मांगों का एक पत्र भेजा। जिसमें लिखा गया है कि बीती 08 नवम्बर को छात्र उज्जवल राणा ने आत्मदाह किया था। एग्जाम फॉर्म की फ़ीस को लेकर उठे मामूली विवाद को सुलझाने की जगह डीएवी डिग्री कॉलेज बुढ़ाना प्रशासन द्वारा छात्र उज्जवल राणा को लगातार प्रताडित किया गया और उसकी जान ले ली गयी। यह केवल आत्मदाह नही अपितु कॉलेज प्रशासन द्वारा सुनियोजित हत्या का प्रकरण है। जिसमें बुढ़ाना पुलिस द्वारा कडी कार्यवाही के चलते आरोपी प्राचार्य प्रदीप कुमार व पीटीआई संजीव कुमार गिरफ़्तार कर लिये गये। इस मामले में छात्र संगठन स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ़ इंडिया का एक डेलिगेशन बुढ़ाना आया। जो छात्र उज्जवल राणा के परिवार से मिला और डीएवी डिग्री कॉलेज बुढ़ाना का निरीक्षण भी किया।

अब पीड़ित परिवार और स्थानीय लोगों की मां शाकुम्भरी विश्वविघ्यालय सहारनपुर से इस मामले में कुछ अपेक्षाएं हैं। जिन्हें हम आपके सामने रख रहे हैं। दिवंगत छात्र उज्जवल राणा की स्मृति में बिव. विघ्यालय परिसर में प्रशासन द्वारा श्रद्धांजलि सभा आयोजित करते हुए एक स्मारक स्थापित किया जाए। जिससे उज्जवल को हमेशा याद किया जा सके एवं छात्र अपने अधिकारों के प्रति सजग व प्रेरित हों। एग्जाम व प्रैक्टिकल फीस के नाम पर विभिन्न कॉलेज प्रशासनों के द्वारा अवैध रुप से फीस वसूली की विश्व विद्यालय प्रशासन द्वारा निष्पक्ष जांच हो और अवैध फीस वसूली को तुरंत रोका जाए। फ़ीस की कमी की वजह से किसी भी छात्र को एग्जाम देने से ना रोका जाए। ऐसे सभी मामलों में कॉलेज और विश्व विद्यालय प्रशासन छात्रों के प्रति संवेदनशीलता से काम ले और फ़ीस माफ करने, स्कॉलरशिप आने पर फीस लेने या आसान किश्तों में फ़ीस जमा करने जैसे विकल्पों को छात्रों से संवाद करते हुए उनकी परिस्थिति अनुसार ही लागू करें। स्थानीय लोगों से बात करके यह भी पता चला है कि डीएवी डिग्री कॉलेज बुढ़ाना अवैध ज़मीन पर बना हुआ है। कॉलेज के प्राचार्य पिस्टल टांगकर घूमते हैं और कॉलेज स्थानीय शिक्षा माफिया के संरक्षण में चल रहा है।

शिक्षा का मंदिर अवैध गति. विधियों व आपराधिक व्यक्तियों का अढा बना हुआ है। हमारे द्वारा प्राप्त दस्तावेज़ो से ये भी पता चला है कि इस संदर्भ में बीते 19 सितम्बर को बिवविद्यालय प्रशासन को एक विस्तृत शिकायत दी गई थी। अगर उस पर तत्काल कार्यवाही की गई होती तो शायद छात्र उज्जवल राणा आज हमारे बीच में ही होता। हम विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग करते हैं कि इस संदर्भ में बिना किसी विलम्ब के कार्यवाही करते हुए डीएवी डिग्री कॉलेज बुढ़ाना की मान्यता रद्द करें एवं ऐसे अवैध रूप से चल रहे सभी शिक्षण संस्थानों की जांच करते हुए उचित कार्यवाही करें। एसएफआई के डेलिगेशन ने पाया कि डीएवी डिग्री कॉलेज बुढ़ाना के मुख्य गेट पर ताला लगा हुआ है और कॉलेज प्रशासन फ़रार है। जिसमें पीटीआई व प्राचार्य को ही बुढ़ाना पुलिस ने गिरफ़्तार किया है। ऐसी परिस्थिति में शिक्षण कार्य पूरी तरह से ठप्प है और छात्रों एवं शिक्षकों का लगातार नुकसान हो रहा है। इसलिए डीएवी डिग्री कॉलेज बुढ़ाना के छात्रों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों का निकटतम कॉलेज में अतिशीघ्र स्थानांतरण करें ताकि शिक्षण कार्य में कोई भी बाधा ना आए। इस गंभीर विषय पर तत्काल ध्यान देकर उचित कार्यवाही अमल में लाएं।



मुजफ्फरनगर: रेशू चौक पर धरना देते जय समता पार्टी को समझाती पुलिस।

# 10 हजार के कर्ज पर पिस्तौल की नोक पर लाखों की जमीन हड़पी

## सूदखोरों से जरूरत मंद त्रस्त चक्रवृद्धि ब्याज की हो रही है वसूली, बिना लाइसेंस के चल रहा ब्याज का कारोबार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** आर्थिक तंगी में लोगों को कर्ज देकर चक्रवृद्धि ब्याज के जाल में फंसाने वाले सूदखोरों का आतंक क्षेत्र में लगातार बढ़ता जा रहा है। हालात ये हैं कि गरीब मजदूर और नौकरीपेशा लोग अपनी जमीन-जायदाद गंवाकर भी कर्ज से मुक्त नहीं हो पा रहे। बिना लाइसेंस के खुलेआम चल रहे इस अवैध धंधे ने कई परिवारों का चौन-सुकून छीन लिया है।

ब्याज न देने पर धमकी, मारपीट और संपत्ति पर कब्जा जैसे मामलों की बाढ़ आ चुकी है। ऐसा ही एक सनसनीखेज मामला कोतवाली क्षेत्र के गांव दाहोड़ में सामने आया है। यहां के विकलांग युवक सोनू चौहान पुत्र कृष्णपाल ने पुलिस से लेकर मुख्यमंत्री तक न्याय की गुहार लगाई है।

### पिस्तौल दिखाकर दुकान का कराया बैनामा-पीड़ित का आरोप

सोनू के मुताबिक, उसने किसी जरूरी काम के लिए गांव के ही एक सूदखोर से 10 हजार रुपये उधार लिए थे। ब्याज के नाम पर सूदखोर ने पहले ही 2 हजार रुपये काट लिए। इसके बाद सोनू कुल 20,500 रुपये वापस कर चुका है। फिर भी सूदखोर लगातार अतिरिक्त ब्याज मांगते हुए प्रताड़ना करता रहा। आरोप है कि कुछ दिन पहले सूदखोर ने साथियों के साथ उसे पिस्तौल की नोक पर धमकाते हुए तहसील ले जाकर उसकी जमीन पर बनी दुकान का जबरन बैनामा अपने नाम करा लिया। पीड़ित के अनुसार दुकान और जमीन की कीमत करीब ढाई लाख रुपये है, जबकि सूदखोर ने एक लाख रुपये का चेक तो बनाया, पर उसे भी अपने पास रख लिया। उल्टा सोनू को धमकी दी ''पहले पूरा ब्याज चुका, तभी चेक मिलेगा।'

### आर्थिक रूप से टूट चुका है पीड़ित

विकलांग सोनू का कहना है कि अब उसके पास न दुकान बची, न कमाई का कोई साधन। परिवार का भरण-पोषण तक मुश्किल हो गया है। न्याय की आस में वह दर-दर भटकने को मजबूर है।

### मुख्यमंत्री को पत्र भेजने पर प्रशासन में हलचल

पीड़ित ने सोमवार को जिला प्रशासन के साथ-साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी शिकायती पत्र भेजा है। पत्र भेजे जाने के बाद स्थानीय अधिकारियों में हड़कंप मचा है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# चरथावल में लावारिस हालत में मिला दो वर्षीय मासूम बच्चा

**चरथावल।** कस्बे में एक दो वर्षीय मासूम बच्चा रोता हुआ लावारिस हालत में मिला। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बच्चे के परिजनों को दो घंटे के भीतर ढूंढ निकाला और बच्चे को उनके सुपुर्द कर दिया। यह घटना दोपहर लगभग बारह बजे चरथावल कस्बे में हुई, जब एक रोता हुआ बच्चा लावारिस हालत में पाया गया। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और बच्चे को थाने ले आई। चरथावल थाना प्रभारी निरीक्षक सत्यनारायण दहिया के नेतृत्व में उपनिरीक्षक डोली यादव, उपनिरीक्षक राजेश शर्मा, इंचार्ज तेजवीर सिंह और होमगार्ड पीसी फिरदौस राणा की टीम ने बच्चे के परिजनों की तलाश शुरू की। पुलिस ने कई स्थानों पर लोगों को जानकारी दी और धार्मिक स्थलों से भी घोषणाएं कराईं।दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद, दोपहर दो बजे तक पुलिस ने बच्चे के परिजनों का पता लगा लिया। बच्चे की पहचान आरिस पुत्र फरमान के रूप में हुई। उसकी मां उमा बच्चे को लेने थाने पहुंचीं।हुमा ने पुलिस को बताया कि उनका बच्चा खेलते समय अचानक लापता हो गया था और वह तब से ही उसे ढूंढ रही थीं। उन्होंने पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई के लिए आभार व्यक्त किया। बच्चे के पिता फरमान काम के सिलसिले में बाहर गए हुए थे।

# दहेज के लिए विवाहिता पर अत्याचार, बच्ची को छीन कर घर से निकाला

## रतनपुरी पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** थाना रतनपुरी क्षेत्र की रहने वाली रितु ने दहेज प्रताड़ना का गंभीर आरोप लगाते हुए अपने पति और ससुराल पक्ष के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने मामले में छह नामजद आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रितु ने बताया कि उसकी शादी करीब दो वर्ष पूर्व गौरव पुत्र रमेश, निवासी रछौती गढ़ रोड, थाना मंडाली जनपद मेरठ के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी।

शादी में उसके परिवार ने लगभग आठ लाख रुपये खर्च किए थे। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही पति गौरव, ससुर रमेश, सास कांता, ननद भिक्को पत्नी राजपाल, देवर सौरभ और राजन दहेज में और अधिक सामान की मांग करने लगे। वह लोग दो लाख रुपये और एक बुलेट मोटरसाइकिल की जिद करते थे। बरितु के मुताबिक, जब उसने अतिरिक्त दहेज देने में असमर्थता जताई तो उसके साथ मारपीट, गाली-गलौज और मानसिक यातनाओं का दौर शुरू हो गया। इस बीच रितु ने एक बच्ची को जन्म दिया, जिसका नाम काव्या है। बच्ची होने पर ससुराल वालों का व्यवहार और अधिक कठोर हो गया तथा उसे ताने दिए जाने लगे। पीड़िता ने बताया कि 27 अक्टूबर को सभी आरोपियों ने मिलकर उसे कमरे में धक्का-मुक्की कर बेरहमी से पीटा और घर से बाहर निकाल दिया।

इतना ही नहीं, उन्होंने उसकी मासूम बच्ची को भी उससे छीन लिया और धमकी दी कि अतिरिक्त दहेज लेकर ही घर में कदम रखना, अन्यथा वापस मत आना।

रितु जैसे-तैसे अपने मायके पहुंची और परिजनों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद उसने थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस के अनुसार, विवाहिता की तहरीर के आधार पर दहेज उत्पीड़न एवं अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स में वॉलीबॉल प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर द्वारा दिनांक 17 व 18 नवम्बर 2025 को अन्तरमहाविद्यालय वॉलीबॉल (पुरूष व महिला) प्रतियोगिता का आयोजन एस.डी. कॉलेज ऑफ कॉमर्स, मुजफ्फरनगर में किया जा रहा है। प्रतियोगिता का शुभारम्भ विश्वविद्यालय पर्यवेक्षक डा. रीता बोहरा, प्राचार्य डा. सचिन गोयल, डीन डा. नवनीत वर्मा व स्पोर्ट ऑफिसर अंकित धामा ने सरस्वती मां के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। यह आयोजन दो दिन तक चलेगा जिसका समापन 18 नवम्बर 2025 को होगा। नॉक आउट मुक.ाबले का पुरूष वर्ग का प्रथम मैच एस.डी. कॉलेज ऑफ कॉमर्स मुजफ्फरनगर व गोचर महाविद्यालय



रामपुर मनिहारन, सहारनपुर के मध्यम हुआ जिसे एस.डी. कॉलेज ऑफ कॉमर्स मुजफ्फरनगर ने 21-. 8, 21-15 से जीता। द्वितीय मैच एस.डी. कॉलेज ऑफ लॉ मुजफ्फरनगर व आई आई एम टी कॉलेज कोटा, सहारनपुर के मध्यम हुआ जिसे आई आई एम टी कॉलेज कोटा, सहारनपुर ने 14-21, 17-21 से जीता। लीग प्रतियोगता का पहला मुकाबला पुरूष वर्ग का प्रथम मैच राम कॉलेज मुजफ्फरनगर व एस. डी. कॉलेज, मुजफ्फरनगर के मध्य हुआ जिसे राम कॉलेज मुजफ्फरनगर ने 26-24, 25-18 व 25-19 से जीता।

प्राचार्य डा. सचिन गोयल जी ने कहा कि इस आयोजन कराना महाविद्यालय ही नहीं अपितु जनपद के लिए गर्व की बात है महाविद्यालय पूर्व से ही इस प्रकार के बडे आयोजन आयोजित करता रहा है तत्पश्चात उन्होने सभी जनपदों से आये शिक्षकों व प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता का संचालन अंकित धामा ने किया व प्रतियोगिता में समस्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों आदि ने सहयोग किया एवं सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

# बिना नम्बर प्लेट के सड़क पर दौड़ रहे वाहन

**सादिक त्यागी**

**चरथावल।** क्षेत्र में बहुत से वाहन सड़को पर बिना नम्बर प्लेट के दौड़ रहे है।बिना नम्बर प्लेटो वाले वाहनों में अधिक संख्या दुपहिया वाहनों की है।इसके अलावा पचास प्रतिशत से अधिक ऐसे वाहन है जिन पर हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट नही है बिना हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट के चालान का प्रावधान है लेकिन इसके बावजूद यह वाहन सड़को पर खुलेआम दौड़ रहे है।वही काफी वाहन चालक अपने वाहन पर रजिस्ट्रेशन नम्बर इस तरह से लिखवाते है कि वह पढ़ने वाले कि समझ मे नही आते पुलिस चालन करती है लेकिन इसके बावजूद लोग सुधरने का नाम नही लेते है क्षेत्र में बहुत से ऐसे वाहन है जिन पर नम्बर प्लेट ही नही लगी होती।इसके अलावा क्षेत्र में हर तीसरा वाहन आपको ऐसा मिल जायेगा जिस पर हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट लगी हुई नही होती।

नए वाहनों में आजकल एजेंसी संचालक ही हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट लगाकर देते है।पुलिस द्वारा क्षेत्र में जिन वाहनों के चालान किए है उन पर हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट लगी हुई नही थी। यातायात माह के दौरान हर चोक चौराहे पर पुलिस वाहनों के चालान करती आम देखी जा सकती है इसके बावजूद क्षेत्रवासी सुधरने को तैयार नही है

**सभी वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट जरूरी:**सभी वाहनों के लिए हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट अनिवार्य है नए वाहनों को बिना हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट के पास नही किया जाता। जिस कारण नए मॉडल के वाहनों में तो हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट लगी होती है लेकिन जो पुराने वाहन है।उनमें पचास प्रतिशत से अधिक ऐसे वाहन है जिन पर हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट ही नही है

**क्या है हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट:**हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट में एक प्रकार से वाहन से सम्बंधित सभी जानकारी छिपी होती है।इन पर लगे होलोग्राम में यूनिक आईडी नम्बर है जो सभी वाहनों पर अलग अलग होता है।सभी प्लेट पर लेजर कोड और एक होलोग्राम के कारण इसकी डुप्टीकेट रजिस्ट्रेशन प्लेट भी तैयार नही की जा सकती।

प्लेट पर विशेष प्रकट के नए बोल्ट का इस्तेमाल किया जाता है।एक बार लगाने के बाद इसे खोला नही जा सकता

**पहली बार 500 तथा दूसरी बार 1500 रुपए का होगा चालान:**बिना नम्बर प्लेट के वाहन सड़क पर चलने या फिर मोडिफाई तरीके से नम्बर लिखा मिलने पर पहली बार 500 रुपए का चालान काटा जाता है यदि उसी वाहन का दोबारा नम्बर प्लेट का ही चालान कटेगा तो वह फिर दूसरी बार मे 1500 रुपए का कटेगा क्षेत्र में प्रतिदिन बिना हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट के चालान काटे जाते है।यदि किसी ने नम्बर को मोडिफाई किया हुआ हो तो भी चालान काटा जाता है।बिना नम्बर वाली बाइको को सीज किया जाता है।

# खिलाड़ियों ने 8 पदक जीतकर किया जनपद का नाम रोशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नोएडा इंडोर स्टेडियम, गेट नंबर 4, सेक्टर 21-ए में रॉयल चैलेंजेस कराटे कप-2025 का भव्य आयोजन हुआ जिसमें जनपद मुजफ्फरनगर अवध विहार में संचालित नीरज कराटे क्लासेस के होनहार खिलाड़ियों ने 8 पदक जीतकर अपने मुजफ्फरनगर का नाम रोशन किया, कराटे कोंच सेंसेई नीरज सैनी ने बताया कि सभी छात्र कहीं महीनों से हर रोज़ दो से तीन घंटे रोजाना कराटे का अभ्यास करते आ रहे हैं , जिसमें पांच स्वर्ण पदक , दो सिल्वर पदक ओर एक कांटा जीता उनकी कराटे क्लासेस से हितेश शर्मा ने काटा ओर फ़ाइट में स्वर्ण पदक , ओर मनन भारद्वाज ने फ़ाइट ओर कांटा में स्वर्ण पदक , हुज्जत अब्बास ने फ़ाइट में स्वर्ण पदक ओर कांटा में सिल्वर पदक , ओर विराज कुमार ने फ़ाइट में सिल्वर पदक ओर कांटा में कांस्य पदक जीतकर अपने माता-पिता का नाम गर्व से ऊंचा किया , उत्तर प्रदेश के महासचिव सिहान अमित कुमार गुप्ता ने कराटे कोच सेंसेई नीरज सैनी को पटका पहनकर सभी छात्रों के अभिभावकों कि प्रशंसा करते हुए मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

# डीएम ने मेडल पहनाकर शूटर को किया सम्मानित

**मुजफ्फरनगर।** शूटिंग प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतने वाले शूटर असद अली को डीएम उमेश मिश्रा ने सम्मानित किया। कुछ दिन पहले पटियाला में आयोजित हुई 75 वीं समस्त भारत शॉट गन ट्रैप प्रतिस्पर्धा में नगर के पारस नाथ स्ट्रीट निवासी सैयद असद अली ने सटीक निशाने लगाकर कांस्य पदक जीता। डीएम की ओर से शूटर को पदक पहनाकर सम्मानित किया गया।



# एमडीएस विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज में स्पोर्ट्स मीट का शानदार समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** एमडीएस विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज, मन्सूरपुर में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक स्पोर्ट्स मीट 2025 का समापन हर्षोल्लास एवं भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस खेल महोत्सव में छात्र-छात्राओं ने उत्साह, जोश एवं अनुशासन के साथ भाग लेते हुए खेल भावना का अद्भुत परिचय दिया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि भूतपूर्व कबढी कोच अरविन्द बालियान, टीटू बालियान, कमल बालियान (रेलवे पुलिस), क्षितिज बालियान (रेलवे पुलिस), अनुज जैन,आदित्य जैन एवं विद्यालय प्रबंधक संदीप कुमार, प्रधानाचार्य अनिल कुमार उपाध्याय,अनिल शास्त्री द्वारा माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित कर किया गया।





इस स्पोर्ट्स मीट में दौड़ प्रतियोगिता, ऊँची कूद, लंबी कूद, कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन, क्रिकेट, वॉलीबॉल, शॉटपुट, डिस्क थ्रो, टेबिल टेनिस,रस्साकशी, ज्वेलिन थ्रो सहित विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। सभी प्रतियोगिताओं में छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विजयी प्रतिभागियों को मंच पर सम्मानित करते हुए मेडल, ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। 100 मीटर दौड में स्वाति ने प्रथम, यासमी ने द्वितीय और तन्वी व खुशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड में वर्षा ने प्रथम, आंचल ने द्वितीय, ईशिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बैडमिन्टन में विदुषी और आयुषि ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। टेबिल टेनिस में ईशिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जूनियर बालक वर्ग लम्बी कूद में प्रतीक ने प्रथम,अंश काकरान ने द्वितीय और वंश सैनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ऊँची कूद में कुश ने प्रथम,उस्मान ने द्वितीय और अर्णव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। क्रिकेट में पटेल हाउस ने सुभाष हाउस को हराया। कबढी में सुभाष हाउस ने भगत हाउस को हराया। खो-खो में आजाद हाउस ने पटेल हाउस को हराया। जूनियर बालिका वर्ग में बैडमिन्टन में पटेल हाउस से राशि बालियान व वीरा चौधरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। खो-खो में पटेल हाउस ने आजाद को हराया। मुख्य अतिथि भूतपूर्व कबड्डी कोच अरविन्द बालियान ने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं बल्कि व्यक्तित्व निर्माण का महत्वपूर्ण आधार हैं। प्रबन्धक सन्दीप कुमार ने कहा कि खेलों से विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, टीमवर्क, निर्णय लेने की क्षमता, अनुशासन एवं आत्मविश्वास विकसित होता है। प्रधानाचार्य ने सभी खिलाड़ियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि विद्यालय भविष्य में भी ऐसे आयोजनों के माध्यम से छात्रों की प्रतिभा को एक बड़ा मंच प्रदान करता रहेगा।

# गेस द ब्रांड नेम विषय पर प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** एस.डी. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में बीबीए विभाग द्वारा आईक्यूएसी सेल के ब्रेनिऑक्स क्लब के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए 'गेस द ब्रांड नेम प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों की ब्रांड जागरूकता, मार्केटिंग सोच और रचनात्मकता को बढ़ावा देना था।

इस विशेष कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल ने की। बीबीए विभागाध्यक्ष राजीव पाल सिंह ने भी छात्रों को प्रेरित किया। कार्यक्रम की समन्वयक मती सोनिका गर्ग ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए विस्तारपूर्वक प्रतियोगिता की जानक.ारी दी। इसमें छात्रों ने अत्यंत उत्साह और सक्रियता के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता को चार चरणों में



विभाजित किया गया था पहला चरण 'लोगो पहचानो, दूसरा चरण श्टैगलाइन बोलो किसका?, तीसरा चरण पैकेजिंग पहचानो और चौथा तथा अंतिम चरण जिंगल और विज्ञापन पहचानो। इस कार्यक्रम में कुल 10 टीमों ने भाग लिया और फाइनल राउंड तक 3 टीमों का चयन किया गया। विजेता टीम को प्रमाण पत्र और पुरस्कार भेंट किए गए। इस अवसर पर उपस्थित सभी विद्यार्थियों ने इस प्रकार की प्रतियोगिताओं को नियमित रूप से आयोजित करने की मांग भी की। सो.निका गर्ग ने कहा कि आज के युग में ब्रांड केवल एक नाम नहीं है, बल्कि उपभोक्ता के मन में एक भावना और बिवास बन चुका है। छात्रों को इसके पीछे की रणनीति और मनोविज्ञान को समझना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने यह भी बताया कि इस कार्यक्रम की योजना बीबीए विभाग के समस्त शिक्षकों के सहयोग से बनाई गई थी। कार्यक्रम में बीबीए विभाग के सभी शिक्षक- मौ. अंजर, संजय, अभिषेक, पूर्वी, प्राची, दीपक गर्ग आदि उपस्थित रहे और उन्होंने छात्रों को उत्साहित किया। सभी शिक्षकों ने प्रतिभागियों की प्रस्तुति की प्रशंसा की और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। मीडिया प्रभारी डॉ. आलोक गुप्ता भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। उन्होंने इस कार्यक्रम की मीडिया कवरेज सुनिश्चित की और कॉलेज की गति. विधियों को समाज तक पहुँचाने की अपनी भूमिका का निर्वहन किया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# हुनर 'दे टैलेंट शो' विद्यार्थियों ने प्रदर्शन दिखाया





**मुजफ्फरनगर।** होली चाइल्ड पब्लिक इण्टर कॉलेज, जडौदा, मुजफ्फरनगर में हुनर 'द टैलेन्ट शो'' एवं विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

हुनर 'द टैलेन्ट शो' में विद्यार्थियों ने सामूहिक नृत्य में मैय्या यशोदा, मिसी बातें, हरियावी गीत मेरा चुनर मांगे दें, गीतों में आदमी खिलौना है, हारे के साहरे, मार्शल आर्ट, वाद्य यंत्र एवं एकल नृत्य में फरहान, बरीरा, मिष्ठी, यशस्वी, वेदांशी, सोनाक्षी, वृन्दा, मो.निका, परी, एंजी, मेहविश, रिया धीमान, मानवी, यश, रिहान, वैष्णवी, अनन्त, नक्ष, ओम, हनी, रूद्र, अंजूमन आदि विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया।

दूसरी ओर विज्ञान प्रदर्शनी में वेटर रोबोट, प्रदूषण नियंत्रण, वायु शुद्धीकरण यंत्र, टेस्ला कोइल, रेन वाटर हारवेस्टिंग, हाइड्रोलिक जैक और स्कूल मॉडल में रिहान, लक्की, यश, उज्जवल, सन्नी, विनित, आर्यन, अनन्त धीमान, तालिब, तरीसा, अंजूमन, देवांश इत्यादि ने बेहतरीन विज्ञान मॉडल बनाकर अपने नवाचार को सभी को सभी के समक्ष प्रस्तुत किया। डॉ. राजीव कुमार, चन्द्रपाल सिंह, दीलिप मिश्रा, अंकुर बंसल, रंजन त्यागी, अनुज जैन, अंकित चौधरी, महेन्द्र सिंह आचार्य और राजेन्द्र सिंह ने विद्यार्थियों को सराहया। कार्यक्रम में पंकज धीमान, नीरज बालियान, दुष्यन्त त्यागी, संदीप मलिक, विराज तोमर, मुजस्सिम, गौरव मलिक, धनीराम, संदीप कुमार ने विद्यार्थियों की विज्ञान प्रदर्शनी को बहुत ही सराहा एवं सभी अतिथियों द्वारा श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल, अवार्ड और प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुरेखा, देवाशीष मिश्रा, शुभम शुक्रालिया, रूपेश कुमार, अजीत मलिक, सचिन कश्यप, जौली शर्मा, रजनी शर्मा, योगाचार्य सतकुमार, आदित्य दहिया, जितेन्द्र कुमार, धीरज बालियान, अमित शर्मा, प्रदीप त्यागी, मनोज त्यागी, शालिनी करोडी, शिखा चौधरी, सागर धीमान, दीपक योगी आदि शिक्षकों को विशेष सहयोग रहा।

### खोया पाया सूचना

मेरी हाईस्कूल-वर्ष 2010 जिसका अनुक्रमांक नंबर 0651366 व इंटरमीडिएट वर्ष 2012 की मार्कशीट अनुक्रमांक नंबर 0661148 वास्तव में कहीं खो गई है, इनका प्रयोग किसी अन्य के लिए अवैध होगा।

**कु. प्रियंका पुत्री विनोद कुमार**
**पता - 236/14**
**उत्तरी सिविल लाईन**
**( धर्मपुरी ) मुजफ्फरनगर**

# पंजाब केसरी लाला लाजपत राय को दी श्रद्धाजंलि





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** महान स्वतंत्रता सेनानी, पंजाब केसरी लाला लाजपत राय जी की पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री कपिल देव अग्रवाल जी ने लाला लाजपत राय जी के संघर्षमयी जीवन, स्वतंत्रता आंदोलन में उनके योगदान तथा उन्हें दी गई पंजाब केसरी की उपाधि पर विस्तार से प्रकाश डाला। वैश्य अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष सुनील सिंघल ने भी उनके प्रेरणादायी जीवन परिचय पर महत्वपूर्ण विचार साझा किए। कार्यक्रम में पूर्व विधायक अशोक कंसल, गोपाल गुप्ता, नवनीत कुच्छल, विशाल गर्ग, बबीता गुप्ता, रेणु गर्ग, संजय मित्तल, प्रमोद मित्तल, संजय गर्ग, विजेंद्र पाल, कमलकांत शर्मा, योगेश मित्तल, प्रदीप गर्ग, लो.केश बंसल, विवेक मित्तल, नवनीत गुप्ता, रजत गोयल, शोभित गुप्ता, रजत धीमान, मनोज वर्मा, राजीव शर्मा, सुशील गोयल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# श्री राम कॉलेज में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** श्री राम कॉलेज ऑफ लॉ में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर व श्री राम कॉलेज ऑफ लॉ के संयुक्त तत्वाधान में एक विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरम्भ करते हुए महाविद्यालय की प्रवक्ता आंचल अग्रवाल ने कहा कि कानूनी व्यवसाय में नैतिक मूल्य ही अच्छे अधिवक्ता की पहचान है। इसके उपरान्त प्रवक्ता मिनी सिंघल ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि कानूनी व्यवसाय केवल तर्को का खेल नही बल्कि न्याय और सत्य की रक्षा का माध्यम है। नैतिक मूल्यों का पालन करते ही हम समाज का बिवास जीत सकते है। विधि के छात्र/छात्राओं द्वारा सम्बन्धित विषय पर विचार व्यक्त किये। जिनमें मुख्य है, खुशी गहलोत, बीए-एलएलबी द्वितीय वर्ष, मेघा शर्मा, बीकॉम-एलएलबी चतुर्थ वर्ष, देव. निधी, बीए-एलएलबी प्रथम वर्ष, जुनेरा, एलएलबी प्रथम वर्ष, मौ0 आरिश, बीए-एलएलबी प्रथम वर्ष, शैवी, बीए-एलएलबी तृतीय वर्ष, वर्षा, बीकॉम-एलएलबी तृतीय वर्ष, वंश वर्धन, अमन नईम बीए-एलएलबी चतुर्थ वर्ष। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीता राम ऐ0डी0जे0, मुजफ्फरनगर व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि कानूनी व्यवसाय में नैतिक मूल्यों का समावेश अति आवश्यक है आज की विधि विद्यार्थी ही कल के न्यायाधीश और नीति निर्माता है। अगर वे प्रारम्भ से ही जीवन में नैतिक मूल्यों का पालन करेगे तो आने वाली न्यायिक व्यवस्था का भविष्य उज्जवल होने से कोई भी नही रोक सकता है। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता कु0 आंचल अग्रवाल द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में राम कॉलेज ऑफ लॉ के सभी शिक्षकगण और विद्यार्थियों का सहयोग रहा।

### बैनामा खोया सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अलका रानी पत्नी राकेश दिनांक 19/09/2025 को अपने अपने निवास स्थान उत्तरी सिविल लाइन से अपने बैनामे आदि व अन्य कागजात को लेकर फोटो कॉपी कराने सदर बाजार स्थित फोटो स्टेट की दुकान पर रिक्शा द्वारा गई थी। मेरे थैले में सभी कागजात थे, उनमें से एक मेरे मकान का पिछला बैनामा न0-1031, दिनांक 16/03/1989 जो कि विजय कुमार गोयल पुत्र आनन्द प्रकाश गोयल के नाम से पंजीकृत था, कहीं पर गिर गया था और काफी तलाशने पर भी नहीं मिला है। अन्य किसी व्यक्ति द्वारा इसका उपयोग अवैध व अमान्य होगा।

**अलका रानी पत्नी श्री राकेश**
**निवासी- 474/77, उत्तरी सिविल लाइन**
**मुजफ्फरनगर, मो. 9759531674**

### सम्बन्ध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र शाहरूख मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने में नहीं है। आए दिन लडाई झगडा करता रहता है इस कारण मैं व मेरा परिवार शाहरूख से कोई मतलब वास्ता रखना नहीं चाहते है और शाहरूख से अपने सभी परिवार के संबंध विच्छेद करते हुए मैने शाहरूख को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है आज के बाद शाहरूख के द्वारा किऐ गए किसी भी कृत्य व लेनदेन के लिए मैं या मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा यह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**मौसम अली पुत्र बशीर**
**निवासी-म.न.35 बहेडी**
**मुजफ्फरनगर**

# गन्ने से लदे वाहनों के चलते लगा भीषण जाम

**रोजाना के जाम से नागरिक हो रहे हैं बेहाल**

**( नसीम कुरैशी )**
**बुढ़ाना।** कस्बे में रोजाना आने वाले ओवर लोडिंग गन्ने से भरे छोटे बड़े वाहन जाम लगाने में मददगार साबित हो रहे हैं। जिसको लेकर बुढ़ाना कस्बे के कांधला रोड पर पूरे दिन जाम लगना अब आम बात हो गयी है। जाम में एंबुलेंस, पुलिस और वरिष्ठ अधिकारियों के वाहनों का फंसना भी कोई नई बात नहीं है। गन्ने की आवक के चलते पूरे कस्बे में जाम रहने लगा है। गन्ने से लदे वाहनों ने कस्बे को आज सोमवार की सायं पूरी तरह जाम करके रख दिया। यातायात पुलिस भी पंगु बनी नजर आई। हालांकि आज बाजार बंदी थी लेकिन फिर भी सुबह के समय बाजारों में आने जाने वाले और अपने काम पर जाने वाले लोगों को काफी परेशानी हुई। मिल रोड से लेकर पूरे कांधला रोड तक यानि कि पूरे तीन चार किलोमीटर तक गन्ने के वाहनों के कारण समय समय पर जाम लगा रहा। मेन रास्ते पर गन्ने से लदे वाहनों से चौपहिया वाहन फंसे दिखाई दिए। शाम के समय में तो जाम में और भी इजाफा हो गया। नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डाक्टर सोनू कश्यप भी आज शाम जाम में घंटों तक फंसे रहे। वाहन सर्प की तरह रेंगकर चले। कई दिनों से गन्ने की आवक बढ़ने से कस्बे में जाम की स्थिति पैदा हो रही है। जाम सुबह से शाम तक लगे रहने से लोगों को परेशानी हो रही है। सोमवार की सुबह से ही शुगर मिल गेट पर गन्ने से लदे वाहनों की कतार लगनी शुरु हुई। रोजाना गन्ने के वाहनों की लंबी कतार से आने जाने वालों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। दो कतारों के चलते वाहनों को निकलने में काफी परेशानी रही। चौपहिया वाहन की कतार लगी रही। ई रिक्शा चालक भी जाम लगने में सहायक बन रहे हैं। मेन रोड पर जाम की वजह से बाजारों में भी लोगों की काफी भीड़ रही। मेन रोड को छोड़कर दुपहिया वाहन चालक बाजारों के रास्ते जाते दिखाई दिए। मेन रोड पर लगे जाम के कारण आज एंबुलेंस भी फंसी रही। काफी मशक्कत के बाद एंबुलेंस को जाम से निकाला गया। कुल मिलाकर गन्ने से भरे ओवर लोडिंग वाहन, ई रिक्शा और दुकानों के बाहर अपनी दुकानों के अंदर का सामान रखने वालों की वजह से जाम लगना अब आम बात हो गयी है।

पुलिस प्रशासन या मिल प्रशासन इस और किसी भी तरह का कदम नहीं उठा पा रहा है। और समस्या का समाधान करने को कोई भी अधिकारी तैयार नहीं। क्या संबंधित अधिकारी इस और ध्यान देंगे?

# ट्रैक्टर के नीचे दबकर युवक की हुई दर्दनाक मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बुढ़ाना/फुगाना।** रोड को समतल कर रहा एक ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर के फिसलने से मौत के मुंह में समा गया।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव सरनावली के समीप आज सोमवार के दिनः जनपद अमरोहा का थाना हसनपुर क्षेत्र के गांव गागल ठोकरा का निवासी लगभग 36 वर्षीय युवक सुधांशु गुर्जर निर्माणाधीन दिल्ली वाया देहरादून हाइवे पर रोड को समतल कर रहा था कि अचानक से ढलान पर तेज रफ्तार ट्रैक्टर फिसल गया। जिसमे सुधांशु की ट्रैक्टर के नीचे दबकर मौके पर ही मौत हो गयी। घटना की सूचना पर तुरन्त फुगाना थाने के एसएसआई तेजवीर सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और ट्रैक्टर के नीचे दबे सुधांशु को खेतों में काम कर रहे आसपास के दर्जनों किसानों की सहायता से बड़ी मुश्किल से बाहर निकाला और मोबाइल फोन के आधार पर घटना की सूचना मृतक के परिजनों को देकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना पर पहुंचाया। जहां पर डाक्टरों ने सुधांशु को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक का पंचनामा भरने के बाद मृतक सुधांशु गुर्जर के शव को पीएम हेतु भेज दिया। फुगाना के थानाध्यक्ष विजय कुमार के अनुसार मृतक हाइवे पर काम कर रहा था। वह ट्रैक्टर से सड़क की मिटी समतल कर रहा था कि अचानक से ढलान पर ट्रैक्टर फिसलने से सुधांशु की मौत हो गयी।

# कार सवार बदमाशों की फायरिंग से दहशत, छात्र पर जानलेवा हमला असफल

## पीड़ित की तहरीर पर रतनपुरी पुलिस ने हमलावरों की खोज तेज की

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**खतौली।** रतनपुरी थाना क्षेत्र में बीते सोमवार को कार सवार युवकों ने एक छात्र पर जानलेवा हमला कर दहशत फैला दी। गांव मडावली खादर निवासी अनुप सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका बेटा अंकित रोजाना रतनपुरी में थाने के सामने स्थित गोविन्द लाइब्रेरी में पढ़ने जाता है। दो दिन पूर्व लाइब्रेरी में एक युवक से उसका विवाद हो गया था, जो मारपीट तक पहुंच गया था। मौके पर लाइब्रेरी संचालक ने बीच-बचाव कर मामला शांत करा दिया था।

इसके बाद स्थानीय लोगों ने आश्वासन दिया था कि अब आगे किसी प्रकार का विवाद नहीं होगा। लेकिन सोमवार सुबह 9:30 बजे जब अंकित पुस्तक लेकर वापस घर लौट रहा था, तभी रतनपुरी पुल के पास पीछे से आई एक स्विफ्ट कार ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मारी।

अंकित के रुकते ही कार सवार युवक हथियार लेकर बाहर निकले और उस पर तमंचे से फायरिंग की। साथ ही जान से मारने की धमकी देते हुए गाली-गलौज भी की। किसी तरह जान बचाकर भाग रहा अंकित को मडावली खादर अढे पर उन्होंने फिर घेर लिया। अपनी बाइक छोड़कर अंकित खेतों की ओर भागा, जहाँ हमलावरों ने उसे पकड़कर मारपीट की।जैसे ही बदमाशों ने उसके ऊपर तमंचा तानकर वार करने की कोशिश की, शोर सुनकर नजदीक खेतों में काम कर रहे किसान मौके पर आ गए।

किसानों को आता देख आरोपी युवक फरार हो गए। पीड़ित ने पुलिस से हमलावरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और अपनी सुरक्षा की मांग की है।

पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# कब्रिस्तान व सरकारी भूमि से पेड़ काटने पर ग्रामीणों में रोष

**गांव वजीराबाद का मामला, पुलिस की छानबीन शुरू**

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मोरना।** क्षेत्र के गांव वजीराबाद मे कब्रिस्तान व पंचायत भूमि से दर्जनों पेड़ काटने से ग्रामीणों में रोष व्याप्त हो गया है। आरोपियों द्वारा चोरी छिपे पेड़ काटने की सूचना पर कब्रिस्तान मे ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गयी। ग्रामीण द्वारा की गयी सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। वहीं मामले मे कब्रिस्तान के मुत्वल्ली शब्बीरा ने तीन व्यक्तियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव वजीराबाद में भोकरहेड़ी-मोरना मार्ग पर स्थित कब्रिस्तान में पहुंचे मुस्लिम समुदाय के वासिल, आसिफ, नौशाद, साजिद,सलीम, मोमीन, इसरान, शब्बीर महताब, गुलफाम, गुड्डू, गुलशेर, आबिद, फरमान, रफीक, रईस, आसिफ शमशेर, सईद,दिला शौकीन आदि ने बताया कि कब्रिस्तान व बराबर मे स्थित पंचायत भूमि से नीम, लिफ्टस, बकैन, सागोन, अमरूद, सीमल, आदि के दर्जनों कीमती पेड़ आरोपियों द्वारा चोरी छिपे काट लिए गए हैं। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि एडवोकेट सहदेव सिंह भी मौके पर पहुंचे और पेड़ काटने वालों के खिलाफ पुलिस से कार्रवाई की माँग की है।कब्रिस्तान के मुत्वल्ली शब्बीरा ने गांव के ही तीन व्यक्तियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। घटना को लेकर मुस्लिम समुदाय मे रोष व्याप्त है।

# खतौली की सड़कों से जल्द हटेगा अतिक्रमण, प्रशासन सजग

**व्यापारी प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम से मिलकर सौंपा ज्ञापन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**खतौली।** नगर में दिन-प्रतिदिन बढ़ते ठेलादृपटरी अतिक्रमण को लेकर अब व्यापारियों ने आवाज बुलंद की है। शनिवार को नगर के प्रमुख व्यापारियों का एक प्रतिनिधिमंडल भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के नगर उपाध्यक्ष ऋषभ जैन के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी निकिता शर्मा से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने नगर में व्याप्त अरा. जकता और सड़क पर लगने वाली अवैध दुकानों से आमजन को हो रही परेशानी के बारे में विस्तार से अवगत कराया।



व्यापारियों ने बताया कि खतौली की प्रमुख बाजारों मुख्य बाजार, जीटी रोड, बुढाना रोड, जानसठ रॉड, जानसठ तिराहा समेत कई स्थानों पर ठेला संचालकों ने अतिक्रमण कर रखा है। सड़क का आधा हिस्सा घिर जाने से ट्रैफिक जाम आम बात हो चुकी है। स्कूल आने-जाने वाले बच्चों, महिलाओं एवं वृद्ध लोगों को इससे भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। पार्किंग की व्यवस्था और पैदल चलने वालों के लिए फुटपाथ भी अतिक्रमण की भेंट चढ़ चुके हैं। एसडीएम ने प्रतिनिधिमंडल की बात ध्यानपूर्वक सुनने के बाद कहा कि नगर की सुंदरता और यातायात व्यवस्था सुधारना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने तत्काल अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद खतौली को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश देते हुए कहा कि हनगर की मुख्य सड़कों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों को प्राथमिकता देते हुए अतिक्रमण हटाया जाए। यदि कोई व्यक्ति प्रशासन का सहयोग नहीं करता या कार्रवाई में बाधा डालता है तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम ने चेताया कि बार-बार चेतावनी के बावजूद अतिक्रमण करने वालों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। नगर में शांति व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रहेगा।प्रतिनिधिमंडल में अमित त्यागी, सचिन गुप्ता, राहुल जैन, अंकुर अग्रवाल सहित कई व्यापारी मौजूद रहे। व्यापारियों ने उम्मीद जताई कि इस निर्णायक कदम से खतौली जल्द ही अतिक्रमण मुक्त होगा और बाजारों में फिर से सुचारु यातायात बहाल होगा। नगर के लोगों ने भी प्रशासन के इस प्रयास का स्वागत करते हुए कहा कि यदि कार्रवाई लगातार जारी रही तो खतौली की पहचान फिर से एक व्यवस्थित और स्वच्छ नगर के रूप में होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### नाबालिग लड़की को शादी के बहाने ले जाने का आरोप

**चरथावल।** थाना क्षेत्र से एक नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देकर कथित तौर पर दोबारा ले जाने का मामला सामने आया है। प्रेमलता ने बताया कि उनकी 15 वर्षीय बेटी डॉ. दीपाली के क्लीनिक में काम करती थी। जहां 26 अक्टूबर को पवन उर्फ देव पुत्र तिलक सिंह निवासी भवानीपुर, दादओं, उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर ले गया था। जिसको को 1 नवंबर 2025 को बरामद कर लिया गया था। कम उम्र के कारण शादी नहीं हो पाई। इसके बाद 4 नवंबर 2025 को पुलिस ने उसे बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के समक्ष पेश किया। 6 नवंबर 2025 को सीडब्ल्यूसी में काउंसलिंग भी कराई गई, जिसके बाद परिजन उसे घर ले आए थे। प्रेमलता ने बताया कि 11 नवंबर 2025 को दोपहर करीब 1 बजे उनकी बेटी टेलीफोन एक्सचेंज के पास कुछ सामान लेने गई थी। तभी पवन पुत्र तिलक सिंह (निवासी भवानीपुर, दादओं, अलीगढ़), उसका बहनोई गिरीश पुत्र शंकर सिंह (निवासी गंगावली, अरनिया, बुलंदशहर), गिरीश की पत्नी सपना, उमेश (पवन का चचेरा भाई, निवासी भवानीपुर, दादओं, अलीगढ़) और सन्नी पुत्र रामपाल (निवासी पोलासोता, अमितपुर, फर्रुखाबाद) उसे शादी के बहाने दोबारा ले गए। इस संबंध में प्रेमलता ने पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र दिए हैं।

### किसान नेता दल सिंह को भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**जानसठ।** क्षेत्र के प्रख्यात 98 वर्षीय किसान नेता दल सिंह सैनी के निधन पर सोमवार को उनके पैतृक आवास मुस्तफाबाद में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, किसानों एवं समाजसेवियों ने पहुंचकर शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। नेताओं ने कहा कि दल सिंह सैनी ने अपना संपूर्ण जीवन किसान हितों के संघर्ष और राष्ट्र सेवा को समर्पित किया। उनकी अनुशासनशील जीवनशैली और समाज जागरण के प्रति समर्पण भाव हमेशा प्रेरणा देता रहेगा। सभा में भाजपा के जिला अध्यक्ष सुधीर कुमार सैनी, पूर्व सांसद राजपाल सैनी, पूर्व मंत्री प्रदीप सैनी, पूर्व विधायक विक्रम सैनी, भाजपा नेता रामकुमार सैनी, यूपी सैनी सेवा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सतेन्द्र सैनी, पिछड़ा समाज पार्टी के अध्यक्ष राजू सैनी, वरिष्ठ अधिवक्ता सुभाष चंद्र, समा. जसेवी प्रवीण कुमार सहित कई राजनीतिक और सामाजिक संगठनों के प्रति. निधि मौजूद रहे। इसके अलावा सपा नेता ब्रजराज सैनी, सोनू मूंछ, मदन लाल सैनी, मंडल अध्यक्ष सुबोध कुमार सहित गांवों के प्रधानों और सैकड़ों किसानों ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

### दो युवकों से शराब के 65 पव्वे किए बरामद

**बुढ़ाना/फुगाना।** स्थानीय पुलिसने अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास 65 पव्वे बरामद किए है। पुलिस ने बताया कि पकडे गए आरोपियों के नाम अनिल पुत्र राजवीर निवासी ग्राम सराय थाना फुगाना है। फुगाना पुलिस ने मीर पुत्र श्यामा निवासी ग्राम खेडी गनी थाना फुगाना बताया।

### दो लाख न मिलने पर विवाहिता को घर से निकाला

**बुढ़ाना/रतनपुरी।** अतिरिक्त दहेज के लिए ससुरालियों पर मारपीट व घर से निकालने का आरोप लगाया गया। रीतू पुत्री धर्म सिंह निवासी गांव चंदसीना ने रतनपुरी पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि उसकी शादी बीते वर्ष 29 फरवरी को गौरव पुत्र रमेश निवासी रछौती गढ रोड थाना मंडाली जिला मेरठ के साथ हुई थी। शादी में उसके परिजनों ने करीब 08 लाख रुपये खर्च किए थे लेकिन शादी के बाद से ही उसके ससुरालिए उसके द्वारा लाए गये दहेज से खुश नही थे। वह सभी अतिरिक्त दहेज में उससे बुलेट मोटर साइकिल और दो लाख रूपये की मांग कर रहे थे। जब भी वह उनकी मांग को मानने से मना करती थी तो वे उसके साथ मारपीट और गाली गलौज करने लगे। कुछ दिन बाद उसने एक बच्ची को जन्म दिया तो वह बच्ची पैदा करने पर उसके साथ और भी जुल्म करने लगे। बीती 27 मई की देर रात उसके पति गौरव, ससुर रमेश, सास कान्ता, ननद भिक्को पत्नि राजपाल, देवर राजन, सौरभ ने उससे फिर अतिरिक्त दहेज की मांग की तो उसने साफ मना कर दिया।

### अहर्म प्रणम्य महाराज जी का हुआ मंगल प्रवेश

**बुढ़ाना।** संत शिरोमणि आचार्य विद्या सागर महाराज के शिष्य एवं अर्हम ध्यान योग प्रणेता परम पूज्य मुनि प्रणम्य सागर जी महाराज ससंघ ने आज समीपवर्ती जनपद बागपत के गांव भडल से चलकर सोमवार की सायं लगभग 04 बजे बुढ़ाना कस्बे में मंगल प्रवेश किया। इस दौरान यहां पर उनकी अगवानी करने वालों में मुख्य रुप से अनुप जैन उर्फ अप्पू, महेश जैन, सतेंद्र जैन, राजेश जैन, संदीप जैन, मंगलम जैन, सचिन जैन, राजेश जैन, ममलेश जैन और टीटू जैन आदि श्रद्धालुओं की उपस्थिति देखने को मिली।

### चैरिटेबल हेल्थ ट्रस्ट के हेल्थ सेंटर का उद्घाटन

**मंसूरपुर।** क्षेत्र के गांव सोहंजनी तगान में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए एआईप्डै नई दिल्ली के पूर्व न्यूरोसर्जरी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर रवि भाटिया ने शाहपुर-मंसूरपुर रोड पर बनाए गए बाबूराम त्यागी चैरिटेबल हेल्थ ट्रस्ट के हेल्थ सेंटर का विधिवत उद्घाटन किया। उद्घाटन के साथ ही ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई।उद्घाटन समारोह में डा. सुधीर त्यागी, डा. आर.एन.त्यागी,बाबूराम त्यागी (ट्रस्ट), शिक्षा देवी सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। डॉक्टर सुधीर त्यागी ने बताया कि इस चौरिटेबल हेल्थ सेंटर के शुरू होने से क्षेत्रवासियों को किफायती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी।ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधाओं की कमी को देखते हुए यह सेंटर लोगों के लिए बड़ी राहत साबित होगा।सेवा-भाव की दूसरी मिसाल डॉ.सुधीर त्यागी द्वारा जनहित में यह दूसरा बड़ा सेवा कार्य शुरू किया गया है।इससे पहले वह अपनी माता शिक्षा देवी के नाम पर गांव सोहजनी तगान में डिग्री कॉलेज का निर्माण करा चुके हैं।

# कंपोजिट विद्यालय शाहपुर-खतौली में सुभारती विश्वविद्यालय का 11वां वार्षिक अभियान शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**खतौली।** शरद ऋतु के आगमन के साथ ही स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय का सामाजिक सरोकार अभियान एक बार फिर गति पकड़ चुका है। विश्वविद्यालय के 11वें वार्षिक अभियान का शुभारंभ सोमवार को ब्लॉक खतौली स्थित कंपोजिट विद्यालय शाहपुर में किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के दर्जनों छात्र-छात्राओं, भोजन माताओं, सफाई कर्मियों व अन्य जरूरतमंदों को निशुल्क जूते, स्टेशनरी और कंबलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे सुभारती जनरल रजिस्ट्रार डॉ. विवेक कुमार एवं खंड शिक्षा अधिकारी पंकज अग्रवाल ने संयुक्त रूप से वितरण कर अभियान की शुरुआत की। मुख्य संयोजक राजीव शर्मा ने बताया कि सुभारती परिवार बीते 11 वर्षों से जनपद एवं आसपास के जिलों के जरूरतमंद बच्चों के लिए विभिन्न जनहित कार्यक्रम चलाता आ रहा है। इनमें निर्धन व मलिन बस्तियों में हेयर कटिंग कैंप, राशन वितरण और शीतकाल में बच्चों को जूते व कंबल उपलब्ध कराना शामिल है। उन्होंने कहा कि इस बार अभियान की शुरुआत मुजफ्फरनगर जिले के शाहपुर-खतौली कंपोजिट विद्यालय से की गई है। खंड शिक्षा अधिकारी पंकज अग्रवाल ने सुभारती विश्वविद्यालय की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ता है और शिक्षा के प्रति उनकी रुचि गहरी होती है।

उन्होंने अध्यापकों एवं विद्यार्थियों को सदैव उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रभारी मंजू शर्मा, शिक्षक पूनम पंवार, वंदना, अनिता राठी, विनोद कुमार, हरपाल सिंह, बाम्बेवर आदि उपस्थित रहे।

सामाजिक दायित्व के इस सराहनीय कदम से विद्यालय परिसर में खुशी और उत्साह का माहौल नजर आया।

# स्कूल में हुई क्रिकेट-जीके प्रतियोगिता

**बुढ़ाना।** अज़ीज़ फातिमा हाई स्कूल में आज सोमवार के दिन वार्षिक समारोह के आखिरी दिन क्रिकेट और जीके प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। क्रिकेट प्रतियोगिता का फाईनल ग्रीन व रेड हाउस के बीच हुआ। जिसमें पहले खेलते हुये रेड हाऊस ने छह विकेट पर 51 रन बनाए। ग्रीन हाउस ने 52 इन बनाकर आसानी से मैच जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। ग्रीन हाउस ने टारगेट दो विकेट खोकर हासिल किया। छात्र अलीशान मैन ऑफ दी मैच घोषित हुआ। जीके प्रतियोगिता में ग्रीन हाउस प्रथम स्थान पर रहा। रेड हाऊस ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। तीसरे स्थान पर ब्लू हाउस रहा। प्रबंधक मौहम्मद अहमद और प्रधानाचार्य नूर मुहम्मद ने बच्चों की हौसला अफजाई की। उन्होंने सभी बच्चों से भविष्य में और भी अच्छा करने का आह्वान किया। इस प्रोग्राम को सफ्फल बनाने में रईस अहमद, सीमा सिद्दीकी, फलक खान, मनतशा, महक, शाजिया, मौहम्मद सद्दाम, शाहनवाज,




मौहम्मद तुलैब, मौहम्मद सुहेल रिजवानी, मौहम्मद इमरान, मौहम्मद अल्तमश, सना, अमीना, शाहिद सिद्दीकी, हिना, रियाज, जोया खान, अशरफ अली, रुखसार शेख, जोया, निदा खान, सायरा, उज़्मा, शाहिना, मरियम, सानिया खान, फरमान, रुखसार, बुशरा, राखी, सादिका, अलीना, मौहम्मद साहिब, अख्तर हसन, फरजाना व शाइस्ता का योगदान रहा।

### वीडियो वायरल कर आशिक संग फरार युवती

**बुढ़ाना।** सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल कर एक नवयुवती अपने प्रेमी संग फरार हो गयी। नवयुवती भौराकलां थाना क्षेत्र के मौहम्मदपुर राय सिंह गांव की बताई गयी है। मिली जानकारी के अनुसार आज सोमवार के दिन सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर एक नव युवती जो कि अपने सिर पर लाल रंग की चुनरी ओढ़े हुए है ने एक वीडियो वायरल किया है। जिसमें वह लोगों को बता रही हैं कि उसका नाम टीना है और अब उसने अपनी मर्जी से शुभम नाम के एक लडके शादी कर ली है। वह दो फरवरी सन् 2002 को पैदा हुई थी। मुझे अपने परिजनों से अपनी और अपने पति की जान का खतरा बना हुआ है। इस वीडियो को खूब देखा जा रहा है। इस संबंध में भौराकलां पुलिस ने कुछ भी बताने से इंकार किया है।

# एसआईआर फार्म भरने को लेकर वोटरों में भ्रम वअफरा-तफरी

## बीएलओ की उदासीनता से बढ़ी परेशानी, एसडीएम से मिला प्रतिनिधिमंडल

**शाहटाइम्स संवाददाता**
**खतौली।** नगर में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के तहत मतदाता पंजीकरण कार्य चल रहा है, लेकिन फार्म भरने को लेकर आम मतदाताओं में भारी भ्रम की स्थिति बनी हुई है। कई बीएलओ सही दिशा-निर्देश नहीं दे पा रहे हैं, जिसके चलते लोग फार्म कैसे और क्या भरें इस उलझन में भटक रहे हैं।

चार नवंबर से शुरू हुई विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया में मतदाताओं को 2025 की मतदाता सूची के अनुरूप फार्म दिए जा रहे हैं। मतदाता अपनी जानकारी सुरक्षित रखने के लिए बूथ स्तर से लेकर बीएलओ तक निरंतर सम्पर्क कर रहे हैं, लेकिन उन्हें उचित मार्गदर्शन नहीं मिल पा रहा है। वार्डों में नियुक्त कई बीएलओ घर-घर फार्म वितरण तक नहीं कर रहे, जिससे शिकायतें बढ़ रही हैं। मतदाताओं में यह भी असमंजस है कि फार्म के साथ किन दस्तावेजों की आवश्यकता होगी। निर्वाचन विभाग के अनुसार, वर्ष 2003 की मतदाता सूची में जिनका नाम दर्ज है, उन्हें केवल अपनी विधानसभा का नाम, वोटर क्रमांक और भाग संख्या भरनी है। किसी अतिरिक्त प्रमाण पत्र की जरूरत नहीं है। इसके बावजूद बीएलओ स्पष्ट जानकारी देने में असफल साबित हो रहे हैं। कई लोग समाजसेवियों, सभासदों और शिक्षित व्यक्तियों की सहायता लेने को मजबूर हैं। युवा सपा नेता आशीष राणा एडवोकेट के नेतृत्व में सपा कार्यकर्ताओं ने सोमवार को उप जिलाधिकारी एवं निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी निकिता शर्मा को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के समाधान की मांग की। एसडीएम निकिता शर्मा ने बताया कि पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा लगातार की जा रही है। सुपरवाइजर और बीएलओ को मतदाताओं की शंकाओं का निराकरण करते हुए कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने के निर्देश दिए गए हैं। जहां नेटवर्क की दिक्कत है, वहां विशेष निगरानी की व्यवस्था की गई है। उन्होंने शत-प्रतिशत गणना पत्रक वितरण शीघ्र सुनिश्चित करने की बात कही। आशीष राणा एडवोकेट ने बताया कि 2003 की मतदाता सूची के आधार पर फार्म भरने को कहा जा रहा है, लेकिन ग्राउंड पर भाग संख्या में बदलाव और 2025 सूची में नाम न मिलने जैसी दिक्कतों से लोग परेशान हैं। कुछ लोगों की पहचान पत्र और फार्म में लगी फोटो में भी अंतर है। ऐसे में मतदाता फार्म भरने में हिचकिचा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कई वार्डों में बीएलओ अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा रहे।अभिषेक गोयल एडवोकेट ने कहा कि पार्टी



कार्यकर्ताओं द्वारा लोगों की पूरी मदद की जा रही है, मगर उचित मार्गदर्शन के अभाव में आम जनता लगातार परेशानी झेल रही है। ज्ञापन देने वालों में वरिष्ठ सपा नेता दिमाग सिंह एडवोकेट, दानिश काज़ी एडवोकेट, मोहम्मद शावेज़ अल्वी, खिज़र काज़ी आदि मौजूद रहे।

# एसआईआर के बारे में हुई महत्त्वपूर्ण मीटिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बुढ़ाना।** जमियत उलेमा ए हिंद बुढ़ाना की ओर से बीती रविवार की देर रात्रि बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला लुहसाना रोड पर स्थित फूंस वाली मस्जिद में एसआईआर के बारे एक बहुत ही महत्वपूर्ण मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें काफी नौजवानों को मिल्ली मसाइल के बारे में आगाह किया गया। इस अवसर पर तहसील बुढ़ाना के जनरल सैक्रैट्री मुफ्ती आस मोहम्मद क़ासमी ने कहा कि क़ौम को ख़ास तौर पर पढ़े लिखे नौजवानों को क़ौमी मसलों के लिए हमेशा सक्रिय रहना चाहिए। इस वक़्त कई काम सामने हैं। जिनमें से एक औक़ाफ़ की ज़मीनों को किस तरह दर्ज कराया जाना है यह सीखना बहुत ज़रूरी है। इसके लिए नौजवानों को पूरी तरह प्रेरित किया जा रहा है



कि वे इस काम को अच्छी तरह से सीखें। इस मौके पर मौलाना फ़ारूख ने कहा कि औक़ाफ़ की जायदादें अल्लाह की अमानत हैं और उनकी हिफ़ाज़त करना हम सभी की बड़ी ज़िम्मेदारी है।

हमें इसकी फिक्र करनी चाहिए वरना इसके बारे में हमें अल्लाह के सामने जवाब देना होगा। मौलाना बिलाल ने कहा कि सभी साथी इन दोनों कामों को सीखें और जितना भी समय दे सकें ज़रूर दें। सभी नौजवानों ने इस पर अमल करने का वायदा भी किया। आखिर में मुफ्ती आस मोहम्मद क़ासमी की दुआ पर कार्यक्रम का समापन किया गया।

# कल होगा खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**19 नवम्बर की सुबह 9 बजे से होगा कार्यक्रम**

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बुढ़ाना।** युवा कल्याण विभाग मुजफ्फरनगर के बैनर तले आगामी 19 नवम्बर की सुबह 09 बजे से बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र स्तर की माननीय विधायक खेल स्पर्धा खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन कुलदीप बालियान स्पोर्ट्स एकेडमी बायवाला पुलिस चौकी के निकट स्थित बुढ़ाना के भव्य परिसर में किया जाएगा।

जिसमें खेलों में वॉलीबॉल, कबड्डी, वेट लिफ्टिंग, कुश्ती, एथलेटिक्स सहित अन्य खेल भी आयोजित किए जाएंगे। इस में आयु वर्ग, सब जूनियर, जूनियर और सीनियर प्रतियोगिता मैं केवल बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के मूल निवासी व्यक्ति द्वारा ही प्रतिभाग किया जाएगा। एंट्री के लिए आधार कार्ड अनिवार्य है। विधायक खेल स्पर्धा पंजीयन टेब पर रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। इस कार्यक्रम को लेकर मैनेजमेंट ने तैयारियां शुरू कर दी है।

# सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर निकाली पदयात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मोरना।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वी जयंती के अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष के नेतृत्व में भाजपाइयों द्वारा विशाल पदयात्रा मोरना क्षेत्र मे निकाली गयी जिसमें एनसीसी केडेट्स सहित छात्र छात्राओं ने भाग लिया। ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया।

पदयात्रा का शुभारम्भ जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल द्वारा फीता काटकर किया गया पदयात्रा क्षेत्र के गांव चौरावाला स्थित किसान मजदूर इंटर कॉलिज से आरम्भ होकर मोरना मे पहुंची। पदयात्रा में डीजे पर देशभक्ति गीतों पर भाजपाई जमकर थिरके, भारत माता की जयजयकार करते सेंकड़ो छात्र छात्राएं देश भक्ति से ओत प्रोत दिखाई पड़ी। समापन के अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर वीरपाल निर्वाल ने कहा कि 31



अक्टूबर से 25 नवंबर तक सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 की जयंती एकता दिवस के रूप में मनाई जा रही है जिसमें स्वच्छता कार्यक्रम पदयात्रा विद्यालयों में निबंध प्रतियोगिता चित्र प्रदर्शनी भाषण प्रतियोगिता रन पर यूनिट आदि कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं सरदार पटेल दूरदर्शी नेता व महान देश भक्त थे। पदयात्रा में मुख्य रूप से वीरेंद्र सिंह एमएलसी, प्रमुख अनिल राठी, अमित राठी, रामकुमार शर्मा,जोगिंदर सिंह, नितिन पोसवाल अनुराज पंवार, अरुण पाल, सुबोध सैनी, बुधराम प्रधान, जयकरण, प्रकाश वीर, रामकुमार, फूलचंद, संजय चौहान, संजय कोरी, बाबू प्रकाशवीर, कैप्टन प्रवीण चौधरी, सचिन ठाकुर आदि शामिल रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# विधायक व डीएम ने कराया 50 जोड़ों का विवाह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत जनपद शामली में कृष्णा गार्डन,माजरा रोड, शामली में कुल 50 जोड़ों का विवाह सकुशल सम्पन्न कराया गया, जिसमें विकासखंड शामली के 39, नगर पंचायत बनत का 1, ऐलम के 2, नगर पालिका कांधला के 4, नगर पालिका शामली के 4 जोड़ों का विवाह कराया गया है। इस अवसर पर प्रसन्न कुमार, विधायक, सदर, जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान, ब्लॉक प्रमुख पति जयदेव मलिक, भाजपा नगर महासचिव पुनीत द्विवेदी, अमित विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष, पश्चिमी उप्र ओबीसी मोर्चा, विनय कुमार तिवारी, मुख्य विकास अधिकारी शामली, मती रीतू रस्तोगी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, नाथूराम, खण्ड विकास अधिकारी, शामली आदि द्वारा प्रतिभाग किया गया। सर्वप्रथम जिला प्रशासन द्वारा जनप्रतिनिधियों का सम्मान करते हुए बुके, शॉल



आदि भेंट किए गए। प्रसन्न चौधरी, सदर विधायक द्वारा उपस्थित वर-वधू को आर्शीवाद देते हुए बताया गया कि चालू वर्ष में इस योजना में वर्तमान में सरकार द्वारा धनराशि की वृद्धि करते हुए रुपये 01.00 लाख प्रति जोडे हेतु निर्धारित किए गए है, जिनमें से रुपये 60,000/- की धनराशि कन्या के बैंक खाते में समाज कल्याण विभाग द्वारा भेजी जाएगी, रुपये 25,000/- की धनराशि में शासन द्वारा निर्धारित वैवाहिक सामग्री, चांदी की पायल, बिछिया आदि वर-वधू को दिए जाएंगे एवं रुपये 15000/- की सीमा के अन्दर मैरिज हॉल, टेण्ट, भोजन, सस्कार, शादी/निकाह आदि की समूचित हेतु व्यय किए जाने का प्राविधान है। विधायक द्वारा नवदम्पत्ति जोड़ों को विवाह प्रमाण पत्र वितरित किए गए। उनके द्वारा

## विवाहित जोड़ों को धनराशि देने का भी प्रावधान

बताया गया कि वर्तमान सरकार द्वारा कोई भेद-भाव न करते हुए सभी वर्गो अथवा धर्म के पात्र व्यक्तियों को ही लाभार्थीपरक योजना में लाभ दिलाए जाने का कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान द्वारा कहा गया कि सरकार की मंशानुसार प्रशासन द्वारा समाज के सबसे निर्धन एवं जरूरतमंद पात्र व्यक्ति को ही सरक. ारी योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है। इस वर्ष से प्रश्नगत योजना में बायोमैट्रिकध्फेसियल उपस्थिति के उपरान्त ही जोडो का विवाह निकाह सम्पन्न कराया जा रहा है।

तदोपरान्त जिलाधिकारी महोदय द्वारा वर-वधू को लड्डू एवं ड्राईफूट्स की टोकरियां वितरित की गई। जिला. धिकारी द्वारा बताया गया कि इस योजना का लाभ लेने के लिए रुपये 3.00 लाख की वार्षिक सीमा तक के पात्र व्यक्तियों द्वारा ऑनलाईन आवे. दन कर सकते है।मुख्य विकास अधिकारी शामली द्वारा कार्यक्रम का सफल संचालन कराते हुए कहा गया कि बिटियां की शादी करना सौभाग्य का कार्य है। आज के समारोह में 36 हिन्दू एवं 14 मुस्लिम जोडों का विवाह सम्पन्न कराया गया। इसी श्रंखला में कल दिनांक 18.11.2025 को विकासखण्ड ऊन जोडो का विवाह आर0के0 फार्म, पिण्डौरा रोड, ऊन में प्रस्तावित है। अन्त में वर-वधू को देय निर्धारित सामग्री का वितरण करते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा सभी का धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।



## यातायात सप्ताह के दौरान जागरूकता अभियान, 58 चालान किए गए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** यातायात सप्ताह के तहत थाना भवन पुलिस द्वारा कस्बे में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान मोटरसाइकिल, ई-रिक्शा और टेंपो चालकों को नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया गया। पुलिस टीम ने वाहन चालकों को मोड़ने से पहले संकेत देने, हेलमेट पहनने, ओवरलोडिंग न करने तथा बिना कागजात वाहन ना चलाने जैसे महत्वपूर्ण नियमों की जानकारी दी। इस दौरान मोटरसाइकिल चालकों का पूरा विवरण नाम, पिता का नाम, पता व मोबाइल नंबरकृनोट किया गया और उन्हें नियमों का कड़ाई से पालन करने की हिदायत दी गई। इसी क्रम में थाना भवन के चरथावल मोड़ पर ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। पुलिस ने मौके पर मोटरसाइकिल व कार के कुल 58 चालान किए। यह कार्रवाई ऑनलाइन प्रणाली के तहत की गई। टीम में इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार यादव, कस्बा इंचार्ज इंद्रसेन, लोकेश कुमार, प्रमोद कुमार सहित अन्य पुलिस अधिकारी शामिल रहे।पुलिस द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना और लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।



## पॉलीथीन विरोधी अभियान और कचरा प्रबंधन को लेकर नगर पंचायत सक्रिय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** सोमवार को नगर पंचायत थानाभवन द्वारा अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा एवं अध्यक्ष मुशयदा के निर्देशन में पॉलिथिन प्रतिबंध एवं कचरा प्रबंधन नियमों के तहत एक विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान स्वच्छता टीम ने बाजार क्षेत्र और मुख्य मार्गों पर निरीक्षण किया। अभियान के दौरान टीम ने प्रतिबंधित पॉलिथिन का उपयोग करने वालों पर सख्ती दिखाते हुए कुल ₹2000 का जुर्माना वसूला। इसके साथ ही खुले में कचरा डालने वालों के खिलाफ भी तत्परता से कार्रवाई की गई और मौके पर ही कई लोगों से रु. 200 का जुर्माना वसूला गया।अधिकारियों ने कहा कि नगर की स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने के लिए ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे। नगर पंचायत ने नागरिकों से अपील की है कि वे पॉलिथिन का प्रयोग बंद करें और कचरा केवल निर्धारित स्थान पर ही डालें, ताकि नगर को प्रदूषण मुक्त और स्वच्छ रखा जा सके।इस अभियान में नगर पंचायत कर्मियों वसिक अहमद, मनीष शर्मा, शुभम, कांत, कमल शर्मा आदि की प्रमुख भूमिका रही।

# रंजिश के चलते दो पक्षों में संघर्ष, सड़क पर हुए बवाल में तीन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** पीएनबी बैंक के निकट दो पक्षों में आपसी रंजिश के चलते जमकर बवाल किया।बवाल के चलते सड़क पर जाम के हालत पैदा हो गए।आरोप है कि शिकायत के बाद भी आरोपियों को नहीं पकड़ा जा सका।मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर जानकर वायरल हो रहा है।

चौसाना चौकी से महज 200 मीटर की दूरी पर दो पक्षों में जमकर संघर्ष हुआ। बताया गया है कि दोनों पक्षों का आपसी पारिवारिक विवाद था,जिसमे टिप्पणी को लेकर विवाद हो गया।आरोप है कि आशु पक्ष अपनी दुकान पर बैठा था उसी दौरान वसीम पक्ष के आधा दर्जन लोग ईट पत्थर लेकर आए और ताबड़तोड़ हमला कर दिया।जिसमे आशु पक्ष के नवाब ,आशु व एक अन्य को गंभीर चोट आई है।जिसको पुलिस ने



उपचार के लिए सीएचसी पर भेजा है। वही आशु पक्ष ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

### एक घंटे ने खुला जाम, रेंगते रहे वाहन

संघर्ष के दौरान सड़क पर लम्बा जाम लग गया। जिसके कारण लोगों को सड़क पर है इंतजार करना पड़ा।करीब एक घंटे के बाद मार्ग से वाहन छठे तो रास्ता खुला। वाहनों को रेंगते हुए बाजार क्रॉस करनी पड़ी।

## एक नजर

### अवैध कटान पकड़ा, दो पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** ग्राम हथछोया में ईदगाह के पास अवैध रूप से पेड़ों की कटाई का मामला गश्त के दौरान सामने आया। पुलिस को दी तहरीर में वनरक्षक संदीप राणा ने बताया कि वह अपने हमराह कर्मियों के साथ सुबह क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। तभी कुछ लोग आम के पेड़ काटते हुए दिखाई दिए। टीम को आता देख सभी मौके से फरार हो गए। जांच में आठ नवीन कटे आम कलमी वृक्ष मिले। आसपास पूछताछ करने पर पता चला कि यह बाग ग्राम हथछोया के दो व्यक्तियों इरफान और जाबिर का है, जिनके यहां पूर्व में भी वन विभाग द्वारा आम के पेड़ काटने पर 14 नवंबर 2025 को जुर्माना लगाया जा चुका है। इसके बावजूद 16 नवंबर 2025 को दोबारा पेड़ों की कटाई करा दी गई। मौके से बरामद ट्रैक्टर ट्राली टाटा आम लकड़ी को प्रभागीय वनाधिकारी कार्यालय शामली में जमा कर सीज की कार्रवाई की गई है। वन विभाग की तहरीर के आधार पर पुलिस ने दोनों नामजद व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### वीवी पीजी में आंतरिक परीक्षा संपन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अन्तर्गत शहर के वीवी पीजी कालेज में महाविद्यालय की आंतरिक परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसमे बीए व एमए के प्रथम, तृतीय व पंचम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। नई शिक्षा नीति के अनुरूप विद्यार्थियों के सतत एवं समग्र मूल्यांकन के तहत यह आंतरिक परीक्षा आयोजित की गई है। परीक्षा के दौरान अलग-अलग विषयों के प्रश्नपत्र विद्यार्थियों को निर्धारित समय पर उपलब्ध कराए गए। महाविद्यालय के विभिन्न कक्षों में बनाए गए केंद्रों पर छात्र-छात्राओं ने शांतिपूर्ण वातावरण में परीक्षा दी। कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर सुधीर कुमार ने बताया कि आंतरिक परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों की नियमित अध्ययन क्षमता, विषय-समझ और शैक्षणिक प्रगति का आकलन करना है। परीक्षा संचालक प्रोफेसर भूपेन्द्र कुमार व प्रोफेसर प्रताप सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार अब आंतरिक मूल्यांकन का महत्व और बढ़ गया है, जिससे विद्यार्थियों को पूरे सत्र में निरंतर पढ़ाई के लिए प्रेरित किया जाता है। शिक्षकों की निगरानी में परीक्षाएं सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हुईं। परीक्षा को लेकर कडे प्रबंध किए गए थे।

### अवैध शराब भट्टी पकड़ी 45 लीटर कच्ची शराब बरामद, एक आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** शराब माफियाओं के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से चलाई जा रही शराब की भट्टी पर छापेमारी करते हुए 45 लीटर अवैध कच्ची शराब, शराब बनाने के उपकरण तथा 100 लीटर लहन बरामद कर नष्ट कर दिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी दीपक निवासी ग्राम अहमदगढ़ अवैध रूप से कच्ची शराब का निर्माण कर उसकी तस्करी में लिप्त था। पुलिस को 45 लीटर अवैध कच्ची शराब, 01 ड्रम, 01 पतीला, 01 कनस्तर मय स्टील प्लेट, 01 गैस चूल्हा, रेगुलेटर व पाइप, तथा एक घरेलू एचपी गैस सिलेंडर सहित कई उपकरण बरामद किए। पुलिस ने मामले में संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### माता वैष्णो देवी के लिए रेलगाड़ी संचालित करने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** अग्रवाल मित्र मंडल के पदाधिकारियों ने उत्तर रेलवे के डीआरएम पुष्पेश रमन त्रिपाठी को ज्ञापन सौंपकर शामली-बड़ौत-बागपत होते हुए लखनऊ तथा माता वैष्णो देवी के लिए रेलगाड़ी संचालित किए जाने की मांग की है। सोमवार को मित्र मंडल के पदाधिकारियों ने अमृत भारत रेलवे स्टेशन, शामली के दौरे पर आए डीआरएम का स्वागत किया गया। उन्होंने बताया कि डीआरएम द्वारा भीड़ प्रबंधन के लिए चलाई गई दो नई रेल सेवाएं लोनी, बागपत, बड़ौत व शामली क्षेत्र के लोगों के जीवन में बड़ा परिवर्तन लाने वाली हैं। उन्होंने मांग की कि शामली-बड़ौत-बागपत मार्ग से लखनऊ व माता वैष्णो देवी के लिए नई लंबी दूरी की ट्रेनें अवश्य संचालित की जाए। इससे क्षेत्र में परिवहन सुविधाओं के साथ-साथ शिक्षा, रोजगार और व्यावसायिक गतिविधियों को नया आयाम मिलेगा। पदाधिका. रियों ने कहा कि लंबी दूरी की रेल सेवाएं शुरू होने से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लोग दीर्घकाल तक रेलवे प्रशासन के आभारी रहेंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में सचिव अनुज बंसल, आकाश गोयल, संजय गोयल उर्फ बॉबी, शशिकांत, रामकुमार गोयल सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में महिला सहित दो की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नगर एवं क्षेत्र में अलग-अलग सड़क हादसे के दौरान एक महिला व एक युवक की मौत हो गई शव पोस्टमार्टम से आने के बाद परिजनों ने गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।नगर के मोहल्ला शेखजादगान निवासी बिट्टू विगत गुरुवार को अपनी पत्नी अंजलि के साथ किसी कार्य से शामली गया हुआ था और अपना कार्य समाप्त कर वापस आ रहा था। बाइक सवार दंपति जैसे ही थाना क्षेत्र के दिल्ली रोड स्थित गांव जसाला के समीप पहुंचे तो अज्ञात वाहन की चपेट में आकर घायल हो गए थे। आसपास के लोगों ने उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया था चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर महिला की गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया था। सोमवार को उपचार के दौरान घायल महिला की मौत हो गई महिला की मौत से परिजनों में को. हराम मच गया। शव पोस्टमार्टम से आने के बाद परिजनों ने गमगीन माहौल में दाह संस्कार कर दिया है। दूसरी और गांव मलकपुर निवासी इनाम का 18 वर्षीय पुत्र सोहिल सहारनपुर के कस्बा सरसावा में हाईवे पर डिवाइडर निर्माण कार्य करने के लिए गया हुआ था बस की चपेट में आकर युवक की मौके पर ही मौत हो गई। शव पोस्टमार्टम से आने के बाद परिजनों ने गमगीन माहौल में सुपुर्द ए खाक कर दिया है। परिजनों में को. हराम मचा हुआ है।

## तेज रफ्तार जीप की टक्कर से महंत सतबीर दास की मौत, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**झिंझाना।** कस्बा ऊन के पास हुए सड़क हादसे में गुरु रविदास आश्रम गुरु गद्दी ऊन के महंत सतबीर दास की मौत हो गई। हादसा शुक्रवार देर शाम करीब 3:30 बजे उस समय हुआ जब महंत सत्यवीर दास झिंझाना से ऊन स्थित आश्रम की ओर जा रहे थे। आचार्य कांवरपाल द्वारा दी तहरीर में बताया कि महात्मा सतबीर दास पुत्र स्व। छुहारा सिंह निवासी गुरु रविदास आश्रम गुरु गद्दी ऊन, ठाकुरद्वारा कस्बा ऊन में प्रबंधक के रूप में सेवारत थे। वह ऊन रोड होली हेवन स्कूल के पास सड़क किनारे अपनी साइड में खड़े थे। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार और अनियंत्रित जीप ने लापरवाही से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि महंत सतबीर दास गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के समय मौके पर मौजूद बिरमपाल ने जीप चालक और उसमें सवार लोगों की पहचान कर ली। हादसे के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल महंत को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ऊन ले जाया गया, जहां रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। महंत को समाधि देने के बाद उनके परिजनों व आश्रम प्रबंधन की ओर से थाने में तहरीर दी गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जीप चालक और अन्य आरो. पियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

## पुलिस अलर्ट मोड पर, डॉग स्क्वायड के साथ सघन चेकिंग अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** दिल्ली में लाल किले के निकट हुए भीषण कार विस्फोट की घटना के बाद पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। ब्लास्ट में कई लोगों की मौत तथा कई घायल होने के बाद जिले में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। इसी के तहत सोमवार को कस्बे में पुलिस ने भीड़-भाड़ वाले इलाकों, दिल्ली बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर डॉग स्क्वायड टीम के साथ सघन चेकिंग अभियान चलाया।उप निरीक्षक सुभाष सिंह एवं नरेंद्र वर्मा ने पुलिस बल तथा डॉग स्क्वायड टीम के साथ संयुक्त रूप से संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की गहन जांच की। जगह-जगह पुलिस को चेकिंग करते और डॉग स्क्वायड टीम को देखकर लोगों में हड़कंप का माहौल बना रहा। पुलिस टीम ने संदिग्ध लोगों की तलाशी के साथ कई स्थानों पर वाहन चेकिंग भी की।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि एसपी के आदेश पर डॉग स्क्वायड टीम के साथ चेकिंग अभियान चलाया गया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए किसी भी असामाजिक तत्व को बख्शा नहीं जाएगा तथा सख्त चेतावनी जारी की गई है।

## लखपति महिला कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय समन्वय समिति बैठक संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तगर्त लखपति महिला कार्यक्रम अन्तगर्त जिला स्तरीय समन्वय समिति बैठक का आयोजन मुख्य विकास अधिक. ारी विनय कुमार तिवारी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार शामली में किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कहा गया कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को अन्य विभागों से कन्वर्जेंस कराकर लाभ दिलाया जाए। सामाजिक रूप से कमजोर वर्ग के आथिर्क उत्थान में स्वयं सहायता समूह महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि स्वयं सहायता समूह की आर्थिक आवश्यकता अत्यंत छोटी-छोटी होती है। कन्वर्जेंस के माध्यम से स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं की आय को बढाया जा सकता हैं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के साथ-साथ विभाग अपने यहां से किस प्रकार से समूह की महिला कैडर को लाभ दे सकते हैं। बैठक में प्रेम चन्द उपायुक्त स्वत: रोजगार द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को कन्वर्जेंस के माध्यम से अधिक सहायता उपलब्ध कराए जाने के सम्बन्ध में बताया गया। प्रेम चन्द उपायुक्त (स्वत: रोजगार) द्वारा बैठक में सम्मिलित विभागों को निर्देशित किया गया।

# पालिका अध्यक्ष पर भ्रष्टाचार के आरोप, वायरल वीडियो बना चर्चा का विषय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बा निवासी एक व्यक्ति द्वारा नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया गया, जो नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है।

सोमवार को कस्बा निवासी तनवीर अंसारी ने अपना वीडियो जारी कर बताया कि पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम ने चुनावी घोषणा पत्र में किए गए वादों को पूरा नहीं किया। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष ने कस्बे को,पेरिस' बनाने का वादा किया था, लेकिन अपने कार्यकाल में सड़कों की दुर्दशा तक सुधरवाना मुमकिन नहीं कर पाए।

वायरल वीडियो में आरोप लगाया गया है कि पालिका अध्यक्ष अपने परिचित ठेकेदारों को ही सड़क निर्माण के ठेके देते हैं और उनसे मोटी रकम की वसूली करते हैं। कई बार सड़क निर्माण कार्य निरस्त कर धनरा. शि निकालने का भी आरोप लगाया गया है। आरोप यह भी है कि कुछ लोग पालिका में कागजों पर नौकरी करते हैं, जबकि वास्तविक रूप से कार्य नहीं करते और हर माह वेतन प्राप्त करते हैं। तनवीर अंसारी ने दावा किया कि पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम कथित रूप से कमीशन पर कार्य कर रहे हैं तथा सरकारी धन का दुरूपयोग किया जा रहा है।पीड़ित के अनुसार, उसने कई बार शिकायत की है, लेकिन कर्मचारियों और अध्यक्ष के खिलाफ किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई। इसी के विरोध में उसने



अपना वीडियो वायरल कर नगर पालिका में चल रहे कथित भ्रष्टाचार की जांच कराने की मांग की। वायरल वीडियो नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है।मामले पर पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम का कहना है कि उन पर लगाए गए सभी आरोप पूर्णत: बेबुनियाद और तथ्यहीन हैं।

## ग्रामीण का बैंक खाता कर्मचारियों ने किया होल्ड ,कार्रवाई की मांग

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव भारसी निवासी ग्रामीण के बैंक खाता, बैंक शाखा ने होल्ड कर दिया पीड़ित ग्रामीण ने गांव के एक युवक पर कार्रवाई की मांग करते हुए थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। सोमवार को थाना क्षेत्र के गांव भारसी निवासी ग्रामीण बृजपाल ने बताया कि कई दिन पूर्व उसके पड़ोस के युवक अंकुर ने पीड़ित को बताया कि अपना बैंक खाता दे दीजिए उसमें कहीं से 50 हजार रूपए मागाने हैं। पीड़ित के बैंक खाते में रूपए आ जाने के बाद पीड़ित ने रूपए निकाल कर पड़ोसी युवक को दे दिए थे। सोमवार को पीड़ित अपने बैंक खाते से रूपए निकालने के लिए आया था तो बैंक कर्मचारियों के द्वारा बताया गया कि आपके खाते में आई रकम धोखाधड़ी द्वारा मंगाई गई है। जिस कारण आपका बैंक खाता होल्ड कर दिया गया है। पीड़ित ग्रामीण ने थाने पर पहुंच कर पड़ोसी युवक के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस जांच में जुटी हुई है।

## चौसाना चौकी पर खडी बाइक का शामली पुलिस ने काट दिया चालान ,पुलिस की लापरवाही से पीडित परेशान

**चौसाना।** पुलिस की लापरवही का एक जीता जागता उदाहरण सामने आया है। दरअसल तीन सालों से पुलिस चौकी पर खडी बाइक का पुलिस ने चालान कर दिया। मामला जब उजागर हुआ जब पीडित के मोबाईल नम्बर पर चालान कटने का मैसेज मिला। पीडित का आरोप है कि शिकायत के बाद भी मामले की सुनवाई नही हो सकी। चौसाना चौकी क्षेत्र के गांव लव्वादाउदपुर निवासी विनय प्रताप की वर्ष 2022 को गढी हसनपुर मेले से चोरी हो गई थी। जिसके सम्बंध में ऊन पुलिस चौकी पर मामले को दर्ज किया गया। पुलिस ने अग्रिम कार्यवाही करते हुए मुकदमें को चौसाना पुलिस को हस्तातंरित कर दिया। पुलिस ने घटना का अनावरण करते हुए तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया और चोरी की बाइको को भी बरामद कर लिया था। पीडित का आरोप है कि बीते 13 नवम्बर को पीडित बाइक स्वामी के पास चालान कटने का मैसेज मिला। जिसके बाद पीडित चौंक गया और पूछताछ करने पर पता लगा कि बाइक को चोरी के आरोप व बरामदगी मे चौकी पर खडी है। जिसको छुडाने के लिए विनय के परिजन अनुप कुमार पुलिस चौकी चौसाना पहुॅचा तो बताया गया कि वास्तविक स्वामी को ही सुपूर्द कर सकते है। जो वर्तमान मे विदेश मे रहता है।

### लापरवाही से पीडित के उड़े होश

**चौसाना।** पीडित ने बताया कि पुलिस कस्टडी मे खडी बाइक का पुलिस ने लापरवाही करते हुए 2179रू0 का चालान बना दिया। सवाल उठता है कि अगर बाइक पुलिस चौकी पर खडी थी तो किसकी लापरवाही से बाइक का चालान कटा। हमने पूरे मामले की जानकारी की तो पता लगा कि शामली मे बाइक का चालान कटा। लेकिन जिस बाइक का चालान कटा वह पैसन प्रो दिखाई पडी जबकि चालान स्पलेंडर बाइक का है। समय बीतने के बाद भी पुलिस फर्जी नम्बर प्लेट वाली बाइक को बरामद नही कर सकी।

## बंदर और कुत्ते के हमले से दो बच्चे घायल, परिजनों में दहशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के कस्बा एलम में अलग.अलग हुई दो घटनाओं में बंदर और कुत्ते ने दो मासूम बच्चों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया।

अचानक हुए इन हमलों से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से कस्बे में आवारा बंदरों और कुत्तों को पकड़ने की मांग की है।कस्बा एलम निवासी नौ वर्षीय जतिन किराना की दुकान पर खड़ा था। इसी दौरान एक आवारा कुत्ते ने अचानक उस पर हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया।

शोर सुनकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने किसी तरह बच्चे को बचाया।वहीं दूसरी घटना में तीन वर्षीय दीपक अपने घर के आंगन में खेल रहा था, तभी एक बंदर ने उस पर झपट्टा मारकर घायल कर दिया। दीपक के रोने की आवाज सुनकर परिजन तुरंत बाहर आए और उसे बचाया।दोनों ही घायल बच्चों को परिजन तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने रेबीज व अन्य आवश्यक इंजेक्शन लगाकर उपचार किया।स्थानीय लोगों ने बताया कि क्षेत्र में पिछले कई दिनों से बंदरों और आवारा कुत्तों की संख्या बढ़ रही है, जिसके चलते बच्चों और बुजुर्गों में खौफ बना हुआ है। लोगों ने नगर पंचायत और वन विभाग से जल्द कार्रवाई की मांग की है।

# सुनार की दुकान से लाखों के जेवर चोरी करते महिला पकड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर कोतवाली पुलिस द्वारा शहर व गढीपुख्ता में सुनार की दुकान से लाखों रूपये की कीमत के जेवरात चोरी करने की आरोपी एक महिला चोर को चैकिंग के दौरान गिरफ्तार किया है। जिसके पास से चुराई गई सोने की चैन व कुंडल बरामद किए हैं। बरामद किए गए सामान की कीमत करीब ढाई लाख रूपये बताई गई है।

सोमवार को शहर कोतवाली में आयोजित पत्रकार वार्ता में एएसपी सुमित शुक्ला ने जानकारी देकर बताया कि कोतवाली पुलिस द्वारा वांछित अपराधियों को पकड़ने के लिए चैकिंग अभियान चलाया जा रहा था। तभी पुलिस ने कैराना पूर्वी यमुना नहर के पास सुनारों की दुकानों से लाखों रूपये सोने के आभूषण चोरी करने वाली वांछित अभियुक्ता रोशन उर्फ पोपल पत्नी हाजी फुरकान निवासी महौल्ला पक्का बाग कस्बा धामपुर जिला बिजनौर को गिरफ्तार कर लिया। जबकि महिला का साथी बाबू निवासी धामपुर फरार होने में कामयाब रहा। पकड़ी गई महिला की



निशानदेही पर पुलिस ने शामली व गढीपुख्ता स्थिति सुनारों की दुकान से चोरी की गई सोने की चौन, सोने के कुंडल बरामद किए हैं। एएसपी ने बताया कि वह अपने साथी जो रिश्ते में महिला का चाचा लगता है। उसके साथ मिलकर पिछले तीन सालों से चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रही थी। जिनके खिलाफ जनपद के बिजनौर के विभिन्न थानों अयोध्या, गाजियाबाद, शामली व गढीपुख्ता में एक दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। महिला ने बताया कि विधवा होने के कारण व आर्थिक तंगी के चलते अपने रिश्ते के चाचा के साथ मिलकर चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रही थी।

## गल्ले से 1990 रूपए उड़ाए, सीसीटीवी में कैद संदिग्ध

**चौसाना।** कस्बे स्थित जरनल स्टोर से अज्ञात युवक दिनदहाड़े करीब दो हजार रूपए निकालकर फरार हो गया। घटना सोमवार दोपहर की है। पीड़ित व्यापारी ने चौकी पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। पास के बुक सैंटर पर लगे कैमरे में एक संदेहास्पद युवक नजर आया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। चौसाना मैंन कस्बे में, ग्राम कलालहटी जिला सहारनपुर निवासी उमेश का जनरल स्टोर है। सोमवार को लगभग 14:45 बजे भीड़ कम होने पर एक युवक मौके का लाभ उठाकर गल्ले से 1990 रूपए निकाल ले गया। दुकानदार को कुछ देर बाद चोरी का पता चला। आसपास खोजबीन की गई, लेकिन आरोपी का कोई सुराग नहीं मिला। उमेश ने बताया कि पास स्थित बुक सैंटर की सीसीटीवी फुटेज में एक युवक संदिग्ध स्थिति में दिखाई दे रहा है। फुटेज के आधार पर पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है। चौकी प्रभारी खूब सिंह ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो गई है, फुटेज की जांच की जा रही है और आवश्यक कार्रवाई की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है।

## दो बाइकों की भिड़ंत, मां-बेटी सहित बाइक चालक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के दिल्ली रोड स्थित भारसी मोड़ के समीप दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में एक बाइक पर सवार महिला, उसकी मासूम बेटी और बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने तुरंत 108 एंबुलेंस को सूचना दी, जिसके बाद घायलों को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने बाइक चालक की हालत नाजुक देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जबकि महिला और बच्ची को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।शामली के थाना आदर्श मंडी क्षेत्र के गांव मालेडी निवासी सीमा ने बताया कि वह अपने पुत्र सावन व 11 वर्षीय बेटी राधिका के साथ रमाला जिला बागपत से रिश्तेदारी से लौट रही थीं। जैसे ही वे भारसी मोड़ के पास पहुंचे, तभी विपरीत दिशा से आ रहे एक बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना के बाद दूसरा बाइक सवार अपनी बाइक सहित मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने तत्काल एंबुलेंस बुलाकर घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया।

# मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों व ईआरओ की बैठक संपन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीएम अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट कार्यालय में मतदेय स्थलों के सम्भाजन को लेकर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों एवं ईआरओ की बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्वाचन अधिकारी ने समय-सारणी के अनुसार मतदेय स्थलों के निर्धारण, पुनर्निर्धारण और सत्यापन की विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि मतदेय स्थलों पर भौतिक सत्यापन तथा नए स्थलों हेतु भवनों का चिन्हांकन 4 नवंबर तक किया गया। राजनीतिक दलों के साथ बैठक कर प्रस्ताव तैयार करने की समय-सीमा 7 नवंबर निर्धारित थी। मतदेय स्थलों की आलेख्य सूची 10 नवंबर को प्रकाशित की गई तथा उसी दिन यह सूची मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को भी उपलब्ध करा दी गई। आलेख्य सूची पर आपत्तियां व सुझाव भी 10 नवंबर तक आमंत्रित किए गए थे।

किसी भी राजनीतिक दल द्वारा कोई आपत्ति या सुझाव प्रस्तुत नहीं किए गए। डीएम ने बताया कि 7 नवंबर को हुई बैठक में राजनीतिक दलों से 9 और 10 नवंबर को सुझाव देने को कहा गया था, परंतु कोई सुझाव प्राप्त न होने के बाद मतदेय स्थलों का आलेख्य प्रकाशन कर दिया गया था।आज 17 नवंबर को आयोजित तीसरी बैठक में भी किसी दल के अध्यक्ष या मंत्री द्वारा कोई आपत्ति अथवा सुझाव प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके बाद विधानसभा क्षेत्रों के अनुरूप मतदेय स्थलों की नई सूची तैयार कर ली गई है, जिसे 18 नवंबर 2025 को अंतिम रूप प्रदान कर दिया जाएगा। बैठक में एडीएम सत्यंद्र सिंह, एडीएम न्यायिक परमानंद झा, डिप्टी कलेक्टर व प्रभारी अधिकारी जिला निर्वाचन कार्यालय हामिद हुसैन, सुभाष चंद्र सीपीआई, अखलाक प्रधान कांग्रेस, सन्नी कांग्रेस, अशोक चौधरी समाजपादी पार्टी, बीर सिंह बसपा, वीरपाल सिंह बसपा मौजूद रहे।

## सुरक्षा जवानों की भर्ती के लिए रोजगार मेले का आयोजन, युवाओं के लिए सुनहरा अवसर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी के निर्देशानुसार जनपद में बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए रोजगार मेलों की श्रंखला शुरू की गई है। इसी क्रम में एस आई एस, दिल्ली द्वारा सिक्योरिटी गार्ड एवं सुपरवाइजर पदों के लिए भर्ती शिविर का आयोजन किया जा रहा है। 18 नवंबर को लाला लाजपत राय इंटर कॉलेज, थानाभवन तथा 19 नवंबर को जनता इंटर कॉलेज, बाबरी में रोजगार मेला आयोजित होगा। इसके अलावा 27 नवंबर तक कैराना व शामली के विभिन्न विद्यालयों में भी रोजगार मेला आयोजित किए जाएंगे।जिला सेवायोजन अधिकारी अजय कुमार ने बताया कि एस आई एस दिल्ली कम्पनी द्वारा 500 सिक्योरिटी गार्ड पदों के लिए साक्षात्कार आयोजित किए जाएंगे। अभ्यर्थी की आयु 19 से 40 वर्ष, ऊंचाई 168 सेमी, वजन 56 से 90 किलो तथा शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल पास अथवा फेल इंटरमीडिएट होनी चाहिए। चयनित उम्मीदवारों को घ्350शुल्क जमा करना होगा।भ्यर्थियों को अपने साथ बायोडाटा और आधार कार्ड लेकर आना आवश्यक है। मेला प्रातः 10रू00 बजे से सायं 4रू00 बजे तक आयोजित होगा। सभी ब्लॉक के युवाओं को इसमें शामिल होने का अवसर मिलेगा। प्रशासन ने युवाओं से इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

## रेहड़ा सवार किसान और भतीजे पर हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थाना भवन।** थाना भवन क्षेत्र के ग्राम रशीदगढ़ निवासी नाथीराम और उनके भतीजे जसबीर पर बीती रात अज्ञात बदमाशों ने जानलेवा हमला कर दिया। नाथीराम ने थाना भवन थाने में तहरीर देकर बताया कि घटना शनिवार रात लगभग 9 बजे की है जब नाथीराम घर पर मिस्त्री के कार्य को देखने के बाद उसे रेडे में बिठाकर थाना भवन छोड़ने आए थे। मिस्त्री को छोड़कर जैसे ही वे और उनका भतीजा रेडे से वापस लौट रहे थे, तभी किसान इंटर कॉलेज थाना भवन से आगे जोहड़ के निकट मौजूद बाइक सवार अज्ञात युवकों ने उनका रास्ता रोक लिया।रिपोर्ट के अनुसार, बाइक सवार चारों आरोपियों ने रेडा रुकवाकर नाथीराम और जसबीर पर अचानक हमला कर दिया। हमलाव. रों ने दोनों की बेरहमी से पिटाई की और इनमें से एक ने धारदार हथियार से नाथीराम के सिर पर वार कर गंभीर चोट पहुंचाई, जिससे उनके सिर से काफी खून बहने लगा। हमले के बाद दोनों घबराकर अपनी जान बचाते हुए थाना भवन कस्बे की ओर भागे।घायल नाथीराम ने थाना भवन पहुंचकर तहरीर देकर बताया कि घटना स्थल के आसपास लगे ब्ब्ज्ट फुटेज की मदद से आरो. पियों की बाइक और उनकी पहचान का पता लगाया जा सकता है। उन्होंने स्वास्थ्य उपचार और मेडिकल रिपोर्ट सहित चारों अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है।थाना प्रभारी निरीक्षक ने मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई का आश्वा. सन दिया है।

## आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के परिप्रेक्ष्य में पदाधिकारियों के साथ बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 13.12.2025 के आयोजन में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण सुनिश्चित कराने हेतु आज बैठक आहूत की गई, जिसकी अध्यक्षता मती ऋतु नागर, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीशध्ध्वरित न्यायालय शामली द्वारा की गई, जिसमें, मती आंचल कसाना, प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शामली, हामिद हुसैन (नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत), श्याम सिंह (पुलिस क्षेत्राधिकारी कैराना), अमरदीप कुमार (पुलिस क्षेत्राधिकारी शामली), रो. हित राजपूत (एआरटीओ, शामली), अर्जुन चौहान (तहसीलदार, कैराना), ललीता चौधरी (तहसीलदार, ऊन), गोरव कुमार (नयाब तहसीलदार, कैराना), व सुकविंदर सिंह (ट्रैफिक पुलिस) आदि उपस्थित हैं।बैठक में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाए जाने के बारे में उपस्थित पदा. धिकारियों के साथ विचार विमर्श किया गया तथा राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण अन्तिम रूप से कराकर राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाए जाने हेतु अपना योगदान प्रदान करने हेतु कहा गया।

# डेंगू से पीड़ित बुजुर्ग की मौत से मचा कोहराम, स्वास्थ्य विभाग बेखबर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** चौसाना में डेंगू का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। बताया गया है कि 50 वर्षीय राशिद पुत्र खुर्शीद की डेंगू से मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि लगभग 15 दिन पहले राशिद की रिपोर्ट में डेंगू की पुष्टि हुई थी। वही चिकित्सा विभाग ने जानक. ारी से इंकार किया है। मृतक के परि. जनो ने बताया कि गंभीर हालत के चलते पहले उन्हें करनाल के कल्पना चावला हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां कई दिनों तक उनका इलाज चलता रहा। बाद में तबीयत और बिगड़ने पर परिजन उन्हें एक प्राइवेट हॉस्पिटल ले गए, लेकिन डॉक्टरों के प्रयासों के बावजूद मंगलवार देर शाम उपचार के दौरान ही उनकी मौत हो गई।परिवार के सदस्य मुबारिक अली ने बताया कि पूरा परिवार डेंगू की चपेट में था, हालांकि अब सभी की हालत सामान्य है, लेकिन एक सदस्य राशिद की जान नहीं बच पाई। घटना से गांव में शोक की लहर फैल गई है। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग से डेंगू की रोकथाम के लिए तत्काल और प्रभावी कदम उठाने की मांग की है, ताकि आगे और किसी परिवार को ऐसी स्थिति का सामना न करना पड़े।

**शामली शामला मे डेंगू के सबसे अधिक मरीज**

**चौसाना।** बीतें एक महीने से शामली शामला मे भी डेंगू के मरीजो की संख्या बढी है। स्थानीय चिकित्सक ने नाम ना छापने की शर्त पर बताया कि सबसे अधिक मरीज शामली शामला मे है। जहॉ इलाज का भी कोई उचित साधन नही है।

...................................

डेगू के पॉजिटिव मरीज होने की पुष्टि नही है। प्रत्एक पीचएसी व सीएचसी पर डेंगू की जांच की जाती है। एक महीने पूर्व शामली शामला मे शिकायत मिली थी,जहॉ कैम्प कराया गया था और छिडकावं भी कराया गया था। चौसाना मे अगर डेंगू है तो कैम्प कराया जाएगा और चिकित्सको की टीम कैम्प करेगी।

**डा० तरुण कुमार, प्रभारी चिकित्सक ऊन**

## कूड़े के ढेर में भीषण आग, धुआं फैलने से मोहल्लेवासी परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला रायजादगान स्थित बाल शमशान भूमि के निकट डाले गए कूड़े के ढेर में सोमवार को अचानक संदिग्ध परिस्थितियों में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते उठे घने धुएं से पूरे मोहल्ले में धुआं फैल गया, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा और घरों में रहना तक मुश्किल हो गया। घटना के दौरान आसपास के लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर पानी डालकर आग पर काबू पाया। स्थानीय निवासी किरणपाल, राजेश, मुकेश सहित आदि का कहना है कि कूड़ा न उठाए जाने के चलते यहां कूड़े का बड़ा ढेर बना रहता है, जिसके कारण ऐसे हादसे होते हैं।मोहल्लेवासियों ने पालिका प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए बताया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई भी पालिका कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा। लोगों का कहना है कि अगर समय रहते कूड़ा उठाया जाता तो ऐसी स्थिति पैदा न होती। कूड़े के ढेर में लगी आग से मोहल्ले में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

# छात्रवृत्ति तिथि बढ़ाए जाने को ज्ञापन सौंपा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** वित्तविहीन विद्यालय प्रबंधन महासभा के पदाधिकारियों ने जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय पहुंचकर शैक्षिक सत्र 2025-26 के लिए छात्रवृत्ति आवेदन पत्रों को अग्रसारित करने की तिथि बढ़ाए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

सोमवार को पदाधिकारियों ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि पूर्व-दशम तथा दशमोत्तर कक्षाओं के लिए जारी समय-सारणी के अनुसार छात्रवृत्ति आवेदनों को अग्रसारित करने की अंतिम तिथि 6 नवंबर निर्धारित थी, लेकिन निर्धारित अवधि के दौरान छात्रवृत्ति पोर्टल सही ढंग से कार्य न करने के कारण अनेक विद्यालयों के छात्र आवेदन अग्रसारित नहीं करा सके। इसके अतिरिक्त इस वर्ष प्रत्एक छात्र की अनिवार्य बायोमैट्रिक सत्यापन प्रक्रिया के चलते भी काफी संख्या में बच्चे छूट गए। कई छात्रों के आधार कार्ड अपडेट न होने से उनके फिंगरप्रिंट मेल नहीं खा रहे हैं।

जिसके कारण बायोमैट्रिक सत्यापन संभव नहीं हो पा रहा है। वहीं शासन के निर्देशों के अनुसार यू-डायस पर विद्यार्थियों के आधार अपडेट कराना भी अनिवार्य है, लेकिन जनपद में आधार केंद्र सीमित होने के चलते यह कार्य समय पर पूरा नहीं हो पा रहा है।

महासभा ने मांग की है कि प्रत्येक विद्यालय में अस्थाई आधार केंद्र स्थापित करवाकर विद्यार्थियों के आधार अपडेट कराने की व्यवस्था कराई जाए।

साथ ही छात्रवृत्ति आवेदन अग्रसारण की तिथि को बढ़ाकर 10 दिसंबर तक की जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में रामपाल सिंह जांगड़ा, गुफरान अली, सुखबीर सिंह सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सऊदी में 42 लोगों की मौत पर दुख प्रकट किया



**शामली।** सऊदी में 42 भारतीयों की मौत से पूरे देश में दुख छा गया है। मुस्लिमों ने उमरा करने गए भारतीय की मौत पर दुख प्रकट करते हुए खुदा से उनकी मगफिरत फरमाए जाने की दुआ मांगी है। सऊदी में उमराह करने गए भारतीयों की बस टैंकर से भिड गई। जिसमें 42 भारतीयों की मौत हो गई है। यह बस डीजल टैंकर से टकराई है। टक्कर होने से लगी भीषण आग में सभी लोगों की जलकर मौत हुई है। इसमें 20 महिलाऐं व 11 बच्चे भी शामिल है। भारतीयों की मौत पर जमीअत उलेमा-ए हिन्द ने दुख प्रकट किया है। सोमवार को कस्बा जलालाबाद में जामिया मिफ्ताहिल उलूम में हादसे में मारे गए लोगों के की मगफिरत के लिए दुआ कराई गई। इसमें जमीअत के जनरल सैकेट्री मौलाना अयूब ने कहा कि उमराह करने के लिए जा रहे सभी लोग हैदराबाद के निवासी थे, उनकी मौत से सभी को दुख पहुंचा है। इस अवसर पर मौलाना शोयब, मौलाना अयूब, मुफ्ति अब्दुल्लाह, कारी मुनीर, मौलाना वसीम आदि मौजूद रहे।

## बजरंग दल ने दिखाया समर्पण, मृत गोवंश का किया अंतिम संस्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कांधला।** विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने एक बार फिर गौ-सेवा और मानवता की मिसाल पेश की। नेशनल हाईवे किनारे मृत अवस्था में पड़े एक गोवंश की सूचना पर कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और पूरे विधि-विधान से उसका अंतिम संस्कार किया। क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से एक गाय की दर्दनाक मौत हो गई थी। घटना की जानकारी मिलते ही प्रखंड मंत्री अभय हुड्डा, रवि कश्यप, आशीष सहित बजरंग दल के कार्यकर्ता तथा पुलिस मौके पर पहुंच गई। गोवंश के शव को हटाने के लिए प्रारंभिक तौर पर जेसीबी उपलब्ध न होने के बावजूद कार्यकर्ताओं ने हिम्मत नहीं हारी और स्वयं ग्ग़ा खुदवाना शुरू कर दिया। बाद में प्रशासन की ओर से जेसीबी उपलब्ध कराए जाने पर गोवंश के अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूर्ण की गई।

# मेधवी छात्रों, अभिभावकों व शिक्षकों की गोष्ठी का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में कक्षा 12 के मेधावी छात्रों, अभिभावकों एवं शिक्षकों की गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्रबन्धक सुमीत कुमार ने की, जबकि संचालन संजू कुमार द्वारा किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए हिन्दी प्रवक्ता नीटू कुमार ने कहा कि छात्रों के सर्वांगीण विकास में अभिभावक, छात्र और शिक्षक तीनों की समान भूमिका होती है। यदि इन तीनों के मध्य समन्वय स्थापित कर सामूहिक रूप से कार्ययोजना बनाई जाए, तो छात्रों में सकारात्मक और अपेक्षित बदलाव आसानी से दिखाई देंगे। उन्होंने कहा कि छात्रों की दिनचर्या, वेशभूषा, खानपान और



स्वाध्याय पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है, जिससे वे तनावमुक्त होकर अध्ययन कर सकें। कार्यक्रम में पहुंचे अभिभावकों ने भी आचार्यों के साथ संवाद स्थापित करते हुए विद्यार्थियों की समस्याओं और प्रबन्ध समिति के योगदान पर विस्तृत चर्चा की। सुमित कुमार ने कहा कि इस गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य छात्रों की शैक्षणिक प्रगति, उपस्थिति, गृहकार्य सहित बुनियादी पहलुओं पर विचार-विमर्श करना और अभिभावकों व शिक्षकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर विद्यार्थियों के भविष्य को और सु.ढ़ बनाना है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य आनन्द प्रसाद शर्मा, उप प्रधानाचार्य मलूक चन्द, अंकुर कुमार, ब्रजपाल सिंह, ललित कुमार, पुष्पेन्द्र कुमार, संजू कुमार, मधुबन, परितोष, सुखदेव आदि उपस्थित रहे।

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र इन्तजार व मेरी पुत्रवधु नबिया पत्नी इन्तजार मेरे कहने-सुनने में नहीं हैं, आए दिन मारपीट व गाली-गलौज करते हैं। इसलिए मैं अपने पुत्र इन्तजार व पुत्रवधु नबिया को अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए इनसे संबंध विच्छेद कर रहा हूं। भविष्य में इनके किसी भी लेनदेन व कृत्यों के ये स्वयं जिम्मेदार होंगे। मैं व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**शकील पुत्र नसीर**

निवासी- नई बस्ती मुस्तफाबाद कांधला, देहात कस्बा व परगना कांधला, तहसील कैराना जिला शामली

# महिलाओं के प्रति अपराधों में शत-प्रतिशत कमी लाने का प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नवनियुक्त एएसपी सुमित शुक्ला ने कहा कि शासन व मुख्यमंत्री की मानसा के अनुरूप मिशन शक्ति अभियान के मानकों को शत प्रतिशत पालन कराया जाना उनका उद्देश्य है। महिलाओं के प्रति अपराधों में शत प्रतिशत कमी लाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से कानून व्यवस्था को और बेहतर बनाने के प्रयास होंगे।

नवांगतुक एएसपी सुमित शुक्ला मूल रूप से जिला लखीमपुर खीरी के निवासी हैं। जो इससे पूर्व आधा दर्जन जनपदों गौरखपुर, बिजनौर, शाहज. हांपुर, प्रयागराज, अमेठी, बागपत में



पुलिस उपाधीक्षक के पद पर कार्य कर चुके हैं। जनपद में आने से पूर्व सुमित शुक्ला तीन वर्ष तक एएसपी नोएडा के पद कर कार्यरत थे। जनपद शामली में उनकी एएसपी के पद पर दूसरी नियुक्ति है।

उन्होंने बताया कि जनपद में आने के बाद नशे के कारोबार को तोडा जाएगा। यातायात को और अधिक दुरुस्त बनाने के प्रयास होगे। शासन द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति व साइबर के प्रोग्राम को जन-जन तक पहुंचाएं जाने के लिए नागरिकों को जागृत किया जाएगा और समाज के सभी वर्गो के पास पहुंचकर निराकरण होगा। महिला संबंधित अपराधों को बिल्कुल खत्म करने का प्रयास रहेगा।

## जिला संयुक्त अस्पताल में कर्मियों की बीच ठनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला संयुक्त अस्पताल में कार्यरत एसटीआई परामर्शदाता शिवम कुमार ने सीएमएस को दिए शिकायती पत्र में एलटी विशाल पर गंभीर आरोप लगाते हुए सुरक्षा प्रदान किए जाने की मांग की है।

सोमवार को शिवम कुमार ने शिकायती पत्र देकर कहा कि 17 नवंबर की दोपहर लगभग 1:55 बजे एलटी विशाल उनके कक्ष में आया और गाली-गलौज तथा दुर्व्यवहार करते हुए मारपीट की धमकी देने लगा। कहा कि जो करना है कर लो, इस बार मेरी शिकायत कहीं और करना। पीड़ित के अनुसार इससे पूर्व भी एलटी विशाल द्वारा अभद्रता की गई थी, जिसकी शिकायत संबंधित अधिकारी के समक्ष की गई थी।

आरोप है कि वे एसटीआई संदिग्ध मरीजों की जांच करते हैं और गंभीर मामलों में मरीजों को परीक्षण हेतु लैब में रेफर किया जाता है, लेकिन कई बार रेफर मरीज लैब से गायब हो जाते हैं, जिससे काम प्रभावित होता है। शिवम का कहना है कि 7 नवंबर को आए एक मरीज की जांच 17 नवंबर तक भी पूर्ण नहीं हुई थी। इस मामले में जब उन्होंने संबंधित अधिकारियों से बातचीत की, तो इसके बाद एलटी विशाल उनके कक्ष में घुस आया और धमकाने लगा।

शिवम कुमार ने आरोप लगाया कि उन्हें एलटी विशाल से जान का खतरा है तथा भविष्य में किसी भी अनहोनी के लिए वही जिम्मेदार होगा। उन्होंने सीएमएस से उचित कार्रवाई और सुरक्षा की मांग की है।

## दो दिवसीय शिशु शिक्षा समिति की प्रांतीय समीक्षा बैठक

**शामली।** शहर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जूनियर हाईस्कूल में दो दिवसीय शिशु शिक्षा समिति पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रधानाचार्यों की प्रांतीय समीक्षा बैठक का समापन हुआ। सोमवार को सरस्वती शिशु मंदिरों के प्रधानाचार्य समीक्षा बैठक का शुभारंभ विद्या भारती के प्रांत संगठन मंत्री प्रदीप गुप्ता, शिशु शिक्षा समिति पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मंत्री प्रदीप भारद्वाज, क्षेत्रीय शिशु वाटिका प्रमुख शिवकुमार शर्मा ने किया। प्रदीप गुप्ता ने बताया कि हमें अपने विद्यालय में पंचपदी शिक्षा का विस्तार करना चाहिए। जिससे शिशुओं को नवाचार युक्त शिक्षा मिल सके। उन्होंने विद्यालय की शैक्षिक गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए आचार्य को कठिन परिश्रम करके तथा प्रयोग के माध्यम से शिक्षा में रोचकता लाने के लिए विभिन्न प्रकार के प्रयोग करने का आ]वान किया है। प्रदीप भारद्वाज ने बताया कि शिशु वाटिका में नए प्रयोग द्वारा छात्रों को करके सीखाना इसकी जिम्मेदारी एक अध्यापक की और बढ़ जाती है। शिक्षा में वैज्ञानिक सोच के आधार पर प्रयोग के द्वारा बच्चों को शिक्षित करना एक सफल अध्यापक का कार्य होता है। प्रधानाचार्य संजय सैनी, पल्लवी गुप्ता, प्रवेश शर्मा, सोमदत्त शर्मा, आशीष जैन, सुधीर कुमार, मुकेश कुमार, रवि कुमार, संजीव बालियान, रिचा संगल, सविता गुप्ता, लक्ष्मी गर्ग, रितु रोहिला, स्वाति जैन, मीनाक्षी शर्मा, सारिका शर्मा आदि मौजूद रहे।

# अवैध कॉलोनी पर गरजा प्रशासन का बुल्डोजर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** नूरपुर गांव के निकट स्थित अवैध कालोनी पर प्रशासन का बुलडोजर गरजा। इस दौरान कालोनी में हुए निर्माण को ध्वस्त किया गया।

एसडीएम युवराज सिंह के दिशा निर्देशन में प्रशासन की टीम सोमवार को पुलिस बल के साथ नूरपुर गांव के निकट त्रिवेणी शुगर मिल रोड पर बन रही नई कालोनी में पहुंची। इस दौरान जेसीबी की मदद से कालोनी में बने सीसी रोड को तोड़ा गया। साथ ही वहां खड़े विद्युत पोल आदि गिराए गए। कार्रवाई के दौरान पुलिस बल की मौजूदगी होने के कारण कोई भी विरोध की हिम्मत नहीं जुटा पाया। अधिकारियों के मुताबिक बिना नक्शा पास कराए कालोनी का निर्माण किया जा रहा है। लोगों ने बताया कि गंगानगर के नाम से कालोनी काटी जा रही है। एसडीएम युवराज सिंह ने बताया कि इस अवैध कालोनी को



लेकर लगातार शिकायतें मिल रही थी। जिसके बाद कार्रवाई की गई है। कालोनी काटने वाले लोगों को चिन्हित किया जा रहा है। अवैध कालोनियों के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा।

# ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से रेहड़ा चालक घायल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से बाइक रेहड़ा चालक घायल हो गया। जिसे राहगीरों ने प्राईवेट चिकित्सक के यहां भर्ती कराया।

मरगूब कॉलोनी निवासी शोएब बाइक रेहड़े पर फेरी करने का काम करता है। सोमवार को वह फेरी कर वापस लौट रहा था। जब वह दिल्ली-देहरादून हाईवे स्थित साखन नहर के समीप पहुंचा तो पीछे से आए ट्रैक्टर ट्राली ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें वह घायल हो गया। राहगीरों ने घायल को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। परिजन भी अस्पताल पहुंच गए थे। पुलिस का कहना है कि घायल युवक के परिजनो से तहरीर नहीं मिली है, तहरीर मिलने के बाद रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। ट्रैक्टर ट्रोली चालक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

# दौड़ में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को किया पुरुस्कृत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** सहारनपुर में हुई एएमआई रन एनथन 3.0 (5 किमी) दौड़ में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सर्वोदय ज्ञान पब्लिक स्कूल के छात्रों का स्कूल प्रबंधन द्वारा स्वागत किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य रुपेश कुमार सैनी ने बताया कि उक्त दौड़ में जिले के 25 स्कूलों के करीब 700 बच्चों ने भाग लिया था। दौड़ में शामिल हुए उनके स्कूल के कक्षा 9 के छात्र विवेक सैनी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 5वां स्थान प्राप्त किया है। कहा कि प्रतियोगिता में भाग लेने से छात्रों को अपने क्षमताओं को परखने का मौका मिलता है तथा उनमें एक नई ऊर्जा का विकास होता है, जिससे वह भविष्य के लक्ष्यों को प्राप्त करता है। सोमवार को स्कूल परिसर में कार्यक्रम का आयोजन कर दौड़ में भाग लेने वाले सभी 23 छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया। संरक्षक हरि



सिंह सैनी, अनिता सैनी, शिव कुमार सैनी, वंदना ध्रुव, राजी शर्मा, संदीप धीमान, देवेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# बेनिसन स्कूल में मना स्पोर्ट्स-डे, विद्यार्थियों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

**देवबन्द।** बेनिसन पब्लिक स्कूल में आयोजित वार्षिक स्पोर्ट्स-डे में बच्चों ने अपने-अपने वर्ग में उत्कर्ष प्रदर्शन किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने मार्च पास्ट कर आकर्षक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी।

बेनिसन पब्लिक स्कूल प्रागण में आयोजित वार्षिक स्पोर्ट्स-डे कार्यक्रम का उद्घाटन खेल ध्वज फहराकर एचएवी इंटर कॉलेजके प्रधानाचार्य हेम सिंह और डा. लीना गोयल द्वारा किया गया। इस दौरान बच्चों ने प्रस्तुतियां दे हुए सामुहिक व्यायाम, योगाभ्यास और अपनी खेल कला का प्रदर्शन किया। इस दौरान 100 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता में आयरा राव और फैसल 200 मीटर सैफुल्ला, 400 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस दौरान रिले रेस, गोला फेंक, डिस्कस थ्रो,







रस्साकशी, बैडमिंटन, कबड्डी, खो-खो और वॉलीबॉल आदि प्रतियोगिताओं में छात्रों ने खेल कौशल, टीमवर्क और खेल भावना का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में कक्षा छ से आठ तक येलो हाउस और कक्षा 9 से 12 तक ब्ल्सू हाउस ने शानदार प्रदर्शन कर ट्राफी जीती। सभी खेलों में उमर चौधरी, साद, अयान, अक्शा, शेर अली, हमना, आहिल, फैजा, माहीरा, डिंपल, इब्रा. हिम, आदिबा, हिबा,आयशा, अदीबा, नमरा, युनुस, मुक्कदस, एकदस, आफताब, अनाबिया, अरमान, जेफ, अरफात और अतिफ सहित अन्य विद्यार्थियों ने भाग लिया।प्रधानाचार्या श्रीकांत चौधरी ने कहा कि खेल प्रतियोगिता विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास, स्वास्थ्य, नेतृत्व और सहयोग की भावना विकसित करता है। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गीत एवं खेलध्वज अवरोहण के साथ हुआ। इस दौरान स्कूल प्रबंधक डॉ. शाइस्ता चौधरी और नदीम चौधरी विद्यार्थियों ने सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया।

# विद्यार्थियों को त्रिवेणी शुगर मिल के यूनिट हैड पुष्कर मिश्रा ने किया पुरस्कृत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** लाला पूरण चंद साहनी मैमोरियल इंटर कॉलेज नूरपुर में चल रही तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का सोमवार को समापन हो गया। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। अंतिम दिन रस्साकशी में 12वीं कक्षा की टीम प्रथम और नौवीं कक्षा की टीम द्वितीय स्थान पर रही। खो-खो प्रतियोगिता में नौवीं कक्षा की छात्राओं ने प्रथम व 11वीं कक्षा की छात्राओं ने द्वितीय जबकि दौ सौ मीटर दौड में अखिलेश प्रथम और विशांत ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को त्रिवेणी शुगर मिल के यूनिट हैड पुष्कर मिश्रा



पुरस्कृत किया। विद्यालय प्रबंधक गिरीश कोहली, प्रधानाचार्या सुनीता शाही व पीटीआई मनोज पुंडीर ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर मधुलिका तंवर, कुलदीप सिंह, विशाल त्यागी, राकेश पुंडीर आदि छात्र-छात्राओं सहित स्कूल का समस्त स्टाफ शामिल रहे।

# खुफिया विभाग की टीम ने किराए पर रहने वाले लोगों का किया सत्यापन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** खुफिया विभाग की टीम दिल्ली कार धमाके के बाद अलर्ट हो गई है। इस दौरान नगर के विभिन्न मोहल्लों और कॉलोनियों में किराये के मकान लेकर रहने वाले लोगों का सत्यापन किया।

दिल्ली में कार में हुए धमाके के बाद नगर में लगातार सतर्कता बरती जा रही है। खुफिया विभाग की तमाम इकाईयां जहां धमाके से संबंधित कनेक्शन तलाशने के लिए नगर में डेरा डाले हुए हैं। वहीं, अब कोतवाली पुलिस ने भी कार्रवाई आरंभ कर दी है। सोमवार को पुलिस ने नगर के विभिन्न मोहल्लों और कॉलोनियों में किराये के मकान लेकर

**पुलिस का कहना हैं दूसरे राज्यों के लोग यहां किराए के मकानों में रह रहे हैं, उनकी जानकारी जुटाने का काम किया जा रहा है।**

रहने वाले लोगों का सत्यापन किया। इस दौरान उनके पहचान संबंधी दस्तावेजों की जांच की गई साथ ही उनसे यहां रहने और काम के बारे में जानकारी हासिल की गई। पुलिस ने बताया कि वर्तमान में नगर में दूसरे राज्यों के लोग यहां किराये के मकानों में रह रहे हैं। वह कहां काम करते हैं और कब से रह रहे हैं इन सबकी जानकारी जुटाने का काम किया जा रहा है।

# शहर में 'रेसिंग ट्रैक' की तरह दौड़ी डॉक्टर की कार

## नशे में कई बाइकें तोड़ीं, सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** रविवार की देर रात नगर में एक ऐसा घटनाक्रम सामने आया, जिसने सुरक्षा व्यवस्था और पुलिस कार्रवाई पर बड़े सवाल खड़े कर दिए। एक प्रतिष्ठित डॉक्टर नशे की हालत में तेज रफ्तार कार लेकर शहर की प्रमुख सड़क पर दौड़ते नजर आए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक पुराना धामपुर से आरएसएम तिराहे तक कार कई बार बेकाबू हुई और कम से कम दो बाइकें टक्कर से क्षतिग्रस्त हो गईं। गनीमत रही कि कोई व्यक्ति गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ।

घटना के वीडियो रात में ही सोशल मीडिया पर वायरल हो गई,



जिनमें डॉक्टर की कार जिगजैग तरीके से सड़क पर दौड़ती दिखाई दे रही है। लोगों ने बताया कि सड़क पर अचानक शोर और तेज रफ्तार गाड़ी के कारण राहगीरों में अफरा-तफरी मच गई। कई लोग कार की चपेट में आने से बाल-बाल बचे। कुछ युवकों ने हिम्मत दिखाते हुए कार का पीछा किया और आरोपी को रोककर पुलिस के हवाले किया।

कोतवाली ले जाए जाने पर भी डॉक्टर की हालत नशे में बताई गई। इतना ही नहीं, पुलिस सुरक्षा में तैनात गार्ड की बंदूक को पकड़ने का प्रयास करने की बात भी सामने आई है। लेकिन इस पूरे घटनाक्रम के बाद सवालों के घेरे में आया वह फैसला जिसे लेकर लोगों में नाराजगी देखी जा रही है।

पीड़ित बाइक मालिकों ने कोई औपचारिक शिकायत नहीं दी और बाद में शिकायत न होने के हवाले पर डॉक्टर को छोड़ दिया।

क्षेत्र के गांव तरकोली मदन निवासी वीरेंद्र कुमार तथा शुभम कुमार का कहना है कि नशे में वाहन चलाना गंभीर अपराध है और इस घटना में बड़ी दुर्घटना होने से उन्हें सिर्फ किस्मत ने बचाया।

## एक नजर

### यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक



**चांदपुर।** थाना हीमपुरदीपा क्षेत्र स्थित हेजलमून स्कूल में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों द्वारा उपस्थित लगभग छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं स्थानीय नागरिकों को यातायात नियमों, सड़क दुर्घटनाओं से बचाव हेतु सावधानियां बरतने हेतु हेलमेट व सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग तथा सुरक्षित ड्राईविंग के महत्व के सम्बंध में जानकारी दी। पुलिस क्षेत्रधिकारी देश दीपक वर्मा के कुशल नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को साईबर क्राईम के विभिन्न रूपों, ऑनलाईन ठगी से बचाव के प्रति जागरूक किया। साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वालम्बंन हेतु संचालित विभिन्न कार्यक्रमों के बारे मे जानकारी दी। कार्यक्रम में जय भगवान सिंह थानाध्यक्ष हीमपुर दीपा, उपनिरीक्षक मुन्नी राठी आदि उपस्थित रही।

### भाकियू बिजली घर पर धरना



**नांगल सोती।** भाकियू लोकशक्ति के कार्यकर्ताओं ने बिजली की अनेक समस्याओं को लेकर बिजली घर पर धरना दिया। भाकियू लोकशक्ति जिलाध्यक्ष वीर सिंह के नेतृत्व में किसान बिजली की कई समस्याओं को लेकर सौफतपुर बिजली घर पहुंचे और बिजली विभाग के खिलाफ आक्रोश दिखाते हुए धरने पर बैठ गए। यहां पहुंचकर किसानों ने बिजली विभाग के अफसरों के विरुद्ध जमकर नारेबाजी करते हुए भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। सूचना पर उपखंड अधिकारी राहुल यादव मौके पर पहुंचे। किसानों ने उपखंड अधिकारी राहुल यादव से कहा कि बिजली की समस्याओं को 2 माह पूर्व सौफतपुर बिजली घर पर कई दिन तक धरना चलाया गया था, जिसमें बिजली विभाग के अफसरों ने सभी समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया था, लेकिन 2 माह बीत जाने के बाद भी किसी समस्या का समाधान नहीं हुआ। इसके साथ ही बिजली विभाग के कर्मचारी किसानों और ग्रामीणों को धमकाने का काम कर रहे है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उपखंड अधिकारी राहुल यादव ने धरनारत किसानों को सभी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।

# बाप ही निकला बेटे का कातिल

## आरोपी गिरफ्तार, हत्या के बाद रचा था गुलदार से हमले का षड्यंत्र

शाह टाइम्स संवाददाता

**नांगल सोती।** बेटे की हत्या का आरोपी उसका बाप ही निकला। जिसके बाद पुलिस ने हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त फावला और एक देशी तमंचा बरामद किया है। हत्यारोपी अपनी पुत्रवधु पर बुरी नजर रखता था, जिस कारण उसने अपने पुत्र को रास्ते से हटाने के लिए उसकी हत्या कर दी।

नांगल थाना क्षेत्र के ग्राम तिसोतरा निवासी सुभाष तोमर का पुत्र सौरभ कुमार (30 वर्ष) 12 नवंबर की दोपहर को घर से गायब हो गया था। 14 नवंबर को उसके पिता सुभाष तोमर ने उसकी गुमशुदगी नांगल थाने में दर्ज कराई थी। जिसके बाद से पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। 15 नवंबर की सुबह मृतक सौरभ के पिता सुभाष तोमर ने पुलिस को सूचना दी कि उसके पुत्र को गुलदार ने मार दिया है, जिसका शव उसके गन्ने के खेत में पड़ा है, लेकिन पुलिस के मौके पर



पहुंचने से पहले ही सुभाष तोमर अपने पुत्र का शव उठाकर अपने घर ले आया।

पुलिस के घर पहुंचने पर वह कोई भी कार्रवाई नहीं करने पर अड़ गया और पुलिस से कहने लगा कि उसके पुत्र को गुलदार ने मारा है, वह इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं चाहता है, लेकिन मृतक की गर्दन पर गहरा जख्म का निशान था, जिस कारण पुलिस शव का पोस्टमार्टम कराना चाहती थी ताकि उसकी मौत का सही कारण पता चल सके। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम में उसकी हत्या किसी धारदार हथियार से होने की पुष्टि हुई।

इस मामले में मृतक की पत्नी मोंटी ने 17 नवंबर की शाम हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई, जिसके बाद से पुलिस हत्या के खुलासे के प्रयास में जुट गई। इस मामले में पुलिस ने मृतक के पिता सुभाष तोमर को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना अपराध कबूल कर लिया। इसके साथ ही पुलिस ने उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त फावला और एक देशी तमंचा बरामद किया है।

नांगल थानाध्यक्ष सतेंद्र मलिक ने बताया कि आरोपी सुभाष अपनी पुत्रवधू पर बुरी नजर रखता था, जिस कारण उसने अपने पुत्र को रास्ते से हटाने की योजना बनाई। 12 नवंबर की दोपहर लगभग 3 बजे सौरभ अपने गन्ने के खेत पर गया था। उसका पिता सुभाष तोमर भी उसके पीछे ही अपने खेत पर पहुंच गया। उसने सौरभ को मारने के लिए तमंचे से फायर कर दिया, लेकिन गोली उसके कनपटी के पास से निकल गई, फिर उसने पास रखे फावले से सौरभ पर हमला कर दिया और फावला उसकी गर्दन पर मार कर हत्या कर दी और उसके गुम होने का नाटक रच दिया। शव मिलने पर हत्या का राज छुपाने के लिए गुलदार से हमले का नाटक करने लगा।

# हवन यज्ञ में आहुतियां देने से होती है वातावरण की शुद्धिः शास्त्री



शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** वैदिक प्रचार समिति द्वारा चार दिवसीय 41 वां वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में दूसरे दिन हवन यज्ञ में आहुतियां दी गई।

टीचर कॉलोनी स्थित सत्य धाम धर्मशाला में कार्यक्रम के दूसरे दिन प्रात: 8:00 बजे से जनकल्याण हवन यज्ञ में आहुतियां दी गई। यज्ञ आचार्य वीरेंद्र शास्त्री के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के द्वारा कराया गया। आचार्य वीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि हवन यज्ञ में आहुतियां देने से वातावरण की शुद्धि होती है और देवता प्रसन्न होते हैं और सुख समृद्धि प्रदान करते हैं। यज्ञ के मुख्य यजमान हरिराज सिंह उनकी धर्मपत्नी अनीता रानी, सोहनलाल शर्मा धर्मपत्नी नेहा शर्मा, डॉ. दिनेश कुमार धर्मपत्नी आदेश कुमारी एवं रेखा रानी आदि रहीं। हवन यज्ञ के बाद पंजाब से पधारे पंडित राजेश अमर प्रेमी एवं रमन आर्य द्वारा अपने मधुर कांड से भजन सुनाए गए। कार्यक्रम में शलभ अग्रवाल, अरुण भटनागर, सुशील कुमार, सिल्लू, लव गोयल, सत्येंद्र शर्मा, आलोक आर्य, मीनू आर्य, ओमप्रकाश भोला, अनिल कश्यप, देवेंद्र अग्रवाल, डा. राजेंद्र सिंह आदि शामिल रहे। अंत में आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। सब ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया।

# विधानसभा चुनाव में बसपा ही जनता का विकल्पः इफ्तेखार चौधरी

**स्योहारा।** वरिष्ठ बसपा नेता इफ्तेखार चौधरी ने उत्तर प्रदेश की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों पर बयान जारी करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी ही प्रदेश की जनता के लिए एक मजबूत पारदर्शी और भरोसेमंद विकल्प के रूप में उभर रही है। उन्होंने कहा कि जनता अब पारंपरिक दलों के वादों से ऊब चुकी है और इस बार परिवर्तन का मन बना चुकी है।

इफ्तेखार चौधरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता लंबे समय से विकास, कानून-व्यवस्था, रोजगार और महंगाई जैसे मुद्दों पर ठोस कार्यवाही की उम्मीद कर रही है लेकिन इन समस्याओं का समाधान आज भी अधूरा है।

उन्होंने बताया कि किसानों, व्यापारियों, मजदूरों और युवाओं की परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं जिसके कारण जनता अब बसपा की नीतियों को गंभीरता से देख रही है। इफ्तेखार चौधरी ने बताया कि बसपा संगठन प्रदेश में बूथ स्तर तक पूरी मजबूती से तैयार किया जा चुका है। कार्यकर्ता निरंतर जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं और हर वर्ग को जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं।

# स्योहारा-नूरपुर मार्ग रेलवे क्रॉसिंग बना सिरदर्द

**स्योहारा।** नगर में नूरपुर मार्ग स्थित रेलवे क्रॉसिंग पिछले कई महीनों से नगरवासियों के लिए बड़ी समस्या बनी हुई है। रेलवे फाटक पर आए दिन परीक्षा स्पेशल और अन्य ट्रेनों की आवाजाही के कारण फाटक लंबे समय तक बंद रहता है। इसके चलते सुबह से लेकर देर शाम तक हजारों लोगों को जाम की विकट स्थिति से जूझना पड़ता है। स्थानीय नागरिकों के अनुसार जब भी फाटक बंद होता है तो सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं। स्थिति इतनी बिगड़ जाती है कि कई बार बच्चों को स्कूल और कॉलेज पहुंचने में घंटों लग जाते हैं। नौकरीपेशा लोग देर से दफ्तर पहुंचते हैं और व्यापारियों को अपने कारोबार में भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि कई बार एंबुलेंस भी जाम में बुरी तरह फंस जाती है, जिससे गंभीर मरीजों की जान जोखिम में पड़ जाती है। लोगों का कहना है कि प्रशासन द्वारा इस समस्या पर गंभीरता से ध्यान न दिए जाने के कारण रोजाना कई परिवार परेशानी झेलने को मजबूर हैं। इधर क्षेत्र में शुगर मिल का संचालन शुरू होने के बाद गन्ने से लदे भारी वाहनों की आवाजाही भी लगातार बढ़ गई है। गन्ना ट्रकों के क्रॉसिंग पर पहुंचने से जाम का दायरा और ज्यादा विशाल हो जाता है, जिससे नगर में पूरे दिन ट्रैफिक की अव्यवस्था बनी रहती है। गाड़ियों की लगातार आवाजाही, हॉर्न और धूल-धुआं लोगों की दिनचर्या को प्रभावित कर रहे हैं। स्थानीय निवासियों ने बताया कि पहले यह क्रॉसिंग कभी-कभार जाम का कारण बनती थी, लेकिन अब हालात इस हद तक बिगड़ चुके हैं कि यह स्थिति असहनीय हो चुकी है। नागरिकों ने रेलवे विभाग, लोक निर्माण विभाग तथा जिला प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि इस मार्ग पर फ्लाईओवर का निर्माण अब समय की आवश्यकता बन चुका है, क्योंकि क्रॉसिंग की मौजूदा व्यवस्था से लोगों का जीना दूभर हो गया है। कई सामा. जिक संगठनों और व्यापारिक मंडलों ने भी सरकार से इस समस्या का स्थायी समाधान निकालने की मांग की है। लोगों का कहना है कि अगर शीघ्र ही इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए तो वे आंदोलन करने पर भी विवश होंगे। नगर के बुजुर्गों से लेकर युवाओं तक सभी का यही कहना है कि स्योहारा-नूरपुर मार्ग इस क्षेत्र की जीवनरेखा है।

# एसआईआर प्रक्रिया में सहयोग कर रहे इमरान अख्तर उर्फ सनी

**स्योहारा।** नगर में निर्वाचन आयोग द्वारा जारी एसआईआर प्रक्रिया को लेकर लोगों के बीच तरह-तरह की चर्चाएं और भ्रम की स्थिति बनी हुई है। ऐसे समय में नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन हाजी अख्तर जलील के पुत्र समाजसेवी इमरान अख्तर उर्फ सनी लगातार जनता के सबसे बड़े सहयोगी के रूप में सामने आए हैं।

इमरान अख्तर उर्फ सनी अपने निवास पर पिछले कई दिनों से विशेष कैंप लगाकर मौहल्ले के लोगों के एसआईआर फॉर्म सही तरीके से भरवा रहे हैं। वे स्वयं बैठकर यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि किसी भी नागरिक से फॉर्म भरने में कोई गलती न हो और न ही कोई व्यक्ति अफवाहों या गलत जानकारी का शिकार बने। इमरान अख्तर उर्फ सनी ने बताया कि निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार फॉर्म भरना अत्यंत आवश्यक है। सरकार का उद्देश्य केवल डुप्लीकेट वोट हटाकर प्रत्येक नागरिक का एक ही वैध वोट दर्ज रखना है।

संक्षिप्त खेल समाचार

## विंडीज के खिलाफ शेष वनडे में मिशेल का खेलना संदिग्ध

**क्राइस्टचर्च, वार्ता।** विंडीज के खिलाफ मैच जिताऊ शतक बनाने वाले न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर डेरिल मिशेल का कमर में खिचाव की परेशानी के कारण शेष वनडे सीरीज में खेलना संदिग्ध है। हेगले ओवल में वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले वनडे में 119 रनों की शतकीय पारी खेलने वाले डेरिल मिशेल को मैच के दौरान कमर में खिचाव की समस्या का सामना करना पड़ा था। उन्हें अपनी बाईं कमर का स्कैन करवाना होगा। न्यूजीलैंड ने बताया कि मिशेल स्कैन के लिए क्राइस्टचर्च में ही रुकेंगे। मेडिकल अपडेट से बाकी श्रृंखला के लिए उनकी उपलब्धता तय होने की उम्मीद है, और हेनरी निकोल्स को उनकी जगह टीम में शामिल किया गया है।

## पुर्तगाल ने फीफा विश्व कप में अपनी जगह पक्की की

**बर्लिन, वार्ता।** जोआओ नेवेस और ब्रूनो फर्नांडीस की हैट्रिक की बदौलत पुर्तगाल ने पोर्टो में आर्मेनिया को 9-1 से हराकर फीफा विश्व कप 2026 में अपनी जगह पक्की कर ली। कप्तान रोनाल्डो के निलंबन के बाद, पुर्तगाल ने रविवार को पोर्टो में अपनी नई अग्रिम पंक्ति के साथ मैदान में उतरकर जल्द ही मैच पर नियंत्रण हासिल कर लिया। रेनाटो वेइगा ने सातवें मिनट में गोल करके शुरुआती बढ़त दिलाई, जिससे मेजबान टीम के पास गेंद पर कब्जा करने का दबदबा बना रहा। आर्मेनिया ने 18वें मिनट में पहला अच्छा मौका पाकर बराबरी कर ली, लेकिन पुर्तगाल ने तेजी से जवाबी हमला किया व रामोस ने 10 मिनट बाद गोलकर बढ़त हासिल कर ली, जिसके बाद नेवेस ने दो और फर्नांडीस ने एक और गोल करके रॉबर्टो की टीम को हाफटाइम तक 5-1 से आगे कर दिया।

# अनुया प्रसाद ने स्वर्ण व प्रांजलि धूमल ने जीता रजत पदक

### अनुया ने डेफ फाइनल विश्व रिकॉर्ड भी तोड़ा



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की अनुया प्रसाद और उनकी साथी प्रांजलि प्रशांत धूमल ने यहां आयोजित 25वें ग्रीष्मकाल. ीन डेफलिपिक में निशानेबाजी की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में पहला और दूसरा स्थान हासिल किया। अनुया ने स्वर्ण पदक जीतने के साथ ही डेफ फाइनल विश्व रिकॉर्ड भी तोड़ा और प्रांजलि ने क्वालीफिकेशन विश्व रिकॉर्ड तोड़कर फाइनल में जगह बनाई।

क्वालीफिकेशन विश्व रिकॉर्ड की बराबरी करने वाले अभिनव देशवाल ने पुरुषों की स्पर्धा में रजत पदक जीता। इसी के साथ दो दिनों की प्रतियोगिता के बाद डेफलिपिक में भारत के निशानेबाजी पदकों की संख्या सात हो गई।

अनुया ने फाइनल की पहली सीरीज में 52.5 का स्कोर बनाया और पूरी प्रतियोगिता में अपनी बढ़त बनाए रखी और अंततः 241.1 के अंतिम स्कोर के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। यह प्रांजलि से 4-3 अंक अधिक था। प्रांजलि ने 236.8 का स्कोर के साथ रजत पदक जीता। ईरान की महला समी ने कांस्य पदक जीता। इससे पहले क्वालीफिकेशन में, प्रांजलि ने अपने ही विश्व और डेफलिपिक रिकॉर्ड तोड़ दिए थे, उन्होंने 572.12ग का स्कोर बनाया, जिससे क्रमशः 568 और 561 के पिछले रिकॉर्ड बेहतर हुए। पुरुषों की स्पर्धा में, अभिनव देशवाल ने 235.2 का स्कोर बनाकर रजत पदक जीता। कोरिया के ताए यंग किम ने 238.2 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि क्रोएशिया के बोरिस ग्रामन्याक ने 215.3 के स्कोर के साथ कांस्य पदक मिला। अभिनव ने क्वालीफिकेशन में 576 अंक बनाकर विश्व और डेफलिम्पिक्स विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की। प्रतियोगिता में शामिल अन्य भारतीय रुद्र विनोद कुमार 549 अंक के साथ क्वालीफिकेशन में 12वें स्थान पर रहे। एयर राइफल मिश्रित टीमें कल प्रतिस्पर्धा करेंगी।



# सिनर ने दूसरी बार जीता एटीपी फाइनल्स का खिताब

### इटली के टेनिस स्टार खिलाड़ी जैनिक सिनर ने फाइनल में स्पेन के अल्काराज को हराया

**इटली, वार्ता।** इटली के स्टार टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर ने फाइनल मुकाबले में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए स्पेन के कार्लोस अल्काराज को हराकर लगातार दूसरी बार अपना एटीपी फाइनल्स चैंपियनशिप 2025 का खिताब जीता।

सिनर ने रविवार को खेले गए खिताबी मुकाबले में विश्व के नंबर वन टेनिस खिलाड़ी अल्काराज को 7-6 (7-4), 7-5 से हराकर चैंपियनशिप अपने नाम की। सिनर ने पिछले तीन एटीपी फाइनल्स चैंपियनशिप मैचों में शामिल रहे हैं और उन्होंने लगातार दूसरी बार खिताब जीता है। 2023 के संस्करण में उन्हें सर्बिया के नोवाक जोकोविच से हार का सामना करना पड़ा था। खिताब जीतने के बाद सिनर ने कहा कि कार्लोस के खिलाफ खेलना मुश्किल था। वह खेल में वापसी करने वाले सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक हैं। मैं बहुत खुश हूं। यह बहुत ही कठिन मैच था। इस सीजन का इस तरह अंत करना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। सिनर और अल्काराज ने साल के चारों ग्रैंड स्लैम खिताब बराबरी पर जीते हैं, जिसमें सिनर ने ऑस्ट्रेलियन और विबलडन का खिताब जीता, जबकि स्पेनिश खिलाड़ी ने फ्रेंच और यूएस ओपन में जीत हासिल की। ट्यूरिन में ग्रुप चरण में तीन जीत के बाद, अल्काराज ने साल के अंत में नंबर वन रैंकिंग हासिल की, सिनर दूसरे स्थान पर हैं।

# गुरप्रीत ने काहिरा में जीता रजत

**नई दिल्ली, वार्ता।** ओलंपियन गुरप्रीत सिंह ने 25 मीटर सेंटर फायर पिस्टल स्पर्धा में विश्व चैंपियन बनने के बेहद करीब पहुंच गए थे, लेकिन यूक्रेन के पावलो कोरोस्टाइलोव से इनर 10 के अधार पर हारने के बाद उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। मिस्र के काहिरा स्थित ओलंपिक शूटिग रेंज में आयोजित प्रतियोगित में गुरप्रीत सिंह को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। विश्व चैंपियनशिप में गुरप्रीत का यह दूसरा व्यक्तिगत पदक है, पहला पदक भी उन्होंने 2018 में चांगवोन में 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक जीता था। फ्रांस के यान पियरे लुई फ्रिड्रिसी ने कांस्य पदक जीता। गुरप्रीत ने दो दिनों की प्रतियोगिता में प्रिसिशन और रैपिड चरणों में कुल 584 अंक हासिल किए, जबकि कोरोस्टाइलोव ने 29 इनर 10 और अंतिम रैपिड राउंड में 100 का परफेक्ट स्कोर बनाकर स्वर्ण पदक जीता। भारतीय निशानेबाज प्रिसिशन चरण के बाद 288 अंक



● गुरप्रीत सिंह 25 मी. सेंटर फायर पिस्टल स्पर्धा में यूक्रेन के पावलो से हारे

(95,97,96) के स्कोर के साथ नौवें स्थान पर थे। उन्होंने दूसरे दिन वापसी करते हुए रैपिड चरण में 296 अंक (98,99,99) का शानदार स्कोर बनाकर रजत पदक जीता। प्रिसिशन चरण के बाद 291 के स्कोर के साथ अग्रणी रहे यूक्रेनी निशानेबाज ने रैपिड चरण में 293 अंक का स्कोर बनाकर गुरप्रीत के स्कोर की बराबरी की और स्वर्ण पदक जीता। प्रिसिशन चरण के बाद 291 अंक के साथ पदक की दौड़ में शामिल हरप्रीत सिंह दूसरे स्थान पर रहे थे, रैपिड चरण में केवल 286 अंक ही बना सके, जिससे वे अंततः नौवें स्थान पर रहे। प्रतियोगिता में शामिल अन्य भारतीय निशानेबाज, साहिल चौधरी 561 अंक के साथ 28वें स्थान पर रहे। तीनों निशानेबाज टीम पदक तालिका से बाहर रहे और पांचवें स्थान पर रहे। भारत ने विश्व चैंपियनशिप में कुल 13 पदकों (तीन स्वर्ण, छह रजत और चार कांस्य) के साथ तीसरे स्थान पर रहते हुए अपना अभियान समाप्त किया। चीन ने 12 स्वर्ण, सात रजत और दो कांस्य पदक जीते, जबकि दक्षिण कोरिया ने सात स्वर्ण, तीन रजत और चार कांस्य पदक जीते। 10 मीटर एयर पिस्टल में सम्राट राणा, 50 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल में रविदर सिंह और 10 मीटर पुरुष एयर पिस्टल टीम ने स्वर्ण पदक जीते, जबकि 50 मीटर थ्री पोजशिन पुरुष में ऐश्वर्य प्रताप, 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल में अनीश, 25 मीटर सेंटर फायर पिस्टल में गुरप्रीत सिंह, 10 मीटर एयर पिस्टल पदक जीता।

## भारत के काले और लोपेज की जोड़ी ने अपना पहला बीडब्ल्यूएफ युगल खिताब जीता

**जाम्बिया, वार्ता।** भारतीय शटलर अनुज काले और इयान लोपेज की जोड़ी ने अचुतादित्य राव डोड्डावरापु और अर्जुन रेड्डी पोचाना की जोड़ी को हराकर बैडमिटंन टूर्नामेंट में पुरुष युगल खिताब जीता। स्पोर्ट्स डेवलपमेंट सेंटर में रविवार को प्रतिस्पर्धा करते हुए बैडमिटंन रैंकिंग में 386वें स्थान पर काबिज काले और लोपेज ने 26 मिनट तक चले मुकाबले में हमवतन और दुनिया की 618वें नंबर की जोड़ी अचुतादित्य राव डोड्डावरापु और अर्जुन रेड्डी पोचाना को 21-9, 21-13 से हराकर खिताब अपने नाम किया। इससे पहले इस युवा भारतीय जोड़ी ने सेमीफाइनल में जाम्बिया के गैनलियन डोंग और डाकिग हू की जोड़ी को सीधे गेमों में हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। दोनों खिलाड़ियों के लिए यह उनका पहला बीडब्ल्यूएफ बैडमिटंन खिताब है। इस बीच, पुरुष एकल में, भारत के हेमंत गौड़ा 44 मिनट तक चले फाइनल में यूएई के शशांक साई मुन्नांगी से 21-11, 13-21, 12-21 से हारकर उपविजेता रहे। चौथी वरीयता प्राप्त और 370वीं रैंकिंग वाले गौड़ा ने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष वरीयता प्राप्त एप्रैम स्टीफन सैम को हराकर शानदार उलटफेर किया था। लेकिन पहला गेम जीतने के बावजूद खिताबी मुकाबले में वह हार गए।

## भारतीय टीम सुल्तान अजलान शाह कप के लिए मलेशिया रवाना

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम 23 से 30 नवम्बर तक होने वाले 31वें सुल्तान अजलान शाह कप प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सोमवार तड़के बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से मलेशिया के इपोह के लिए रवाना हुई। इस संस्करण में भारत 23 नवम्बर को अपने शुरुआती मैच में कोरिया से भिड़ेगा, उसके बाद राउंड-रॉबिन चरण में बेल्जियम, मेजबान मलेशिया, न्यूजीलैंड और कनाडा के खिलाफ मैच होंगे। लीग चरण के अंत में शीर्ष दो टीमें 30 नवम्बर को होने वाले फाइनल में अपनी जगह पक्की करेंगी। पिछले कुछ हफ्तो से भारतीय टीम ने बेंगलुरु में अभ्यास किया है। डिफेंडर संजय टूर्नामेंट में भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे। कप्तान संजय ने कहा कि हम सुल्तान अजलान शाह कप का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। टीम ने पिछले कुछ हफ्तो में कड़ी मेहनत की है, सामरिक अनुशासन और फिटनेस दोनों पर ध्यान केंद्रित किया है। यह टूर्नामेंट हमेशा एक बेहतरीन प्रतिस्पर्धी माहौल और मजबूत अंतर्राष्ट्रीय प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ खुद को परखने का मौका प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि हम हर मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए तैयार और प्रेरित हैं।

# गिल को मिली अस्पताल से छुट्टी



● द. अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में गर्दन में अकड़न के कारण हुए थे भर्ती

**कोलकाता, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में गर्दन में आई अकड़न के इलाज के बाद भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल को एक निजी अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। हालांकि अगले शनिवार को गुवाहाटी में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट में उनकी भागीदारी को लेकर अभी भी संशय बना हुआ है, क्योंकि टीम प्रबंधन उनके कार्यभार को ध्यान में रखकर ही अंतिम निर्णय लेगा।

गिल अब होटल में अपने साथी खिलाड़ियों से जुड़ेंगे। लेकिन ऐसा माना जा रहा कि वह मंगलवार सुबह कोलकाता में होने वाले अभ्यास सत्र में हिस्सा नहीं लेंगे। पूरी टीम बुधवार को गुवाहाटी के लिए उड़ान भरेगी। लेकिन चूंकि गिल गर्दन की समस्या से उबर रहे हैं और वाणिज्यिक उड़ान (कमर्शियल एयर ट्रैवल) की सलाह आमतौर पर ऐसे खिलाड़ियों को नहीं दी जाती। इसलिए ऐसी अटकलें हैं कि वह टीम के साथ उस दिन यात्रा न करें। मुख्य कोच गौतम गंभीर ने मैच के बाद बताया कि शुभमन गिल की फॉटिनेस पर मेडिकल टीम लगातार नजर बनाए हुए है और फिजियो जल्द ही उनकी एक और जांच करेगा।

चौथी पारी में गिल के बाहर होने से भारत के पास एक बल्लेबाज कम रह गया था और कम स्कोर वाले मुकाबले में यह कमी सीधे असर डाल गई। गंभीर ने माना कि यह स्थिति आसान नहीं थी। उन्होंने कहा कि यह एक चुनौती भरी परिस्थिति थी। शुरुआत से हम जानते थे कि हमारी बल्लेबाजी में एक खिलाड़ी कम है। शुभमन उपलब्ध नहीं थे और लंच से पहले दो विकेट गिर गए, तो व्यवहारिक तौर पर हम तीन विकेट खो चुके थे। फिर भी हमें भरोसा था कि अगर एक पचास रन की साझेदारी या दो चालीस रन की साझेदारियां बन जातीं, तो मैच की दिशा अलग हो सकती थी। अगर गिल गुवाहाटी टेस्ट के लिए फिट नहीं होते, तो उनके स्थान के लिए बी साई सुदर्शन और देवदत्त पड़िक्कल को विकल्प के तौर पर देखा जा सकता है। पड़िक्कल ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी और इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में एक-एक टेस्ट खेला था। अगर टीम एक बदलाव तक सीमित रहती है, तो भारत की अगली इलेवन में सात बाएं हाथ के बल्लेबाज शामिल होंगे। कोल. काता टेस्ट में भारत ने पहली बार छह बाएं हाथ के बल्लेबाज खिलाए थे। ऑफ स्पिनर साइमन हार्मर ने अपने आठ में से छह विकेट बाएं हाथ के बल्लेबाजों को आउट करके इस कमजोरी को उजागर भी किया, जबकि पार्ट टाइम ऑफ स्पिनर एडन मारक्रम ने भी एक विकेट लिया था।

## संगकारा निभाएंगे आरआर के क्रिकेट निदेशक और मुख्य कोच की दोहरी भूमिका

**जयपुर, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के दौरान कुमार संगाकारा राजस्थान रॉयल्स (आआर) के प्रमुख कोच और क्रिकेट निद. ेशक की दोहरी भूमिका निभाएंगे। इसके साथ ही पिछली बार बल्लेबाजी कोच रहे विक्रम राठौड़ को टीम का सहायक कोच बनाया गया है। संगाकारा पहले भी 2021 से 2024 तक टीम के प्रमुख कोच रह चुके हैं। उनके कार्यकाल में आआर की टीम 2022 के फाइनल और 2024 के प्लेऑफ में पहुंची थी। आआर ने एक बयान जारी करते हुए कहा कि वह एक ऐसा दौर था, जिसमें टीम के प्रदर्शन और निरंतरता में साफ बढ़ोतरी देखी गई। फ्रैंचाइजी के मुख्य मालिक मनोज बदाले ने कहा कि हम बेहद खुश हैं कि कुमार एक बार फिर प्रमुख कोच के रूप में लौट रहे हैं। टीम को उनकी पहचान, नेतृत्व और रॉयल्स के कल्चर



की गहरी समझ से निरंतरता और स्थिरता का सही संतुलन मिलेगा। कुमार ने हमेशा हमारा पूरा भरोसा जीता है। उनकी स्पष्टता और क्रिकेट की समझ टीम को अगले स्तर तक ले जाने में अहम भूमिका निभाएगी। इसके साथ बल्लेबाजी कोच राठौड़ का प्रमोशन भी हुआ है। फ्रैंचाइजी ने यह भी घोषणा की कि शेन बॉन्ड गेंदबाजी कोच, ट्रेवर पेनी और सिड लाहिरी क्रमशः सहायक कोच और हाई परफॉर्मेंस कोच बने रहेंगे। संगाकारा ने कहा कि प्रमुख कोच के तौर पर लौटना और इस प्रतिभाशाली ग्रुप के साथ काम जारी रखना मेरे लिए सम्मान की बात है। मुझे खुशी है कि मेरे साथ एक मजबूत कोचिग टीम भी है। विक्रम, ट्रेवर, शेन और सिड अपने-अपने क्षेत्रों में महत्वपूर्ण अनुभव लाते हैं और हम साथ मिलकर खिलाड़ियों को सबसे अच्छी तैयारी देने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हम सभी जानते हैं कि हमें टीम के रूप में किस दिशा में जाना है और हमारा लक्ष्य ऐसी टीम बनाना है, जो स्पष्टता, मजबूती और एक उद्देश्य के साथ खेले। टीम प्रबंधन को अब एक नए कप्तान के साथ काम करना होगा, क्योंकि आरआर ने अपने निवर्तमान कप्तान संजू सैमसन को ट्रेड डील में चेन्नई सुपर किंग्स को दे दिया है, जहां से उन्हें रवींद्र जडेजा और सैम करन मिले हैं। टीम ने नितीश राणा, आकाश मधवाल, अशोक शर्मा, फजलहक फारूकी, कुमार कार्तिकेय, कुणाल आदि।

## दिल्ली खेल पत्रकार संघ के वार्षिक पुरस्कार समारोह में मीराबाई को वर्ष की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार मिला

**नई दिल्ली**, वार्ता। दिल्ली खेल पत्रकार संघ (डीएसजेए) ने रविवार को दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) में अपना वार्षिक पुरस्कार समारोह सफलतापूर्वक आयोजित किया। इस प्रतिष्ठित समारोह में डीडीसीए के अध्यक्ष रोहन जेटली और दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष एवं भारतीय तीरंदाजी संघ के महासचिव वीरेंद्र सचदेवा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस समारोह को डीडीसीए, प्रो कबड्डी लीग, वड्र्सवर्क कम्युनिकेशंस और प्रोकैम इंटरनेशनल सहित आधिकारिक प्रायोजकों का भरपूर समर्थन प्राप्त था। इस अवसर पर राजधानी के विभिन्न खेल पत्रकार खेल जगत और उसकी हस्तियों का सम्मान करने के साथ-साथ इस क्षेत्र के अनुभवी पत्रकारों के अमूल्य प्रयासों को भी सम्मानित करने के लिए एकत्रित हुए। तीन

● इस प्रतिष्ठित समारोह में डीडीसीए के अध्यक्ष रोहन और दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे

वरिष्ठ पत्रकारों - प्रदीप मैगजीन, विपिन बहुगुणा और केपी मोहन को खेल पत्रकारिता में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया। उनकी दिलचस्प कहानियों ने विभिन्न खेलों के कुछ सबसे यादगार पलों को खूबसूरती से कैद किया है। टोक्यो 2020 की रजत पदक विजेता भारोत्तोलक मीराबाई चानू को वर्ष की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी और उनके कोच विजय शर्मा को वर्ष के सर्वश्रेष्ठ कोच के रूप में सम्मानित किया गया। मशाल स्पोर्ट्स के प्रमुख और प्रो कबड्डी लीग के लीग अध्यक्ष अनुपम गोस्वामी को भी भारत के स्वदेशी खेल के उत्थान के लिए उनके समर्पित प्रयासों के लिए वर्ष के सर्वश्रेष्ठ प्रशासक के रूप में सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि रोहन जेटली ने कहा कि डीएसजेए वार्षिक पुरस्कार समारोह में यह मेरा दूसरा अवसर है और खेल जगत में खेल पत्रकारों द्वारा दिए गए योगदान को मान्यता देने की यह एक शानदार पहल है। पत्रकार खेलों और खिलाड़ियों को पहचान और लोकप्रियता दिलाने में मदद करते हैं, और इस प्रकार, किसी भी खेल के विकास में उनकी बहुत बड़ी भूमिका होती है। इस समारोह से जुड़कर डीडीसीए को खुशी हो रही है और मैं विश्वास दिलाता हूं कि हम डीएसजेए को आवश्यक सहयोग प्रदान करते रहेंगे। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि अतीत में एक पत्रकार के रूप में काम करने के बाद, मेरे लिए खुशी की बात है कि मैं भी इस बिरादरी का हिस्सा हूं।

# पाक ने श्रीलंका को फिर हराया, सीरीज भी जीती

● गेंदबाजों व बल्लेबाजों की शानदार बल्लेबाजी के दम पर पाक ने श्रीलंका को हराया

**रावलपिडी, वार्ता।** गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद फखर जमान (55), मोहम्मद रिजवान (नाबाद 61) और हुसैन तलत (नाबाद 42) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर पाकिस्तान ने श्रीलंका के खिलाफ आसानी से 212 रनों का लक्ष्य हासिल कर एकदिवसीय मुकाबला छह विकेट से जीत लिया।

इसी के साथ पाकिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज भी 3-0 से अपने नाम कर ली। फखर जमान की शानदार शुरुआत और मोहम्मद रिजवान और हुसैन तलत के बीच में लगातार मैच जिताऊ साझेदारी की बदौलत मेजबान टीम ने 5-2 ओवर शेष रहते छह विकेट से जीत दर्ज की। पाकिस्तान ने धीमी शुरुआत की




और हसीबुल्लाह खान 12 गेंदों पर शून्य पर आउट हुए। महेश दीक्षाना ने उन्हें आउट किया किया। लेकिन इसके बाद फखर ने जल्दी ही लय पकड़ ली और प्रमोद मदुशन और दीक्षाना के खिलाफ अपनी लय बनाए रखते हुए टीम के स्कोर को आगे बढ़ाया। उन्होंने 45 गेंदों पर 55 रनों की तेज पारी में आठ चौके लगाए और बाबर आजम के साथ 80 रन जोड़कर पाकिस्तान को 82/1 के स्कोर पर नियंत्रण में ला दिया। इसी दौरान श्रीलंका ने जेफरी वेंडरसे के जरिए वापसी की। उन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए फखर को डीप में कैच कराया, बाबर को 34 रन पर सीधी गेंद पर बोल्ड किया और सलमान आगा को पगबाधा आउट कर पाकिस्तान को 115/4 पर लाकर लड़खड़ाते हुए छोड़ दिया। इसके बाद, रिजवान और तलत ने पारी को संभाला और श्रीलंका के लिए रास्ता बंद कर दिया। रिजवान ने अपना 19वां एकदिवसीय अर्धशतक पूरा किया। वह 92 गें. दों पर केवल चार चौकों की मदद से 61 रन बनाकर नाबाद रहे। तलत ने 57 गेंदों पर नाबाद 42 रनों की संयमित पारी खेलकर उनका साथ दिया। इससे पहले, श्रीलंका ने एक और अच्छी शुरुआत गंवा दी और शीर्ष सात बल्लेबाजों में से छह के अच्छी शुरुआत करने के बावजूद केवल 45-2 ओवरों में 211 रनों पर सिमट गई। पाकिस्तान ने मोहम्मद वसीम जूनियर ने तीन विकेट लिए। बल्लेबाजी के लिए भेजे गए पथुम निसांका और कामिल मिशारा ने सकारात्मक शुरुआत की और आठ ओवरों में बिना कोई विकेट खोए स्कोर 55 तक पहुंचा दिया। लेकिन दोनों जल्दी-जल्दी आउट हो गए। निसांका ने 24 रन पर हारिस रऊफ को और 12वें ओवर में मिशारा ने वसीम को 29 रन पर आउट कर दिया। कुसल मेंडिस और सदीरा समरविक्रमा ने 43 रनों की साझेदारी करके टीम को संभालने का प्रयास किया।

# महिलाओं व बालिकाओं को मिले योजनाओं का लाभः बबीता

## राज्य महिला आयोग अध्यक्ष ने योजनाओं के लाभार्थियों को वितरित किए सम्मान पत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डा. बबीता सिंह चौहान ने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ महिलाओं को प्राथमिकता से दिये जाने के निर्देश दिये। उन्होने योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मान पत्र भी वितरित किये।



सर्किट हाऊस में अध्यक्ष डा. बबीता सिंह चौहान ने महिला आयोग सदस्य श्रीमति सपना कश्यप के साथ जनसुनवाई की। उन्होने कहा कि ग्राम पंचायतों में चौपाल लगाकर एवं ग्राम प्रधान के माध्यम से जानकारी दी जाए जिससे योजनाओं का वृहद रूप से सभी को जानकारी मिल सके एवं महिलाओं तथा बालिकाओं को जागरूक किया जा सके। इसके लिए नुक्कड़ नाटक करवाकर तथा सभी संबंधित विभागों से समन्वय करते हुए कार्य किया जाए।

अध्यक्ष ने सभी विभागों की संचालित योजनाओं की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि इन योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पात्रों तक पंहुचाया जाए। महिला कल्याण के अन्तर्गत कन्या सुमंगला योजना, रानी लक्ष्मीबाई महिला सम्मान कोष, सखी वन स्टॉप सेन्टर, पेंशन, पुनर्विवाह योजना के साथ ही समाज कल्याण, पिछडा वर्ग कल्याण, स्वास्थ्य विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विकास विभाग, माध्यमिक शिक्षा, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, बेसिक शिक्षा, पंचायती राज, परिवहन विभाग से संबंधित महिलाओं से जुड़ी योजनाओं की जानकारी ली। उन्होने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं महिलाओं को सामाजिक एवं आर्थिक रूप से मजबूत बनाकर संबल प्रदान करती है।

डॉ. बबीता सिंह चौहान ने निर्देश दिए कि कन्या सुमंगला योजना का लाभ सभी पात्र बालिकाओं को दिया जाए। रानी लक्ष्मीबाई महिला सम्मान कोष के संबंध में उन्होने जिला प्रोब.शन अधिकारी को निर्देश दिए कि पुलिस विभाग से समन्वय कर योजना का अधिक से अधिक लाभ दिया जाए। पुनर्विवाह योजना का अधिकतम प्रचार-प्रसार किया जाए। सभी सरकारी एवं प्राइवेट कार्यस्थलों पर नियमानुसार समिति का गठन किया जाए तथा उसको रैण्डमली चौक भी किया जाए। सभी स्थलों पर शिकायत पेटिका लगाई जाए।

अध्यक्ष द्वारा स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए गए कि स्वच्छता का विशेष ध्यान दिया जाए। सर्वाइकल कैंसर संबंधी वैक्सीन को सीएसआर के माध्यम से अधिक से अधिक लगवाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को लाभान्वित किया जाए। एनीमिया मुक्त सहारनपुर अभियान की सराहना करते हुए जनपद द्वारा बनाई गयी रणनीति की प्रशंसा की। पंचायती राज विभाग को निर्देश दिए कि प्रत्येक ग्राम में कम से कम 2 सार्वजनिक शौचालय बनाए जाएं। परिवहन विभाग को निर्देश दिए कि सभी पब्लिक परिवहनों में चालक का नाम, मो.न. एवं आईडी अंकित की जाए जो स्पष्ट रूप से दिखाई दे। उन्होने कहा कि यथासंभव स्कूली बसों में एक महिला सहायक भी रखी जाए। मिशन शक्ति 5.0 में जनपद में हुए कार्यों की जानक.ारी लेते हुए संतुष्टि प्रकट की। उन्होने स्पर्श राजकीय दृष्टिबाधित बालिका विद्यालय, रामपुर मनिहारान में सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

अध्यक्ष द्वारा महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने हेतु जनसुनवाई की गयी जिसमें महिलाओं व बालिकाओं के अधिकारों की जानकारी देते हुए उनकी समस्याओं को सुनकर निस्तारित किया गया। जनसुनवाई के दौरान 13 प्रकरणों को सुना गया जिसमें से 6 प्रकरण घरेलू हिंसा (महिला थाना) तथा 1 प्रकरण पुलिस विभाग व 3 प्रकरण राजस्व विभाग, 1 प्रकरण आबकारी विभाग तथा 1 रोजगार से सम्बन्धित प्राप्त हुए। सभी प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये गये तथा प्रकरण में फालोअप लेते हुए निस्तारण आख्या से उन्हें अवगत कराने के निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिये गये। महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित महिलाओं को विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानाकरी प्रदान करते हुए 5 निराश्रित महिलाओं को पेंशन के, 10 मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के, 6 उ.प्र. मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के तथा 10 स्पॉन्सरशिप योजना के लाभार्थियो को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व उन्होने जिला महिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। महिला चिकित्सालय में उपलब्ध व्यवस्थाओं पर संतुष्टि प्रकट की। चिकित्सालय में 3 महिलाओ की गोद भराई व 3 बच्चों का अन्नप्राशन कार्यक्रम मे प्रतिभाग किया गया। उन्होने जिला कारागार का निरीक्षण किया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, जिला पंचायत राज अधिकारी प्रदीप कुमार द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी सदर प्रिया यादव, जिला समाज कल्याण अधिकारी अर्चना, जिला सूचना अधिकारी दिलीप कुमार गुप्ता, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुमन गौतम, जिला कार्यक्रम अधिकारी दुर्गेश कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक द्वितीय, हर्ष देव स्वामी सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

## आग से कमरे में रखा सामान जला

**तीतरों।** संदिग्ध अवस्था में आग लग जाने के कारण कमरे के अंदर रखा हजारों रुपए का सामान जल गया। पास ही खड़ा ट्रैक्टर भी जलकर खाक हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

कस्बे के मोहल्ला नई बस्ती निवासी हाजी शराफत राव आम के बाग की ठेकेदारी करते हैं। नई बस्ती में शराफत ने चारदीवारी को घेरकर उसके अंदर एक कमरा बना रखा है। कमरे को सीमेंट की चादर से छाप दिया गया है। जब वह सुबह घेर में पहुंचे तो सभी सामान जला हुआ था। मकान में रखें सात सौ प्लास्टिक के करेट, दस तिरपाल, छः सौ कार्टन एवं ट्रैक्टर सहित सभी सामान जला हुआ था। कमरे की छत भी आग लग जाने के कारण नीचे गिर पड़ी। हाजी शराफत ने बताया 3 लाख के करीब समान जलकर राख हो गया। शराफत ने पुलिस को सूचित किया तो पुलिस मौके पर पहुंची जांच पड़ताल में जुट गई।

# मृतक के परिजनों को सरकार दे आर्थिक मददः मुजतबा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय महासचिव मुजतबा एडवोकेट ने सऊदी अरब में हुए हादसे पर अफसोस जाहिर करते हुये तेलंगाना सरकार से प्रत्येक मृतक के परिजनों को 50 लाख रुपये दिये जाने की मांग की है।



मुजतबा ने कहा कि यह बहुत बड़ी दुख की बात है। सड़क हादसे में कम से कम 42 भारतीयों की मौत की खबर है। जानकारी के मुताबिक यह बस मक्का से मदीना की ओर जा रही थी। बस एक टैंकर से टकराकर आग का गोला बन गई। इसमें सवार सभी यात्रियों के मारे जाने की आशंका है। रिपोर्ट्स के मुताबिक हादसे में मारे गए भारतीय हैदराबाद के रहने वाले थे। तेलंगाना सरकार ने मृतकों के परिवारों के लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया है, सरकार हर स्तर पर पूरा सहयोग कर रही है। मुजतबा एडवोकेट ने बताया कि कांग्रेस शासित तेलंगाना सरकार रियाद में भारतीय दूतावास के संपर्क में है।

अफसोस जाहिर करने वालो में हकीम अकबर अली, अब्दुल हसीब मलिक, प्रधान फरमान अली, प्रधान नासिर अली, राव यूसुफ, राव आरिफ, महबूब तलहेड़ी, अरशद एडवोकेट, कारी आबिद, परवेज मलिक, नासिर सैफी, फैसल मिर्जा ने दुर्घटना के मृतकों के प्रति अफसोस जाहिर किया।

# एकता पदयात्रा में शामिल हुए भाजपाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की स्मृति में एकता, सद्भाव और राष्ट्रीय एकजुटता का संदेश देते हुए एकता पदयात्रा और विशाल जनसभा का आयोजन किया गया।



सोमवार को प्रदेश के संसदीय कार्य राज्य मंत्री जसवंत सिंह सैनी, विधायक किरत सिंह की अगुआई में पद यात्रा का आयोजन किया गया। पद यात्रा में स्कूली बच्चों, एनसीसी, स्काउट के अलावा महिलाओं की भारी भीड़ के साथ यात्रा शोभित विश्वविद्यालय से आरंभ हुई, यहां से आरंभ होकर यात्रा, खानपुर चौक, कालेज मार्ग, शिव चौक, नानौता बस स्टैंड चौक से होते हुए गीता ज्ञान संस्कार एकेडमी पर जाकर संपन्न हुई। रास्ते में भारत माता की जय, वंदे मातरम, सरदार पटेल जिंदाबाद आदि नारे लगाए गए। यात्रा के समापन पर वक्ताओं ने कहा कि सरदार पटेल के रास्ते पर चलकर ही देश को मजबूत करना होगा। बिहार में एनडीए की जीत पर खुशी जताते हुए सरकार की योजनाओं की जानकारी भी दी गई। यात्रा में भाजपा जिला उपाध्यक्ष सतपाल सिंह, कृष्ण पाल सिंह पुंडीर, रविंद्र पुंडीर, मनोज चौधरी, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष उमा शर्मा, नीरज अग्रवाल, मांगेराम सैनी, राजेश गांधी, वीर सैन, मनोज राणा, मुकेश राणा, राकेश आर्य, नीरज प्रधान दूधला आदि मौजूद रहे।

## प्रिंटिंग प्रेस में लगी आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** नगर के मोहल्ला मोहम्मद गोरी स्थित घास मंडी में स्थित श्रीराम प्रिंटिंग प्रेस में रात में अचानक आग लग गई। आग लगने की खबर लगते ही रात मे ही प्रिंटिंग प्रेस स्वामी व उसके सहयोगियों ने आगपर काबू पाया। मगर तब तक हजारों रुपये का सामान जल कर राख हो गया था।

# आईटीआई उल्लंघन पर एकजुट हुए कर्मचारी

**सहारनपुर।** नगर निगम सहारनपुर प्रशासन ने सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 8(1)(ज) के उल्लंघन के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण निर्देश दिये गए।

प्रथम अपीलीय अधिकारी द्वारा आवेदन कर्ता को कर्मचारियों की व्यक्तिगत सूचनाएं बिना संबंधित कर्मचारी की अनुमति के तीसरे पक्ष को उपलब्ध कराने को कहा गया था, जिसके खिलाफ सभी कर्मचारियों ने नगर निगम परिसर में एकजुट होकर आरटीआई की धारा 8 (1) (ज ) के उल्लंघन के अंतर्गत इसका कड़ा विरोध जताया, कर्मचारियों का कहना था की अधिनियम में यह स्पष्ट किया गया है कि आरटीआई अधिनियम की धारा 8(1)(ज) के तहत किसी भी कर्मचारी की व्यक्तिगत जानकारी बिना उनकी सहमति के किसी भी तीसरे व्यक्ति को नहीं दी जा सकती है। क्योंकि यह आरटीआई कानून के प्रावधान में है, जिसका उद्देश्य है की कोई भी व्यक्ति निजी व व्यक्तिगत जानकारी लेकर उसका दुरुपयोग न कर सके। कर्मचारियों ने सभी विभागीय अधिकारियों से अनुरोध किया है कि ऐसी किसी भी स्थिति में, बिना लिखित अनुमति के किसी भी प्रकार की व्यक्तिगत सूचना किसी भी बाहरी व्यक्ति को उपलब्ध न कराई जाए।

# पथिक जनशक्ति पार्टी की महानगर अध्यक्ष बनी सोनू



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पथिक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी वीरेंद्र सिंह गुर्जर द्वारा सोनू रानी शर्मा को महानगर अध्यक्ष मनोनीत किया है।

सोनू रानी ने कहा कि मैं पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने, समाज के दुख-सुख में खड़े रहने और विशेष रूप से महिलाओं को संगठित कर एक नया इतिहास रचने के लिए पूर्ण रूप से समर्पित हूँ। जहां भी किसी पर अत्याचार या उत्पीड़न होगा, वहां मैं इंसाफ की लड़ाई लड़ूंगी। उन्होने कहा कि महानगर में महिलाओं की आवाज अब और भी मजबूती से गूंजेगी।

# रूही अंजुम ने एसआईआर फार्म पर की चर्चा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सपा प्रदेश सचिव व ब्लाकं पुंवारका प्रभारी रूही अंजुम ने आज ब्लाक पुवारका पहुंचकर वीडीओ नीरू मलिक से मुलाकात कर एसआईआर फार्म भरने को लेकर चर्चा की।

रूही अंजुम ने फॉर्म सही तरीके से भरवाने, टीम वर्क और मैदानी स्तर पर पारदर्शिता को लेकर विस्तृत सें वार्ता की। रूही अंजुम ने स्पष्ट किया कि प्रभारी बनने के साथ ही मेरा पहला लक्ष्य संगठन की मजबूती और सरकारी कार्यों में सुधार है।

रूही अंजुम के साथ शमशाद अहमद, डॉ. मोहम्मद उस्मान, सलमान सिद्दीकी और देवांश गोस्वामी भी मौजूद रहे।

बाद में रूही अंजुम ने अपने आवास पर बैठक करते हुए कहा कि हमारी लड़ाई सत्ता की नही बल्कि वंचितों के हक व सम्मान की है उन्होंने कहा कि जब तक तक वंचित की आवाज मजबूत नहीं होगी, तब तक समाज में बराबरी संभव नहीं।



उन्होंने कहा कि जब तक विकास का लाभ समाज के आखिरी पायदान पर खडे व्यक्ति तक नही पहुंच पाता उनका संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय सिर्फ नारा नहीं, उनकी पहचान है रूही अंजुम ने कहा की हम शोषित वंचित पिछडो को न्याय दिलाने व उनकी आवाज को उठाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# स्कूल के कमरों में आग से जले दस्तावेज व सामान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** क्षेत्र के गांव संगमौर स्थित ग्लोबल पब्लिक स्कूल के तीन कमरों में विगत रात्रि आग लगने से जरूरी दस्तावेज व अन्य सामान जलकर राख हो गया।

गांव संगमौर स्थित ग्लोबल पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य राहुल वालिया ने जानकारी देते हुए बताया कि बीती रात स्कूल के एडमिन ब्लॉग, परीक्षा कक्ष व लायब्रेरी में किन्ही अज्ञात व्यक्तियों द्वारा आग लगा दी गयी, जिससे कि कमरों में रखा सभी सामान कम्प्यूटर, एलसीडी, फर्नीचर, दीवारों पर लगी पेंटिंग्स के साथ साथ जरूरी दस्तावेज भी जलकर राख हो गये।आरोप है कि अज्ञात व्यक्तियों द्वारा कमरों में रखी अलमारियों के ताले तोडकर आग लगायी गयी है, जिससे स्कूल के जरूरी दस्तावेजो के साथ साथ परीक्षा संबंधित दस्तावेज भी जलकर राख हो गये। उन्होंने बताया कि स्कूल प्रबंधन को आग लगने की जानकारी सोमवार को सुबह के समय स्कूल खोलने पर पता लगी। उन्होंने स्कूल में आग लगने से लगभग तीन लाख रुपये का आर्थिक नुकसान होना बताया है। स्कूल प्रबंधन द्वारा सुचना दिये जाने पर अग्निशमन व थाना पुलिस मौके पर पहुंची। स्कूल प्रधानाचार्य ने थाना पर तहरीर देते हुए आग लगाने वाले अज्ञात व्यक्तियों का पता लगाकर कार्यवाही की मांग की है।

# एकता क्लब अंबेहटा ने सरसावा को हराया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** एक दिवसीय क्रिकेट मुकाबले में एकता क्लब अम्बेहटा ने सरसावा को 23 रनों से पराजित किया।



जैन डिग्री कॉलेज में आयोजित मुकाबले में एकता क्लब के कप्तान जनक अंबेहटी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते निर्धारित 25 ओवर में सात विकेट खोकर 247 रन का लक्ष्य सरसावा टीम के सामने रखा। शानदार बल्लेबाजी करते ओपनर बल्लेबाज कासिफ पठान ने 11 चौंके व एक गगनचुमि छक्के की बदौलत 58 रन सिद्धार्थ चौधरी 15,शब्बर खान 55, ऋषभ अलीपुरा 28 जबकि उप कप्तान गोविंद खेड़ी ने मात्र 23 गेंद पर ताबड़तोड़ 44 रन की शानदार पारी खेली। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी सरसावा की टीम की शुरुआत शानदार रही लेकिन एकता क्लब के गेंदबाज कासिफ पठान के महत्वपूर्ण चार विकेट तथा आरव शर्मा बलाल खेडी व कप्तान जनक के दो - दो विकेट ने सरसावा बल्लेबाजो की कमर तोड़ दी जबकि रहा सहा काम सलमान व दीपक के एक एक विकेट लेकर सरसावा की पूरी टीम 24.5 ओवर में 224 रन पर घुटने टेक गई। जिस प्रकार एकता क्लब ने यह मैच 23 रन के बड़े अंतर से जीता । सरसावा टीम के बल्लेबाज अंकित सहगल ने 56 जबकि नितिन चौधरी ने 60 रन की सर्वाधिक पारी खेली । हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत कासिफ पठान को मैन ऑफ दा मैच का खिताब दिया गया। जैन डिग्री कॉलेज एकेडमी कोच अर्जुन सिंह ने विजेता कप्तान जनक सिंह को कीपिंग ग्लव्स देकर सम्मानित किया। इस दौरान सेठपाल सिंह, अनुज रुहेला, सन्नी वर्मा, संजीव शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## चेकिंग अभियान चलाया

**सहारनपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी के निर्देश पर वर्तमान परिस्थितियों एवं संभावित आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं अपराधों में संलिप्त अपराधियों की धरपकड़ के लिए जनपद की सभी सीमाओं की सुदृढ़ नाकाबंदी कर चौकिंग अभियान चलाया गया।

जनपद भर में इस अभियान के नगर, ग्रामीण तथा अन्तर्जनपदीय एवं अन्तर्राज्यीय सीमाओं पर बैरियर लगाकर सघन चेकिंग की गई। जनपद की सभी सीमाओं को अस्थायी रूप से सील कर रणनीतिक नाकाबंदी की गई। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों एवं वस्तुओं की गहन तलाशी एवं सत्यापन किया गया। अभियान के तहत सीसीटीवी, ड्रोन व इंटेलिजेंस इनपुट के माध्यम से संवेदनशील स्थानों पर निगरानी रखी गई। अभियान के दौरान थाना स्तर से लेकर जनपद स्तर तक पुलिस समन्वय एवं गश्त व्यवस्था को और प्रभावी बनाया गया।

# वाहनों पर लगाए गए रिफ्लेक्टर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** आगामी कोहरे के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए स्थानीय पुलिस एंव बजाज हिन्दुस्थान शुगर मिल गांगनौली द्वारा किसानो की सुरक्षा के लिए उनके वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाये गये।



कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कार्यवाहक गन्ना हेड चौधरी सिताब सिंह ने बताया कि सर्दी के मौसम मे कोहरे के कारण रात मे दृश्यता बहुत कम रह जाती है जिस कारण वाहन दिखाई नही दे पाते है । मिल गेट पर गन्ना लाने वाले किसानों के वाहनों में दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। इस प्रकार की दुर्घटनाओं पर रोक लगाने व यातायात जागरूकता अभियान के तहत किसानों के वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाये जा रहे है। इस अवसर मुख्य रुप से थाना प्रभारी राजकुमार चौहान, नवीन कुमार, महकार सिंह, महेश्वर शर्मा आदि मिल अधिकारी उपस्थित रहे।

## पेड़ काटने की सूचना पर दौड़ी पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** क्षेत्र के गांव दभेडा कलां के रकबे में सरकारी चकरोड से पेड काटे जाने की सूचना पर डॉयल 112 पुलिस तथा हल्का लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर पेड़ कटने से रूकवाये।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत दभेडा कलां के रकबे में किसान सादिक एवं राशिद पुत्र इलियास की खेती की जमीन है। किसानों ने अपने खेत के चारों ओर पोपुलर के पेडों का नौर कंई वर्ष पूर्व लगाया गया था, जो कि अब तैयार होने के बाद किसानों द्वारा कटवाया जा रहा था। सोमवार को गांव के ही किसी व्यक्ति द्वारा हल्का लेखपाल को सरकारी चकरोड से पेड काटे जाने की सूचना दी गयी।

जिसके बाद हल्का लेखपाल डॉयल 112 पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे ओर मजदूरों को पेड काटने से मना कर दिया। जबकि लेखपाल के पहुंचने से पहले ही मजदूरों द्वारा खेत के नौर से लगभग 17 पेड काट दिये गये थे। मजदूर काटे गये सभी पेडों को खेत पर ही छोड़कर वहां से चले गये। इस मामले में जब हल्का लेखपाल से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि इस मामले में पहले भी चकरोड की पैमाईश की गयी थी तथा पेड सरकारी चकरोड में लगे हुए पाये गये थे। उस समय भी किसान को पेड कटवाने से इंकार कर दिया गया था, लेकिन सीमा से सीमा तक पैमाईश के बाद ही सही स्थिति का पता चल पाएगा। जिसके लिए पैमाईश की जायेगी, यदि यह पेड किसान की भूमि पर ही लगे पाए जाते हैं, तो वह पैमाईश होने के बाद इन पेड़ों को कटवा सकता है, यदि पेड सरकारी चकरोड में आते हैं, तब कानूनी प्रक्रिया का पालन कराया जायेगा।

# 1200 से अधिक मतदाता होने पर बनाए गए नए मतदान स्थल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि 1200 से अधिक मतदाता होने पर नये मतदान स्थल बनाये गये है।

श्री बंसल आज मतदेय स्थलों के सम्भाजन के संबंध में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों एवं ईआरओ के साथ कलैक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में बैठक ले रहे थे। उन्होने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदेय स्थलों पर मतदाताओं को बेहतर अनुभव प्रदान करने एवं सुगमता बढाने हेतु 1200 से अधिक मतदाता वाले मतदेय स्थलों का सम्भाजन कराये जाने के निर्देश दिए गए हैं। निर्देशों के अनुपालन में संबंधित उपजिलाधिकारी एवं तहस.ीलदारों के माध्यम से जनपद में अवस्थित सातों विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदेय स्थलों का भौतिक सत्यापन कराकर 1200 से अधिक मतदाताओं की संख्या वाले मतदान स्थलों का सम्भाजन किया गया। सम्भाजन उपरान्त 10 नवम्बर 2025 को आलेख्य मतदान स्थल सूची प्रकाशित की गई। आलेख्य सूची जनपद के समस्त वर्तमान संसद सदस्यों, विधान सभा सदस्यों तथा मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के जिलाध्यक्षों को प्रेषित कर उनसे 16 नवम्बर तक सुझाव एवं आपत्तियां प्रस्तुत करने का अनुरोध किया गया।

बैठक में अवगत कराया गया कि सम्भाजन प्रक्रिया के दौरान 1200 मतदाताओं से अधिक मतदाता वाले कतिपय मतदेय स्थलों को विलय किया गया है अथवा कतिपय मतदान स्थलों को सम्भाजित कर नया मतदान स्थल बनाया गया है, जिनका संख्यात्मक विवरण उपलब्ध गया।



सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा एक मत से अवगत कराया गया कि उन्हें आलेख्य प्रकाशित सूची में कोई आपत्ति नहीं है।

जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा वर्तमान समय में चल रहे विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण के बारे में उपस्थित जनप्रतिनिधियों को मतदाताओं का गणना फार्म भरवाकर जमा कराने के कार्य में सहयोग करने की अपील की गई।

सभी उपस्थित प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया कि मतदाता द्वारा गणना प्रपत्र में असत्य एवं भ्रामक सूचनाएं देने तथा मिथ्या घोषनाएं करने पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 31 के अन्तर्गत दण्ड का प्राविधान है, जिसके अन्तर्गत एक वर्ष की जेल हो सकती है।

इस अवसर पर नगर आयुक्त शिपू गिरी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन संतोष बहादुर सिंह, जिलाध्यक्ष भाजपा महेन्द्र सैनी, जिलाध्यक्ष कांग्रेस नितिन शर्मा, जिलाध्यक्ष सपा चौ. अब्दुल वाहिद, सपा से अब्दुल गफूर, अपना दल से राजकुमार पंवार, जिला महामंत्री राधेश्याम शर्मा, सिटी मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह, सभी एसडीएम, विपिन चौधरी, सुनीश प्रधान, संजय कुमार जैन, संदीप वर्मा सांसद प्रति.निधि, विपिन जैन, चौ. भूपेश सिंह विधायक प्रतिनिधि नकुड़, चौ. सम्राट सिंह भाजपा नकुड़, सहित अन्य राजनैतिक दलों के पदाधिकारी व अधिकारी उपस्थित रहे।

## विभिन्न गतिविधियों पर की चर्चा

**सहारनपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की बैठक में परिषद की संगठनात्मक गतिविधियों, आगामी छात्र-हित योजनाओं तथा विश्वविद्यालय स्तर पर किए जाने वाले विभिन्न आयोजनों पर विस्तार से चर्चा की गई।

यहां आयोजित एबीवीपी की बैठक में नवनिर्वाचित महानगर मंत्री रजत गोयल एवं खेलो भारत के संयोजक कार्तिक धीमान विश्वविद्यालय इकाई के कार्यकर्ताओं माल्यार्पण कर स्वागत किया। नवनिर्वाचित महानगर मंत्री रजत गोयल ने कहा कि परिषद सदैव छात्र-हितों की रक्षा तथा राष्ट्रवादी छात्र-शक्ति के सशक्तीकरण के लिए प्रतिबद्ध रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि अधिक से अधिक युवाओं को परिषद के साथ जोड़कर संगठन को और मजबूत बनाने का काम करें।

# प्रत्यर्पण संधि पर सवाल

बांग्लादेश की इंटरनेशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल (आईसीटी) ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को मौत की सजा सुनाई है। बांग्लादेश ने भारत से अनुरोध किया है कि वो शेख हसीना को सौंपे। शेख हसीना का कहना है, ट्रिब्यूनल का फैसला पक्षपाती और राजनीति से प्रेरित है। अब सवाल उठता है कि क्या भारत उन्हें बांग्लादेश को सौंपेगा, उस प्रत्यर्पण संधि का क्या होगा जो दोनों देशों के बीच हुई थी। शेख हसीना भारत में हैं। अब सवाल उठता है कि क्या भारत उन्हें बांग्लादेश को सौंपेगा। बांग्लादेश ने सबसे पहले दिसम्बर 2024 में भारत से शेख हसीना के प्रत्यर्पण के लिए अनुरोध किया था, जो छात्रों के विरोध प्रदर्शनों के बाद भागकर नई दिल्ली आई थीं। इसके साथ ही उनके 15 साल के शासन का अंत हो गया था। यह अनुरोध भारत के विदेश सचिव की बांग्लादेश यात्रा के दो हफ्ते बाद आया था, बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस ने 8 अगस्त को कार्यभार संभालने के बाद मांग की थी कि भारत हसीना को वापस भेजे, ताकि बांग्लादेश उन पर प्रदर्शनकारियों और उनके विरोधियों के खिलाफ अपराधों और पिछले 15 वर्षों के कार्यकाल के दौरान उन पर किए गए अपराधों के लिए मुकदमा चला सके। अब सवाल उठता है कि उस प्रत्यर्पण संधि का क्या होगा, जिसे ऐसे मामलों के लिए किया गया था। भारत और बांग्लादेश ने जनवरी, 2013 में प्रत्यर्पण संधि पर साइन किए थे। संधि कहती है, अगर कोई फैसला राजनीति से प्रेरित है, तो दूसरा देश प्रत्यर्पण के अनुरोध को अस्वीकार कर सकता है। ट्रिब्यूनल के फैसले से पहले भी हसीना चीजों को राजनीति से प्रेरित बताती रही हैं। वो इसी शब्द का बार-बार इस्तेमाल करती रही हैं। शेख हसीना ने अब अपने बयान में कहा है कि ट्रिब्यूनल का फैसला मेरे खिलाफ आया है। यह गलत फैसला है। पक्षपात है और राजनीति से प्रेरित है। इसमें मेरा पक्ष सुना ही नहीं गया था। यह फैसला ऐसे ट्रिब्यूनल ने दिया है जिसे गैर निर्वाचित सरकार चला रही है। उनके पास जनता का कोई जनादेश तक नहीं है। इसलिए यह गलत है।अब सवाल है कि प्रत्यर्पण संधि में क्या-क्या कहा गया है और उसके प्रावधान क्या हैं। अगर अपराध राजनीतिक प्रख्रति का लगता है, तो प्रत्यर्पण से इन्कार किया जा सकता है। कुछ अपराध, जैसे हत्या, जबरन गायब कर देना और यातना को संधि के तहत राजनीतिक अपराधों की श्रेणी से बाहर रखा गया है। इन्कार के आधारों में ऐसे आरोप भी शामिल हैं जो न्याय के हित में सद्भावनापूर्वक नहीं लगाए गए हैं या ऐसे सैन्य अपराध हैं जिन्हें सामान्य आपराधिक कानून का उल्लंघन नहीं माना जाता है। अनुच्छेद 8 में इन्कार के लिए कई आधारों की सूची दी गई है, जिनमें निम्नलिखित मामले शामिल हैं।जैसे- न्याय के हित में सद्भावनापूर्वक आरोप नहीं लगाया गया है या सैन्य अपराधों के मामले में जो सामान्य आपराधिक कानून के अंतर्गत अपराध नहीं हैं। अब शेख हसीना को उन्हें सौंपा जाएगा या नहीं, यह पूरी तरह से भारत सरकार की प्रतिक्रिय पर टिका है। भारत के पास बांग्लादेश के प्रत्यर्पण अनुरोध को स्वीकार करने के लिए कानूनी और कूटनीतिक साधन हैं, लेकिन सरकार के पास इन्कार करने के स्पष्ट और ठोस आधार भी हैं। सरकार इस बात पर विचार कर सकती है कि क्या ट्रिब्यूनल का फैसला एक प्रामाणिक, निष्पक्ष न्यायिक प्रक्रिया को दर्शाता है और क्या एक पूर्व शासनाध्यक्ष को वापस भेजने से उनके साथ दुर्व्यवहार, अपील पर अनुचित सुनवाई या अन्य मानवाधिकार के जोखिम पैदा होंगे।

## देश कुर्सी से कहीं बड़ा



10 नवम्बर को लाल किले पर हुआ विस्फोट देश भर में बढ़ती असुरक्षा की भावना और जम्मू- कश्मीर में केंद्र की नीतियों की विफलता को दिखाता है, आपने दुनिया को बताया कि कश्मीर में सब कुछ ठीक है, लेकिन कश्मीर की परेशानी लाल किले के सामने गूंज रही हैं, आपने जम्मू-कश्मीर को सुरक्षित बनाने का वादा किया था, लेकिन उसे पूरा करने के बजाय, आपकी नीतियों ने दिल्ली को असुरक्षित बना दिया है, हिंदू-मुस्लिम की राजनीति करके वोट, तो मिल सकते हैं, लेकिन देश किस दिशा में जा रहा है, दिल्ली के लोग शायद यह सोचते हैं कि जितना ज्यादा हिंदू- मुस्लिम विभाजन होगा, उतना ही खून-खराबा होगा, उतने ही ज्यादा वोट उन्हें मिलेंगे, मुझे लगता है कि उन्हें दोबारा सोचना चाहिए, देश कुर्सी से कहीं बड़ा है। **-महबूबा मुफ्ती, पीडीपी चीफ और जम्मू कश्मीर की पूर्व सीएम**

# जोहरान ममदानी से उमर उन नबी तक वैश्विक मुस्लिम के दो चेहरे



**एम हसन**




उच्च शिक्षित डॉ. उमर-उन-नबी और उनके सहयोगियों, जिनमें लखनऊ की एक महिला डॉक्टर भी शामिल हैं, द्वारा मचाई गई तबाही ने यह साबित कर दिया है कि अगर वैचारिक रुझान ही गलत हैं, तो आधुनिक उच्च शिक्षा किसी भी मुद्दे के लिए शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक लड़ाई की गारंटी नहीं है। जोहरान ममदानी और डॉ. उमर-उन-नबी के बीच यही बुनियादी अंतर है। जब वैश्विक शक्तियां, हिंसक और क्रूर अतीत को भुलाकर, एक पूर्व सिर काटने वाले को गले लगा रही थीं, उसी समय उसके वैचारिक भाई 10 नवंबर को दिल्ली की व्यस्त सड़कों पर मौत और तबाही फैलाते हुए बेकाबू हो रहे थे, लेकिन दूसरा पहलू जोहरान ममदानी और कुछ अन्य लोगों का कोमल, शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक चेहरा था, जिन्होंने अपनी चुनावी जीत से साबित कर दिया है कि वैश्विक मुस्लिम समाज के दो अलग-अलग चेहरे हैं।

उच्च शिक्षित डॉ. उमर उन नबी और उनके सहयोगियों, जिनमें लखनऊ की एक महिला डॉक्टर भी शामिल हैं, द्वारा किए गए उत्पात ने यह साबित कर दिया है कि अगर वैचारिक रुझान गलत हैं, तो आधुनिक उच्च शिक्षा किसी भी मुद्दे के लिए शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक लड़ाई की गारंटी नहीं है। जोहरान ममदानी और डॉ उमर उन नबी के बीच यही बुनियादी अंतर है।

इसलिए, दिल्ली विस्फोटों को एक आतंकवादी हमले के रूप में देखने के अलावा, मुस्लिम समाज के भीतर उदारवादी ताकतों को शामिल करके मुस्लिम समाज को कट्टरपंथ से मुक्त करने के सरकारी प्रयास भी किए जाने चाहिएं। आतंकवादियों का सफाया जरूरी है और पिछले कुछ वर्षों में सुरक्षा बलों को जम्मू-कश्मीर तथा कुछ अन्य इलाकों में इस दिशा में सफलता मिली है, लेकिन उदारवादी इस्लामी विद्वानों को शामिल करके कट्टरपंथ से मुक्ति दिलाने के लिए सिंगापुर मॉडल के धार्मिक पुनर्वास समूह (आरआरजी) को यहां भी लागू किया जा सकता है। दशकों तक कट्टरपंथी ताकतों को बढ़ावा देने के बाद, सऊदी अरब और यूएई ने अब कट्टरपंथ से मुक्ति केंद्र चलाना शुरू कर दिया है, जहां उन्होंने अगली पीढ़ी की सुरक्षा के लिए विभिन्न वैज्ञानिक तरीकों का इस्तेमाल किया है। कुछ साल पहले, मोदी सरकार ने मुस्लिम समाज में कट्टरपंथ के खिलाफ काम करने के लिए प्रमुख सूफी विद्वानों के एक समूह को शामिल किया था। लेकिन विभिन्न अपरिहार्य कारणों से यह सफल नहीं हो सका। हालांकि, पिछले एक दशक में विशुद्ध राजनीतिक कारणों से बड़े पैमाने पर नफरत का माहौल बनने से भी मुसलमानों में कट्टरपंथ को बढ़ावा मिला है।

मुद्दा कारणों की जांच और सुधारात्मक उपाय करने का है। विभिन्न मुस्लिम संगठनों द्वारा दिल्ली विस्फोटों की केवल निंदा और मृत्यु व विनाश पर शोक व्यक्त करने से समस्याओं का समाधान नहीं होगा। मुस्लिम नेतृत्व को अपनी अगली पीढ़ी को वैचारिक अतिवाद और विनाश से बचाना होगा। सोशल मीडिया के साधनों ने भी युवा पीढ़ी पर अत्यधिक नकारात्मक प्रभाव डाला है। समुदाय को ममदानी, गजाला हाशमी (लेफ्टिनेंट गवर्नर, वर्जीनिया), अल अब्देलअजीज (न्यू जर्सी जनरल असेंबली), अब्दुल्ला हम्मूद (मेयर, डियरबॉर्न), मो बेयदौन (मेयर, डियरबॉर्न हाइट्स) और फैजुल कबीर (मेयर, कॉलेज पार्क) जैसे उदारवादी लोगों और विजेताओं से प्रेरणा लेनी चाहिए, न कि देश में हिंसा फैलाने वाली कट्टरपंथी ताकतों से।

सुरक्षा एजेंसियां दिल्ली आतंकवाद को सफेदपोश आतंकी पारिस्थितिकी तंत्र कह रही हैं, लेकिन यह कोई नई घटना नहीं है। उच्च शिक्षित और पेशेवर रूप से प्रशिक्षित लोग एक संदिग्ध विचारधारा के कारण आतंकवाद की ओर आकर्षित हुए हैं, जिसने वैश्विक मुस्लिम समाजों में हिंसा को बढ़ावा दिया और उन्होंने गरीबी से त्रस्त पृष्ठभूमि के लोगों को संगठित करके अजमल कसाब (2008 के मुंबई आतंकवादी हमले के बाद पकड़ा गया पाकिस्तान-प्रशिक्षित आतंकवादी) जैसे लोगों को पैदा किया। ओसामा बिन लादेन, अयमान अल-जवाहिरी, अबू बक्र अल बगदादी, मुल्ला उमर और कई अन्य वैश्विक आतंकवादी शिक्षित और पेशेवर रूप से कुशल थे। इसी तरह, न्यूयॉर्क में 9/11 के हमलावर सभी योग्य और कुशल लोग थे, लेकिन विचारधारा ने उनके हाथों में बंदूकें और बम थमा दिए। इस प्रकार सफेदपोश आतंकी पारिस्थितिकी तंत्र लंबे समय से चल रहा है। भारतीय संदर्भ में, यह पैटर्न केवल कश्मीर समस्या ही नहीं, बल्कि अखिल भारतीय समस्या भी है। अगर हम पीछे मुड़कर देखें, तो यह पैटर्न देश के विभिन्न हिस्सों में भी दिखाई देता था। हाल के वर्षों में ध्वस्त हुए घरेलू आतंकी मॉड्यूलों में महाराष्ट्र, कर्नाटक, केरल और अब उत्तर प्रदेश के कट्टरपंथी इंजीनियरों, आईटी पेशेवरों और डॉक्टरों की संलिप्तता के संकेत मिले हैं, जहां से लखनऊ में जन्मे दो डॉक्टरों को दिल्ली विस्फोट मामले में गिरफ्तार किया गया है। यह दर्शाता है कि कट्टरपंथ और उसके बाद हिंसा का सहारा लेने की अपील सभी सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि और व्यवसायों में व्याप्त है। आईएस और अल-कायदा का इतिहास बताता है कि ये वैचारिक रूप से अत्यधिक कट्टरपंथी और हिंसक समूह हमेशा अपने विभिन्न शाखाओं में हिंसक अभियानों के लिए शिक्षित पेशेवरों की भर्ती करते रहे हैं। यह पैटर्न बलूच और खालिस्तानी आंदोलनों में भी स्पष्ट है।

> सुरक्षा एजेंसियां दिल्ली आतंकवाद को सफेदपोश आतंकी पारिस्थितिकी तंत्र कह रही हैं, लेकिन यह कोई नई घटना नहीं है। उच्च शिक्षित और पेशेवर रूप से प्रशिक्षित लोग एक संदिग्ध विचारधारा के कारण आतंकवाद की ओर आकर्षित हुए हैं, जिसने वैश्विक मुस्लिम समाजों में हिंसा को बढ़ावा दिया और उन्होंने गरीबी से त्रस्त पृष्ठभूमि के लोगों को संगठित करके अजमल कसाब (2008 के मुंबई आतंकवादी हमले के बाद पकड़ा गया पाकिस्तान-प्रशिक्षित आतंकवादी) जैसे लोगों को पैदा किया। ओसामा बिन लादेन, अयमान अल-जवाहिरी, अबू बक्र अल बगदादी, मुल्ला उमर और कई अन्य वैश्विक आतंकवादी शिक्षित और पेशेवर रूप से कुशल थे। इसी तरह, न्यूयॉर्क में 9/11 के हमलावर सभी योग्य और कुशल लोग थे, लेकिन विचारधारा ने उनके हाथों में बंदूकें और बम थमा दिए। इस प्रकार सफेदपोश आतंकी पारिस्थितिकी तंत्र लंबे समय से चल रहा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# खाद्य पदार्थों का चेक करें न्यूट्रीशनल लेवल

**दिल की बीमारियों समेत कई गंभीर रोगों के लिए जिम्मेदार ट्रांस फैट पर पूरी तरह रोक लगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे देश में स्वास्थ्य मंत्रालय के अधीन फूड सिक्योरिटी एडं न्यूट्रीशन एजेंसी ने वर्ष 2009 में विधेयक का प्रारूप तैयार किया और कानून लाकर देश के बाजार में ट्रांस फैट का मानक अधिकतम दो प्रतिशत तय किया गया है। मेरी इच्छा है कि इस पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया जाए। उन्होंने कहा कि कैंसर की प्राकृतिक चिकित्सा की खोज करने और इसके बाद इस बीमारी से जूझ रहे कई लोगों को नई जिंदगी देने वाली जर्मनी की डाक्टर जॉहाना बडविग ने कई साल पहले ने घोषणा कर दी थी कि ट्रांस फैट हमारी सेहत का बड़ा दुश्मन है। लेकिन तेल कंपनियों और सरकार की मिलीभगत के कारण इस पर किसी प्रकार का ध्यान नहीं दिया गया।**

अमेरिका और यूरोप समेत विश्व के अधिकांश देशों ने कई साल पहले जिस खतरनाक ट्रांस फैट पर पूरी तरह पाबंदी लगा दी थी। उस फैट का हमारे यहां अभी भी वनस्पति और रिफांइड तेलों में भरपूर प्रयोग हो रहा है। इस वजह से देश में हृदय, मधुमेह, अल्जाइमर, कैंसर आदि घातक बीमारियां तेजी से पैर पसार रही हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने ट्रांस फैट को हमारे शरीर को दिनभर में मिलने वाली ऊर्जा का एक प्रतिशत हिस्सा से कम रखने की अनुशंसा की है। गैर सरकारी संस्था सेंटर फॉर साइंस एडं इनवायरमेंट (सीएसइ) ने वर्ष 2012 में 30 ब्रांडेड तेलों पर अनुसंधान करके बेहद चौंकाने वाला खुलासा किया था।

सीएसई ने इन तेलों का अपनी प्रयोगशाला में परीक्षण करके कहा था कि हमें रसोई के तेल से धीमा जहर मिल रहा है और हम हर रोज खतरनाक बीमारियों की गिरफ्त में जा रहे हैं। इस संस्था ने इन तेलों में डेनमार्क के अंतर्राष्ट्रीय मानक दो प्रतिशत से कहीं अधिक पांच से 23 प्रतिशत तक ट्रांस फैट की मौजूदगी की पुष्टि की थी। सीएसई की इस पहल के बाद भारतीय खाद्य एवं सुरक्षा मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने तेल कंपनियों के लिए भार से 10 प्रतिशत से कम ट्रांस फैट का मानक तय किया और इसे पांच प्रतिशत लाने के लिए अधिसूचना जारी की गई है। सीएसई के खाद्य एवं सुरक्षा डिविजन के प्रोग्राम मैनेजर अमित खुराना ने बताया कि सरकार ने ट्रांस फैट के बारे में नोटिफिकेशन जारी किया है कि इसे पांच प्रतिशत पर लाना है, लेकिन देखिए कब तक इसे अमल में लाया जाता है। दस से पांच प्रतिशत पर लाए जाने का सरकार का कदम स्वागत योग्य है। इससे हमारे स्वास्थ्य पर काफी फर्क पड़ेगा। लेकिन भविष्य में इसे नीयर जीरो लाना होगा। हमारी मांग है कि खाद्य पदार्थों की पैकेजिंग पर इसकी लेबलिग होनी चाहिए। साफ-साफ अक्षरों में सेचुरेटेड और ट्रांस फैट की मात्रा के बारे में उल्लेख होना चाहिए। हमने बाजार में मौजूद कई नामी-गिरामी कंपनियों के खाद्य तेलों पर अध्ययन किया था और उनमें स्वास्थ्य के लिए बेहद घातक ट्रांस फैट की मौजूदगी पांच से 23 गुना अधिक पाई थी। वर्ष 2012 में हमारे अध्ययन के बाद एफएसएसएआई ने वर्ष 2013 में ट्रांस फैट का लेबल 10 प्रतिशत करने और वर्ष 2015 तक इसे पांच प्रतिशत करने के बारे में नोटिफिकेशन जारी किया था। फिलहाल यह लेबल 10 प्रतिशत है, लेकिन पांच प्रतिशत के लेबल की समय सीमा को बढ़ा कर इस वर्ष फरवरी तक कर दिया गया है। उम्मीद है इस पर गंभीरता से अमल किया जाएगा।

सीएसई की निदेशक ने कहा है कि पी गोपीचंद राष्ट्रीय हीरो इसलिए नहीं हैं कि उन्होंने दो ओलंपिक मेडलिस्ट, साइना नेहवाल और पीवी सिंधु को तैयार किया है। वह इसलिए आदरणीय और सम्मानीय हैं कि सॉफ्ट ड्रिंक के लिए विज्ञापन करने से मना करने वाले वह इकलौते स्पोर्ट्स मैन हैं। सुश्री नारायण के अनुसार दिल्ली उच्च न्यायालय ने वर्ष 2014 में एफएसएसएआई से जंक फूड और प्रसिद्ध हस्तियों से अस्वस्थ्यकर खाद्य एवं पेय पदार्थों के बारे में विज्ञापन के संबंध में गाइडलाइंस तैयार करने को कहा था, लेकिन इस दिशा में कहां कुछ हुआ है। ब्रांड लॉबी की कोशिश होती है कि इस तरह की कोई अच्छी चीज अमल में नहीं आए। स्पेन में बडविग प्रोटोकॉल के तहत कैंसर के खिलाफ वैकल्पिक एवं प्राकृतिक चिकित्सा केन्द्र का संचालन करने वाले डॉक्टर ने बातचीत में कहा कि मानवीय हितों के लिए अद्वितीय काम करने वाली सीएसई ने केवल भारत की जनता की आंखें ही नहीं खोल दीं बल्कि कुंभकर्ण की नींद सो रहे एफएसएसएआई को भी झकझोर कर उठा दिया है। डा. ने कहा कि आपकी सरकार को जागना ही होगा और अपने लोगों की रक्षा करनी ही होगी, क्योंकि एक देश मुट्ठीभर कंपनियों से नहीं, एक-एक नागरिक को मिलाकर बनता है और देश का स्वास्थ्य हर हाल में सर्वोपरि है। उन्होंने बताया कि दिल की बीमारियों समेत कई गंभीर रोगों के लिए जिम्मेदार ट्रांस फैट पर पूरी तरह रोक लगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे देश में स्वास्थ्य मंत्रालय के अधीन फूड सिक्योरिटी एडं न्यूट्रीशन एजेंसी ने वर्ष 2009 में विधेयक का प्रारूप तैयार किया और कानून लाकर देश के बाजार में ट्रांस फैट का मानक अधिकतम दो प्रतिशत तय किया गया है। मेरी इच्छा है कि इस पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया जाए। उन्होंने कहा कि कैंसर की प्राकृतिक चिकित्सा की खोज करने और इसके बाद इस बीमारी से जूझ रहे कई लोगों को नई जिंदगी देने वाली जर्मनी की डाक्टर जॉहाना बडविग ने कई साल पहले ने घोषणा कर दी थी कि ट्रांस फैट हमारी सेहत का बड़ा दुश्मन है। लेकिन तेल कंपनियों और सरकार की मिलीभगत के कारण इस पर किसी प्रकार का ध्यान नहीं दिया गया। दुख की बात है कि आज हमारी हैल्थ केयर सर्विसेज हैल्थ इंडस्ट्री बन चुकी हैं। आज इनका सिद्धांत है कि पहले बीमार करो फिर उपचार करो। और दोनों से कमाओ। पहले 50 रुपये की लागत से बना पिज्जा 500 रुपये में खिलाएंगे और जब हमें कैंसर या कोई दूसरा रोग हो गया तो मुट्ठीभर दवा के हजारों और लाखों वसूलेंगे। उन्होंने कहा कि ट्रांस फैट टॉक्सिक, अखाद्य और कृत्रिम फैट है।

इसे सस्ते तेलों का आंशिक हाइड्रोजिनेशन करके फैक्ट्री में बनाया जाता है। प्राकृतिक तेल और जीव-वसा में प्रायः यह फैट नहीं होता है। यह देखने में घी और मक्खन की तरह होता है और इसकी शेल्फ लाइफ बहुत अधिक होती है, यानि इसमें बने व्यंजन अधिक देर तक चलते हैं। इसको बनाने में लगात भी कम आती है। इसलिए यह बेकरी, हलवाई और प्रोसेस्ड फूड निर्माताओं का मनपंसद फैट है। घरों में इस्तेमाल होने वाले रिफाइंड ऑयल और वनस्पतियों में भी यह फैट होता है। जानी-मानी कंपनियों के नमकीन चिप्स, बर्गर, छोले भटूरे, समासा, कचौड़ी, पकौड़ी, कैंडी, पिज्जा, चॉकलेट, आइसक्रीम आदि में भारी मात्र में ट्रांस फैट पाया जाता है।

# मीठे और वसा से इस तरह प्रभावित होता है आपका मस्तिष्क

आमतौर पर जब किसी बुरी आदत या लत की बात होती है तो हम धूम्रपान या मद्यपान के बारे में सोचते हैं, लेकिन एक ऐसी भी लत है जिसने वयस्कों और बच्चों की बड़ी संख्या को अपनी चपेट में लिया है। यह लत खानपान की लत है। खानपान में भी विशेष रूप से वसा और चीनी से भरपूर भोजन हमें अधिक लुभाते हैं। विशेषज्ञों की मानें तो भोजन की लालसा मात्र एक भावना नहीं है। गौरतलब है कि पिछले कुछ दशकों में हमारा भोजन अति-प्रोसेस्ड हो गया है। इस प्रकार का भोजन शरीर में चीनी और वसा संवेदी ग्राहियों को सक्रिय कर डोपामाइन मुक्त करने का काम करता है। प्रोसेस्ड खाद्य शरीर में कुछ ऐसे परिवर्तन करते हैं जिससे मस्तिष्क इनका अधिक सेवन करने को प्रोत्साहित करने लगता है और लंबे समय तक इनका सेवन शरीर के लिए घातक हो सकता है। विशेषज्ञ खानपान की लत को बारीकी से समझने का प्रयास कर रहे हैं। इसके लिए सबसे पहले तो यह समझना जरूरी है कि भोजन हमारे मस्तिष्क को कैसे प्रभावित करता है।

एक महत्वपूर्ण प्रतिक्रिया मस्तिष्क से डोपामाइन नामक न्यूरोट्रांसमीटर मुक्त होना है। नशीले पदार्थों के समान खाना खाने से भी डोपामाइन मुक्त होता है। आम समझ है कि डोपामाइन आनंद में वृद्धि करता है लेकिन यह सच नहीं है। यह हमें ऐसे व्यवहारों को दोहराने के लिए उकसाता है जो जीवन के लिए जरूरी हैं। जैसे भोजन करना और प्रजनन। जितना अधिक डोपामाइन मुक्त होगा, उस व्यवहार को दोहराने की संभावना उतनी ही अधिक होगी। वसा या चीनी युक्त भोजन का सेवन करने पर हमारे मुंह का सेंसर स्ट्रिएटम को डोपामाइन मुक्त करने का संदेश भेजता है। स्ट्रिएटम मस्तिष्क का एक भाग है जो गतियों और पुरस्कार योग्य व्यवहार से जुड़ा है, लेकिन मुंह के सेंसर द्वारा डोपामाइन मुक्त होना पूरी प्रक्रिया का केवल एक हिस्सा है।

विशेषज्ञों के अनुसार आंत में भी वसा और चीनी के लिए एक द्वितीयक सेंसर होता है और वह भी मस्तिष्क के उसी क्षेत्र को डोपामाइन मुक्त करने का संकेत देता है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि आंत से मस्तिष्क तक चीनी की उपस्थिति का संकेत कैसे पहुंचता है, लेकिन वसा के संकेत का पता लगाया जा चुका है। ऊपरी आंत में वसा का पता लगने पर वैगस तंत्रिका के माध्यम से पश्चौ-मस्तिष्क को संकेत पहुंचता है जो आखिरकार स्ट्रिएटम तक जाता है। यह देखा गया है कि चीनी व वसा से भरपूर खाद्य पदार्थ स्ट्रिएटम में डोपामाइन का स्तर सामान्य से 200 प्रतिशत तक बढ़ा सकते हैं। यह स्तर निकोटीन और शराब द्वारा की जाने वाली वृद्धि के बराबर है। एक अन्य अध्ययन में पाया गया कि शकर ने डोपामाइन के स्तर को 135 से 140 प्रतिशत तक बढ़ाया जबकि वसा ने इस स्तर को 160 प्रतिशत तक बढ़ा दिया था। तुलना के लिए कोकेन ने सामान्य डोपामाइन के स्तर को तीन गुना किया जबकि मेथाम्फेटामिन ने इसे 10 गुना बढ़ाया। जैसे-जैसे हम भोजन और मस्तिष्क के सम्बंध को समझ रहे हैं, वैसे-वैसे भोजन का उत्पादन इस तरह किया जाने लगा है कि हम खुद को रोक न पाएं। हमारे शरीरों को ऐसे खाद्य पदार्थों से पाट दिया गया है जिनमें कुछ विशिष्ट पोषक पदार्थों की मात्रा अत्यधिक है - जैसे शकर, वसा और नए-नए पदार्थों के सम्मिश्रण।

औद्योगिक प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ स्टार्च और हाइड्रोजनीकृत वसा से तैयार किए जाते हैं। इसके अलावा मजेदार स्वाद देने वाले कृत्रिम फ्लेवर, पानी और तेल को घुलनशील रखने वाले इमल्सीफायर और खाद्य सामग्री की संरचना को संरक्षित रखने वाले स्टेबिलाइजर्स ने हमारे भोजन को अधिक आकर्षक तो




बना दिया है लेकिन हमारे स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ भी किया है। विशेषज्ञों के अनुसार अत्यधिक प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों और बुनियादी चीजों से बनाए खाद्य पदार्थों के बीच अंतर करना जरूरी है। यह अंतर आहार सम्बंधी स्वास्थ्य समस्याओं से बचने का पहला कदम हो सकता है। अत्यधिक प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ नशे की तरह काम करते हैं। जितनी तेजी से कोई चीज आपके मस्तिष्क को प्रभावित करती है उतनी ही जल्दी आपको उस चीज की लत लगती है। इसके साथ ही डोपामाइन मुक्त होने की गति को बढ़ाने के लिए कई प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों को पहले से ही थोड़ा पचाया गया होता है। आखिर में इस पूरे मुद्दे में सामाजिक और मनोवैज्ञानिक पहलुओं को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता। प्रोसेस्ड खाद्य सामग्री काफी समय से सुलभ और सस्ती है तथा इसका काफी विज्ञापन भी किया जाता रहा है। लिहाजा, बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं जो जानते हैं कि यह खाद्य सामग्री स्वास्थ्यवर्धक नहीं हैं लेकिन फिर भी वे अपने आपको रोक नहीं पाते हैं। किसी भी पदार्थ या ड्रग की लत के सम्बंध में सहनशीलता और उसे छोड़ने के परिणाम के सिद्धांत का इस्तेमाल किया जाता है। सहनशीलता यानी किसी ड्रग (या भोजन) का इतना आदी हो जाना कि उतना ही प्रभाव प्राप्त करने के लिए इसका और अधिक सेवन करना पड़े।

जबकि छोड़ने के परिणाम का सम्बंध उन शारीरिक और मानसिक लक्षणों से है जो अचानक किसी नशीले पदार्थ का उपयोग बंद या कम करने पर होते हैं। पूर्व में यह माना जाता था कि भोजन की लत वाले लोग खानपान जारी रखते हैं ताकि खुद को उसे छोड़ने की स्थिति जैसे चिंता, मितली और सिरदर्द से बचा सकें। भोजन के मामले में, डोपामाइन की कमी की परिकल्पना यह बताती है कि अगर हम कुछ खाते हैं और इससे पर्याप्त आनंद नहीं मिलता है, तो हम तब तक खाते रहेंगे जब तक वैसा आनंद महसूस नहीं करते, लेकिन भोजन के मानसिक असर को लेकर अभी पूरी स्पष्टता नहीं है। वर्तमान में वैज्ञानिकों के पास इस बाबत उत्तर कम, प्रश्न अधिक हैं कि हमारा शरीर भोजन का आदी कैसे हो जाता है। हम जानते हैं कि डोपामाइन ही सब कुछ नहीं है क्योंकि सिर्फ इसी से भोजन आनंददायक नहीं बनता है। हालांकि शोधकर्ताओं ने वर्ष 2012 के एक अध्ययन में पाया है कि खाना खाने से हमारे अफीमी ग्राही उत्तेजित होते हैं, जो आनंद की भावना को बढ़ाते हैं, लेकिन वैज्ञानिक अभी भी इस प्रक्रिया के बारे में कम ही जानते हैं। कुछ विशेषज्ञों का अनुमान है कि ऊपरी आंत में एक संवेदक हमारे भोजन की पसंद-नापसंद में कुछ भूमिका निभाता है। कई अन्य इसके लिए हायपोथैलेमस को महत्वपूर्ण मानते हैं जो शरीर के तापमान से लेकर भूख के एहसास तक सब कुछ नियंत्रित करता है।

# ममदानी और ट्रम्प की मुलाकात जल्द!

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने संकेत दिया कि वे न्यूयॉर्क शहर के नवनिर्वाचित मेयर से भेंट करने के इच्छुक



■ ट्रम्प मेयर चुनाव के दौरान पिछले कई महीनों से ममदानी पर तीखे हमले कर रहे थे

**फ्लोरिडा।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने संकेत दिया कि वे न्यूयॉर्क शहर के नवनिर्वाचित मेयर जोहरान ममदानी से मुलाकात करने के इच्छुक हैं। ट्रम्प ने कहा कि वे 'कुछ न कुछ रास्ता निकाल लेंगे', राष्ट्रपति ट्रम्प का यह बयान दोनों नेताओं के बीच चल रही सियासी बयानबाजी के बीच आया है।

ट्रम्प पिछले कई महीनों से ममदानी पर तीखे हमले कर रहे थे। वे उन्हें गलत तरीके से 'कम्युनिस्ट' बताते रहे और दावा करते रहे कि अगर ममदानी जीते तो न्यूयॉर्क बर्बाद हो जाएगा। इतना ही नहीं, उन्होंने ममदानी, जो युगांडा में जन्मे और बाद में अमेरिकी नागरिक बने, को देश से निकालने और शहर से संघीय फंडिंग रोकने की धमकी भी दी थी। लेकिन न्यूयॉर्क की राजनीति ने अलग कहानी लिखी। 34 वर्षीय जोहरान ममदानी, जो कभी अपेक्षाकृत अंजान राज्य विधायक थे, सोशल मीडिया के सितारे बने और ट्रम्प की नीतियों के मुखर विरोधी चेहरों में से एक बनकर उभरे। उन्होंने प्रगतिशील नीतियों और ट्रम्प के कठोर प्रवासी-विरोधी रुख के खिलाफ अभियान चलाया। मेयर चुनाव में उन्होंने पूर्व राज्यपाल एंड्रयू कुओमो को करीब 9 प्रतिशत अंकों से हराकर बड़ी जीत हासिल की। अपनी जीत के भाषण में जोहरान ममदानी ने कहा था कि न्यूयॉर्क देश को दिखाएगा कि ट्रम्प की नीतियों का मुकाबला कैसे किया जाता है। लेकिन अगले ही दिन उन्होंने यह भी कहा कि वे शहर के हित के लिए किसी से भी काम करने को तैयार हैं, चाहे वह राष्ट्रपति ही क्यों न हों। जोहरान ममदानी की टीम ने रविवार को ट्रम्प की टिप्पणी पर सीधा जवाब नहीं दिया, लेकिन यह दोहराया कि नवनिर्वाचित मेयर पहले ही संकेत दे चुके हैं कि वे व्हाइट हाउस से संपर्क करेंगे, क्योंकि यह संबंध शहर की सफलता के लिए बेहद महत्वपूर्ण होगा। ट्रम्प ने भी रविवार को इसी सोच को आगे बढ़ाया। उन्होंने कहा कि न्यूयॉर्क के मेयर हमसे मिलना चाहते हैं। हम कुछ न कुछ कर लेंगे। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलीन लेविट ने बाद में स्पष्ट किया कि राष्ट्रपति ममदानी की बात कर रहे थे। अभी बैठक की तारीख तय नहीं हुई है। ट्रम्प ने कहा कि हम चाहते हैं कि न्यूयॉर्क के लिए सब कुछ अच्छा हो।

## यूक्रेन जाने वाली रेलवे लाइन क्षतिग्रस्त

**वारसॉ।** पोलैंड में यूक्रेन की ओर जाने वाली एक रेलवे लाइन के क्षतिग्रस्त होने के मामले में प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने प्रतिक्रिया करते हुए कहा है कि इस मामले में तोड़फोड़ की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। पोलैंड के माजोवीकी वोइवोडीशिप की पुलिस के अनुसार, एक ट्रेन चालक ने मीका रेलवे स्टेशन के निकट, गारवोलिन काउंटी के जर्चिन शहर के पास रेलवे संरचना में गड़बड़ी की सूचना दी। घटना के समय ट्रेन में दो यात्रियों के अलावा कई चालक दल के सदस्य सवार थे। पुलिस ने कहा कि शुरुआती निरीक्षण में पटरी के एक हिस्से को नुकसान होने के कारण ट्रेन को रोकना पड़ा। टस्क ने पुष्टि करते हुए कहा तोड़फोड़ इसका एक संभावित कारण हो सकता है।



नई दिल्ली। खराब वायु गुणवत्ता के बीच पानी का छिड़काव करता 'एंटी-स्मॉग' वाहन।

## रूस ने यूक्रेन के 36 ड्रोन को मार गिराया

**मास्को।** रूसी वायु रक्षा चेतावनी प्रणालियों ने रविवार रात सात क्षेत्रों में 36 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए। रूसी रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। मंत्रालय की ओर जारी बयान में कहा गया है कि पिछली रात, 16 नवम्बर को मॉस्को समयानुसार रात 11:00 बजे से 17 नवम्बर सुबह 7:00 बजे तक वायु रक्षा चेतावनी प्रणालियों ने 36 यूक्रेनी फिक्स्ड-विंग मानवरहित हवाई वाहनों को रोका और नष्ट कर दिया। बयान में कहा गया है कि इनमें से 14 को ब्रांस्क क्षेत्र में, आठ को तांबोव क्षेत्र में, पांच को उल्यानोवस्क क्षेत्र में और चार को वोरोनिश क्षेत्र में मार गिराया गया। इसके अलावा, ओर्योल क्षेत्र में तीन ड्रोन और निजनी नोवगोरोड तथा तुला क्षेत्रों में क्रमशः एक-एक ड्रोन को मार गिराया गया।

## पिता की हत्या, निर्वासन, देश लौटने पर प्रतिबंध से सजा-ए-मौत

# चुनौतियों को चुनौती देते हुए सत्ता में लौटी थीं हसीना!



■ कई दशकों के अपने राजनीतिक अनुभव के साथ शेख हसीना ने जबरदस्त ऊंचाइयां हासिल की हैं
■ हसीना के खिलाफ सभी आरोप बीते साल छात्र आंदोलन के दौरान हुई हिंसा को लेकर थे

**ढाका।** बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को वहां के अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने मानवता के खिलाफ अपराध का दोषी ठहराया है। हसीना को इसी के साथ मौत की सजा सुनाई गई है। गौरतलब है कि उनके खिलाफ सभी आरोप बीते साल छात्र आंदोलन के दौरान हुई हिंसा को लेकर थे। इन्हें सही पाते हुए ट्रिब्यूनल ने सोमवार (17 नवम्बर) को अपना फैसला सुनाया।

गौरतलब है कि शेख हसीना की सरकार के खिलाफ हुए प्रदर्शनों के बीच भड़की हिंसा देखते ही देखते उग्र हो गई थी। इसका असर यह रहा कि हसीना को एक सैन्य हेलीकॉप्टर के जरिए बांग्लादेश छोड़कर भारत आना पड़ा। दूसरी तरफ बांग्लादेश की सेना ने देश में जल्द से जल्द शांति स्थापित करने और अंतरिम सरकार का गठन करवाने पर जोर दिया। चौंकाने वाली बात यह है कि शेख हसीना के साथ यह स्थिति कोई पहली बार नहीं है। अपने पिता शेख मुजीब-उर-रहमान की हत्या से लेकर 2008-09 के हिंसक प्रदर्शनों के बाद भी शेख हसीना के सामने कुछ ऐसी ही स्थिति आई थी। हालांकि, हसीना हर बार चुनौतियों को चुनौती देते हुए सत्ता में लौट आईं। 1947 में जन्मीं शेख हसीना बांग्लादेश की राजनीति का सबसे प्रभावी और विवादित चेहरा भी हैं। कई दशकों के अपने राजनीतिक अनुभव के साथ शेख हसीना ने जबरदस्त ऊंचाइयां हासिल की हैं। साथ ही उनके साथ कई विवाद भी जुड़ते चले गए।

हसीना का जीवन और राजनीति सीधे तौर पर बांग्लादेश के इतिहास और पृष्ठभूमि से जुड़ा हुआ है। उनके पिता शेख मुजीब-उर-रहमान 1971 में बांग्लादेश को पाकिस्तान से आजादी दिलाने वाला चेहरा थे। यानी बांग्लादेश के स्वतंत्रता आंदोलन को शेख हसीना ने करीब से अनुभव किया। इस आंदोलन ने उनकी राजनीतिक विचारधारा को भी आकार देने का काम किया। अपने पिता के शासन के दौरान शेख हसीना ने ईडन कॉलेज में उपाध्यक्ष पद का चुनाव लड़ा और जीत भी हासिल की। इसके अलावा उन्होंने पिता की ही पार्टी में छात्र इकाई का जिम्मा भी संभाला।

हालांकि, 1975 में पिता मुजीब-उर-रहमान और अपने परिवार की हत्या की घटना के बाद हसीना को बांग्लादेश छोड़कर भागना पड़ा था। कई वर्षों तक बांग्लादेश से बाहर रहने के बाद आखिरकार 1980 के दशक में हसीना एक बार फिर देश लौटीं और यहां की हलचल भरी राजनीति में उतरीं। शेख हसीना पर अपने पिता का कितना असर रहा, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने बांग्लादेश में अपने राजनीतिक दल का नाम भी आवामी लीग ही रखा। वे 1981 में पार्टी की अध्यक्ष बनीं और विपक्ष की नेता के तौर पर शुरुआत की। राजनीति में उनकी यही लड़ाई काम आई और आखिरकार 1996 में वे पहली बार बांग्लादेश की प्रधानमंत्री बनीं। उनके पहले कार्यकाल को बांग्लादेश के लिए जबरदस्त सुधारों वाला समय माना जाता है। इस दौरान ही देश में आर्थिक उदारवाद का उदय हुआ। बांग्लादेश में जबरदस्त विदेशी निवेश आया और लोगों के रहन-सहन में भी सुधार हुआ। शेख हसीना के नेतृत्व में बांग्लादेश दुनियाभर में कपड़ा उद्योग में अहम केंद्र बन गया। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी हसीना का खासा जोर रहा। उनकी स्कूल के बच्चों को मुफ्त किताबें मुहैया कराने की योजना ने उन्हें काफी आगे बढ़ाया। हालांकि, इन उपलब्धियों के बावजूद हसीना का कार्यकाल भी विवादों से दूर नहीं रहा। उनके प्रशासन को न्यायपालिका के साथ टकराव के लिए जाना गया। शेख हसीना पर न्यायलयों की स्वतंत्रता और स्वायत्तता के साथ खिलवाड़ करने के भी आरोप लगे। इसके लिए कई देशों ने उनकी आलोचना भी की। दूसरी तरफ विपक्षी दलों ने भी हसीना पर तानाशाही के आरोप लगाए। खासकर इस्लामिक जमात-ए-इस्लामी पार्टी की तरफ शेख हसीना के रुख का कई मानवाधिकार संगठनों ने भी विरोध किया। आखिरकार 2001 में उन्हें विपक्षी पार्टी और विरोधी खालिदा जिया के हाथों हार का सामना करना पड़ा। 2024 में शेख हसीना के साथ जो घटनाक्रम हो रहा है, वह कोई नया नहीं है। कुछ ऐसा ही 2006 में भी हुआ था, जब अक्टूबर में अचानक ही सत्ता पर काबिज बांग्लादेशी नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की सरकार चुनाव का एलान करने के बाद कार्यवाहक शासन की तरफ चली गई थी। इस दौरान शेख हसीना सरकार ने बीएनपी सरकार पर बांग्लादेश के चीफ जस्टिस की सेवा. निवृत्ति की उम्र को असंवैधानिक तरीके से बढ़ाने का आरोप लगाया था। इस घटनाक्रम ने देखते ही देखते हिंसक रूप ले लिया और आवामी लीग के नेतृत्व में पूरे देश में जबरदस्त प्रदर्शन हुए। हालांकि, बाद में सेना ने 2007 में कार्यवाहक सरकार का समर्थन किया।

## शेख हसीना पर आरोप और आगे के रास्ते

**ढाका।** बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को मानवता के खिलाफ अपराध के मामले में दोषी करार दिया गया है। विशेष न्यायाधिकरण ने पूर्व पीएम को सभी पांचों मामलों में दोषी ठहराते हुए फांसी की सजा सुनाई है। बांग्लादेश के 'अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण' ने शेख हसीना और पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमान खान कमाल और पूर्व आईजीपी चौधरी अब्दुल्ला अल मामून के खिलाफ मामलों की सुनवाई पूरी कर सजा का एलान किया। अदालत के फैसले को लेकर बांग्लादेश में तनाव का माहौल है और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग ने बंद का एलान किया है। शेख हसीना और अन्य पर आरोप था कि उन्होंने छात्र आंदोलन को कुचलने की कोशिश की और उनके नेतृत्व में जुलाई 2023 में सुरक्षा कार्रवाई में 1400 लोग मारे गए। अभियोजन पक्ष ने शेख हसीना को हिंसा के पीछे का मास्टरमाइंड बताते हुए मौत की सजा की मांग की थी। वहीं शेख हसीना और उनकी पार्टी का दावा है कि राजनीतिक प्रतिशोध के चलते उनके खिलाफ ये मुकदमें दर्ज किए गए। आइए जानते हैं कि शेख हसीना के खिलाफ कौन से थे वे पांच आरोप, जिनमें उन्हें मौत की सजा सुनाई गई। पहला आरोप-अभियोजन पक्ष ने शेख हसीना और अन्य पर हत्या, हत्या के प्रयास, यातना और अन्य अमानवीय कृत्यों का आरोप लगाया। साथ ही शेख हसीना और अन्य पर अवामी लीग और सशस्त्र बलों द्वारा नागरिकों के विरुद्ध किए गए इन अपराधों को बढ़ावा देने, भड़काने, सुगम बनाने, इनमें सहभागी होने और रोकने में विफल रहने का भी आरोप लगाया गया।

## ब्रिटेन लगाएगा अंगोला नामिबिया और कांगो पर वीजा प्रतिबंध!

**लंदन।** प्रवासियों की वापसी के मामले में अफ्रीकी देश के ब्रिटेन के साथ सहयोग नहीं करने की वजह से ब्रिटेन अंगोला, नामीबिया और कांगो के निवासियों के वीजा पर प्रतिबंध लगा सकता है। ब्रिटिश अखबार द टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार अवैध रूप से ब्रिटेन आए प्रवासियों को वापस लेने से इनकार करने पर सजा के तौर पर ब्रिटेन के वीजा प्रतिबंधों का सामना करने वाले पहले देशों की घोषणा सोमवार को गृह सचिव शबाना महमूद द्वारा की जाएगी। समाचार पत्र के अनुसार, जब तक अफ्रीकी देशों की सरकारें निर्वासन पर सहयोग में नहीं करतीं, तब तक ये प्रतिबंध लागू रहेंगे। रिपोर्ट के अनुसार निर्वासित प्रवासियों की वापसी के मामले में लंदन के साथ सहयोग करने में अफ्रीकी सरक. ारों की अनिच्छा के कारण ब्रिटेन, अंगोला, नामीबिया और कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य के निवासियों के लिए वीजा पर प्रतिबंध लगा सकता है। इन अफ्रीकी देशों ने ब्रिटेन से 4000 से जयादा अवैध प्रवासियों और विदेशी अपराधियों को वापस लेने से मना कर दिया है। ये देश ब्रिटेन द्वारा इस तरह के उपायों के अधीन होने वाले पहले देश होंगे।

# भारतीयों के पलायन ने अमेरिकी विवि की हिली नींव

■ एच-1बी वर्क परमिट की लाटरी प्रणाली ने भी परिवारों का भरोसा कमजोर किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका में भारतीय छात्रों की संख्या में आई ऐतिहासिक गिरावट ने साफ कर दिया है कि दुनिया की सबसे बड़ी शिक्षा अर्थव्यवस्था अब अपने पुराने भरोसे को खो रही है। वीजा प्रक्रिया की बढ़ती जटिलताओं, सख्त सुरक्षा जांच और एच-1बी वर्क परमिट की अनिश्चितता ने भारतीय परिवारों को गहरी चिंता में डाल दिया है।

इसका सीधा असर यह हुआ है कि भारतीय छात्र अब बड़ी संख्या में अमेरिका से मुंह मोड़कर कनाडा, ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया और यूरोप का रुख कर रहे हैं। इंस्टीटयूट फार इंटरनेशनल एजुकेशन (आईआईई) की प्रारम्भिक ओपन डोर्स रिपोर्ट 2025 और अमेरिकी विश्वविद्यालयों के आंतरिक सर्वेक्षण बताते हैं कि 2024-25 सेशन तक भारतीय छात्रों का नामांकन अमेरिका में लगभग 70 फीसदी गिर गया है। बीते वर्ष जहां करीब 375800 भारतीय छात्र वहां पढ़ रहे थे, वहीं इस वर्ष यह संख्या घटकर करीब 112000 पर आ गई है। पिछले 15 वर्षों में यह सबसे तेज गिरावट है, जिसने अमेरिकी कैंपस की आर्थिक नींव तक हिला दी है। आईआईई के अनुसार वीजा स्लाट की कमी, इंटरव्यू की लंबी प्रतीक्षा और छोटी दस्तावेजी त्रुटि पर भी तुरंत रिजेक्शन भारतीय छात्रों के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन गए हैं। सुरक्षा जांच इतनी कड़ी हो चुकी है कि कई छात्रों को दो-दो बार इंटरव्यू देना पड़ रहा है। एच-1बी वर्क परमिट की लाटरी प्रणाली ने भी परिवारों का भरोसा कमजोर किया है। एमआईटी और कार्नेगी मेलान जैसे शीर्ष संस्थानों में भारतीय छात्रों की उपस्थिति में 60-70 प्रतिशत तक गिरावट दर्ज की गई है। स्टूडेंट वीजा मानिटरिंग नेटवर्क (एसवीएमएन) के मुताबिक अब भारतीय छात्रों के लिए अमेरिका पहला विकल्प नहीं रहा।

## इजरायली टैंक ने संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों को बनाया निशाना

**बेरूत।** लेबनान में इजराईली सेना के मर्कवा टैंक से दागे गए गोले की जद में संयुक्त राष्ट्र अंत. रिम बल आ गया। यूएनआईएफआईएल के अनुसार भारी गोलाबारी ब्लू हेलमेट से मात्र पांच मीटर की दूरी पर हुई, जिससे गश्ती दल को आसपास के इलाके में छिपना पड़ा।

मिशन के प्रतिनिधियों ने तुरंत स्थापित संचार माध्यमों के जरिए इजरायली रक्षा बलों से संपर्क किया और गोलीबारी रो. कने का अनुरोध किया। इसके बाद गोलाबारी रूकी और संयुक्त राष्ट्र का गश्ती दल लगभग आधे घंटे बाद सुरक्षित निकल सका। संयुक्त राष्ट्र की ओर से जारी बयान में कहा गया कि सौभाग्य से कोई भी घायल नहीं हुआ। संरा ने इस घटना को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 1701 का गंभीर उल्लंघन बताया। इस प्रस्ताव को 2006 में इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच संघर्ष को समाप्त करने के लिए अपनाया गया था।

इजरायल ने दावा किया है कि हमला 'खराब मौसम की स्थिति' के कारण हुआ और संयुक्त राष्ट्र के गश्ती दल को गलती से खतरे के रूप में पहचान लिया गया था। गौरतलब है कि यह तीन महीनों में तीसरी ऐसी घटना, जब संरा शांति मिशन के लिए खतरा उत्पन्न हुआ है। इससे पहले दो सितम्बर को, आईडीएफ के ड्रोन ने ब्लू लाइन के किनारे सड़क अवरोधों को साफ कर रहे संरा कर्मियों के पास ग्रेनेड गिराए थे और 26 अक्टूबर को एक इजरायली ड्रोन ने फिर से संयुक्त राष्ट्र के गश्ती दल को निशाना बनाया था।

# ट्रम्प की सख्ती से भारत की बढ़ेंगी मुश्किल

## रूस से व्यापार करने वाले देशों पर प्रतिबंध लगाने का कानून ला रही ट्रम्प सरकार


■ रूस के व्यापारिक साझेदार देश यूक्रेन युद्ध को वित्तपोषित करने के लिए जिम्मेदार हैं खासकर रूस से कच्चा तेल और गैस खरीदने वाले देश: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिका का ट्रम्प प्रशासन जल्द ही एक नया कानून बनाने जा रहा है, जिसके तहत रूस से व्यापार करने वाले देशों पर कड़े प्रतिबंध लगाए जाएंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भी इसे समर्थन दे दिया है।

मीडिया से बात करते हुए राष्ट्रपति ट्रम्प ने बताया कि उनकी पार्टी एक विधेयक लाने जा रही है, जिसके तहत रूस से व्यापार करना किसी भी देश के लिए बेहद मुश्किल हो जाएगा। ट्रम्प ने कहा कि रूस के व्यापारिक साझेदार देश यूक्रेन युद्ध को वित्तपोषित करने के लिए जिम्मेदार हैं, खासकर रूस से कच्चा तेल और गैस खरीदने वाले देश। ट्रम्प ने कहा कि रिपब्लिकन पार्टी ऐसा विधेयक लाने जा रही है, जिसमें रूस से व्यापार करने वाले देशों पर काफी कड़े प्रतिबंधों का प्रावधान है। रूस से व्यापार करने वाले देशों में भारत और चीन शामिल हैं। ऐसे में अमेरिका के इस नए कानून से भारत की परेशानी बढ़ सकती है। अमेरिका पहले ही भारत पर रूस से तेल खरीदने के लिए अतिरिक्त टैरिफ लगा चुका है। अमेरिका का मानना है कि रूस के यूक्रेन युद्ध को वित्तपोषित करने में भारत और चीन का प्रमुख योगदान है। नए कानून के तहत भारत और चीन के अलावा ईरान की भी परेशानी बढ़ सकती है। एक तरफ अमेरिका रूस से व्यापार करने वाले देशों के खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी कर रहा है। वहीं दूसरी तरफ भारत और रूस के बीच व्यापार लगातार बढ़ रहा है। साल 2030 तक दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाकर 100 अरब डालर करने का लक्ष्य तय किया है। भारत और रूस के बीच इंडिया-यूरेशियन इकानोमिक यूनियन मुक्त व्यापार समझौता हो सकता है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के अनुसार, अगर अमेरिका का यह विधेयक पारित हो जाता है, तो ट्रम्प उन देशों से आयात पर 500 प्रतिशत तक शुल्क लगा सकेंगे जो रूस से कच्चा तेल या गैस खरीदते हैं।

# ड्रग ले जा रही बोट पर अमेरिका का हवाई हमला

## 75 दिनों में 21वां हमला, अब तक 83 मौतें, ट्रम्प ने उड़ाने का आदेश दिया था



■ ट्रम्प प्रशासन ने इन हमलों को अमेरिका में ड्रग्स सप्लाई रोकने के लिए जरूरी कदम बताया

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने शनिवार को पूर्वी प्रशांत महासागर में एक ड्रग तस्करी करने वाली नाव पर हवाई हमला किया, जिसमें तीन लोग मारे गए। अमेरिकी सेना ने रविवार को यह जानकारी दी।

यह सितम्बर की शुरुआत से अब तक अमेरिकी सेना का ड्रग नावों पर किया गया 21वां हमला है। आंकड़ों के अनुसार, इन हमलों में अब तक 83 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के मुताबिक ये हमले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के आदेश पर हो रहे हैं। ट्रम्प प्रशासन ने इन हमलों को अमेरिका में ड्रग्स सप्लाई रोकने के लिए जरूरी कदम बताया। न्याय विभाग ने इन हमलों को सही ठहराया है और कहा गया है कि इन आपरेशनों में शामिल अमे. रिकी सैनिकों को मुकदमा चलाने से छूट मिलेगी। अमेरिकी दक्षिणी कमान ने रविवार को हमले का वीडियो भी सोशल मीडिया एक्स पर जारी किया। वीडियो में विस्फोट दिख रहा है, जिससे नाव के परखच्चे उड़ गए। हमले के तुरंत बाद बोट में आग लग गई। मारे गए लोगों की राष्ट्रीयता या पहचान की जानकारी नहीं दी गई। इससे पहले ट्रम्प ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा था कि मेरे आदेश पर अमेरिकी सेना ने ड्रग तस्करी करने वाले कार्टेल और नार्को टेररिस्ट पर स्ट्राइक की। ये लोग वेनेजुएला से नशीले पदार्थ अमेरिका की ओर ले जा रहे थे। अमेरिका ने 10 नवम्बर को भी पूर्वी प्रशांत महासागर में दो संदिग्ध नावों पर हवाई हमला किया। अमेरिका के रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने बताया कि ये नाव ड्रग्स लेकर जा रहे थे। इसमें 6 लोग मारे गए थए। हेगसेथ ने एक्स पर पोस्ट किया कि ये नावें आतंकवादी संगठनों से जुड़ी थीं और कोकीन तस्करी कर रही थीं। अमेरिका ने 10 नवम्बर को ड्रग्स ले जा रही नावों पर हवाई हमला किया था। वेनेजुएला की ड्रग संगठन 'कार्टेल डे लोस सोल्स' आतंकवादी संगठन घोषित। अमेरिकी कांग्रेस के सांसदों, मानवाधिक. ार संगठनों और सहयोगी देशों ने इन हमलों की वैधता पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि युद्ध क्षेत्र से बाहर हमले करने का कानूनी आधार साफ नहीं है। ट्रम्प प्रशासन का कहना है कि उसके पास पूर्ण कानूनी अधिकार हैं। विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने रविवार को वेनेजुएला की ड्रग संगठन 'कार्टेल डे लोस सोल्स' को 'विदेशी आतंकवादी संगठन' घोषित किया। इससे अमेरिका में इस ग्रुप को किसी भी तरह की मदद देने वाला अपराधी माना जाएगा।

## कांगो में खदान ढहने से 80 की मौत, कई लोगों के फंसे होने की आशंका

**किशासा।** दक्षिण-पूर्वी कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डीआरसी) में शनिवार को एक खदान ढह गया। हादसे में कम से कम 80 लोगों की मौत हो गई। कई लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। एक अधिकारी ने रविवार को घटना की जानक. ारी दी। यह हादसा लुआलाबा प्रांत के मुलोंडो में कलांडो खदान में हुई। प्रांत के गृह मंत्री राय कौम्बा मायोंडे ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया कि भारी बारिश और लैंडस्लाइड के खतरे के कारण खदान में जाने पर बैन लगा था। इसके बावजूद अवैध माइनिंग करने वाले खदान में जबरन खदान में घुस गए थे। डीआरसी की सरकारी एजेंसी एसईएएमएपीई की रिपोर्ट में कहा गया है कि घटनास्थल पर सैनिकों की फायरिंग से माइनिंग करने वालो में दहशत फैल गई और वे खदान के ऊपर पुल की ओर दौड़ पड़े, जिससे पुल ढह गया। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें खदान के नीचे कई लोग खड़े दिखे।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108